

04:08:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 212
epaper.rashtriyakhabar.com
श्रावण (अधिक), कृष्णपक्ष तृतीया, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

परं क्षिपति दोषेण वर्तमानः स्वयं तथा।
यश्च कुध्यत्यनीशानः स च मूढतयो नरः॥

भावार्थ : जो अपने दोषों को दूसरों में फैला देता है, खुद शक्तिहीन होते हुए भी शक्तिशाली पर गुस्सा करता है वह महामूर्ख कहा जाता है।

### रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 25.00 °c | 22.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18 .29 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05 .20 बजे

## फर्जी खबर देने वाले पर कार्रवाई के लिए बने कानून

**नयी दिल्ली:** डिजिटल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के बीच आज राज्यसभा में गलत और फर्जी खबर देने वाले डिजिटल एवं वेब मीडिया के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने का प्रावधान किये जाने की मांग की गयी। बीजू जनता दल की सुलता रिपीट सुलता देव ने सदन में प्रेस एवं नियत कालिक पत्रिका पंजीयन विधेयक 2023 पर चर्चा की शुरूआत करते हुये यह मांग की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया के साथ ही डिजिटल मीडिया को भी गति मिली है और अब बड़े पैमाने पर डिजिटल और वेब मीडिया आया है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से सही खबर दिया जाता है जो उचित है लेकिन कुछ वेब मीडिया गलत और फर्जी खबर देते है। कभी कभी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को लेकर भी फर्जी और गलत खबर दे दी जाती है।

## फ्रांसीसी समाचार एजेंसी ने ट्विटर से मुनाफा मांगा

**पेरिस:** फ्रांस की एक समाचार एजेंसी ने कॉपीराइट मामले को लेकर माइक्रोब्लागिंग साइट ट्विटर के खिलाफ याचिका दायर की है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक यह याचिका बुधवार को दायर की गयी। याचिका में कहा गया है कि मीडिया समूहों की रिपोर्ट और तस्वीरें लंबे समय से ट्विटर , फेसबुक और गूगल जैसे प्लेटफार्मों पर प्रदर्शित की जा रही है इसलिए उन्हें भी मुनाफे का एक हिस्सा मिलना चाहिए। याचिका में 2019 के यूरोपीय संघ के उस कानून का हवाला दिया गया है जिसमें पड़ोसी अधिकार व्यवस्था के तहत सामग्री साझा करने के लिए भुगतान को तर्कसंगत ठहराया गया था और गूगल और फेसबुक ने कुछ फ्रांसीसी मीडिया आउटलेट्स को भुगतान करने के लिए सहमति जतायी। फ्रांसीसी समाचार एजेंसी ने अरबपति टाइकून एलोन मस्क के स्वामित्व वाले ट्विटर की ओर से ऐसा कोई भुगतान नहीं किये जाने और इससे इंकार किये जाने का आरोप लगाया है।

## कनाटा के पीएम का 18 साल बाद तलाक

**ओटावा:** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो (51) और उनकी पत्नी सोफी (48) ने आपसी सहमति से शादी के 18 वर्ष बाद तलाक लेने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा गुरुवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। श्री ट्रूडो कनाडा के दूसरे प्रधानमंत्री होंगे, जो इस पद पर रहते हुए तलाक ले रहे हैं। इससे पहले, उनके पिता पियरे ट्रूडो ने प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए, वर्ष 1984 में पत्नी मर्गेरेट से तलाक लिया था। श्री जस्टिन और श्रीमती सोफी के तीन बच्चे हैं। दोनों के तलाक की खबर सुनकर लोग हैरान हैं, क्योंकि इस जोड़ी को लोगों ने खूब सराहा था। श्री ट्रूडो और उनकी पत्नी ने व्यापक चर्चा और काफी विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया।

## रोबोट की मदद से गॉलब्लैडर सर्जरी

**नयी दिल्ली:** दिल्ली के एक निजी अस्पताल के चिकित्सकों ने रोबोट की मदद से एक जटिल गाल ब्लैडर सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। फोर्टिस अस्पताल शालीमार के रोबोटिक- लैप जीआई ओंकोलॉजी, बेरियाट्रिक एंड मिनीमल इन्वेसिव सर्जरी के प्रधान निदेशक एवं विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन ने गुरुवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि 36 वर्षीय महिला का गॉल ब्लैडर आसपास फैली छोटी आंत एवं बड़ी आंत में बुरी तरह से फंसा हुआ था और बाइल डक्ट भी फंसी थी। डॉ जैन ने बताया कि पीड़ित महिला का सीटी स्कैन और पेट स्कैन किया गया और रोबोट की मदद से उनका गालब्लैडर निकालने का फैसला किया गया। उन्होंने बताया कि महिला का इलाज समय पर इलाज न किया जाता तो गालब्लैडर आसपास के अंगों से और चिपक सकता था।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट को लगा पलीता

## मध्य प्रदेश : टाईगर जिंदा हैं तो खुश, चीतों की मौत पर खामोशी

▶▶ बड़ा सवाल कि टाईगर बढ़े, चीते घटे क्यों?

▶▶ 11 महीने में बीमारी से मरे लाये गये 9 चीते

▶▶ कई अफसर अब बोलने से भी कतरा रहे हैं

**डॉ नवीन आनंद जोशी**

**भोपाल:** हाल ही में केंद्र सरकार ने बाघों की गणना करते हुए मध्य प्रदेश को फिर से टाईगर स्टेट का ताज पहनाया है, वहीं दूसरी तरफ राज्य के कूनो नेशनल पार्क में अफ्रीका से लाए गए चीते बीमारी के चलते एक-एक करके दम तोड़ रहे हैं। संयोग देखिये कि टाइगर स्टेट के दर्जा मिलने पर मप्र सरकार बल्लियां उछल रही है और चीतों की मौत पर जिम्मेदारों के घड़ियाल आंसू भी नहीं निकल पा रहे है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है कूनो



नेशनल पार्क में चीतों का विचरण। 17 सितंबर 2022 को नरेंद्र मोदी ने अपने जन्मदिन के दिन नामीबिया से आठ चीते बड़ी उम्मीद के साथ छोड़े थे ,उसके बाद इस साल 18 फरवरी को 12 और चीते बाड़े में उतारे गए। कुल जमा 20 चीतो में से अब तक 9 की मौत हो चुकी है। इसे प्रबंधन की नाकामी कहें या वातावरण का दुष्प्रभाव केवल 11 महीने के अल्पकाल में ही 9 सीटों ने अभ्यारण को अलविदा कह दिया। जानकारी के अनुसार कल 6 वयस्क और तीन शावक चीतों की मौत अब तक हो चुकी है। सबसे पहले चीते की मौत 26 मार्च को हुई थी यह मादा चीता साशा भारत में लाने के बाद किडनी इन्फेक्शन का शिकार हुई थी। इसके अगले ही दिन एक और मादा ज्वाला ने चार शावकों को जन्म दिया और दुनिया से चल बसी। 23 अप्रैल 2023 को नर चीता उदय की मौत हार्ट अटैक से हुई। मप्र के वाइल्ड लाइफ वार्डन

›› पेज 2 भी देखें

प्रहार › दिल्ली विधेयक लाने के पक्ष में दलीलें दी अमित शाह ने

# विपक्ष ने बताया संघीय व्यवस्था के लिए खतरा

▶▶ केंद्र सरकार को इतनी जल्दबाजी क्यों है

▶▶ ऐसे फैसलों का नुकसान पूरा देश भोगेगा

▶▶ निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का कद कम होगा

**राष्ट्रीय खबर**



**नयी दिल्ली:** लोकसभा में कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक 2023 को संघीय ढांचे पर प्रहार करार देते हुए कहा है कि सरकार की मंशा राज्यों की प्रशासनिक व्यवस्था पर हस्तक्षेप की है इसलिए यह विधेयक लेकर वह आई है और अब उसका लक्ष्य इसी तरह से मनमानी कर संघीय ढांचे पर हमला जारी रखने की है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने विधेयक पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि वह केंद्र सरकार की मंशा को समझते हैं। सरकार मनमानी कर रही है और इसी का परिणाम है कि यह विधेयक लेकर सरकार संसद में आई है और सरकार की इसी मंशा को देखते हुए वह विधेयक का विरोध कर रहे हैं। सरकार की इस तरह की मनमानी का खामियाजा आने वाले समय में देश को भुगतना पड़ेगा और जो मनमानी की जा रही है उससे देश की संघीय व्यवस्था को नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के कानून बनने से दिल्ली में नौकरशाही की नकेल केंद्र सरकार के हाथ में आ जाएगी और ऐसा होने पर चुने हुए प्रतिनिधियों की शक्ति खत्म हो जाएगी। उनका कहना था कि जब सरकार सारा काम नौकरशाही पर छोड़ देगी और चुने हुए प्रतनिधियों को महत्व नहीं दिया जाएगा तो इससे लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा हो जाएगा।

इससे पहले विधेयक पेश करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि यह विधेयक देश हित में और दिल्ली की जनता के हित में है इसलिए सभी दलों को राजनीति से ऊपर उठकर तथा अपने गठबंधन में किसी तरह की फूट की चिंता किए बिना यह विधेयक पारित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का खुद पंडित नेहरू, सरदार पटेल, चक्रवर्ती राजगोपालाचारी, बाबा साहेब अम्बेडकर जैसे महान विभूतियों ने दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का विरोध किया थ जबकि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की एक समिति ने सिफारिश की थी।

बीजू जनता दल के पिनाकी मिश्रा ने कहा कि उनकी पार्टी इस विधेयक का समर्थन करती है। उन्होंने विपक्षी दलों द्वारा बीजद पर कटाक्ष करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हम कब से उनकी

›› पेज 2 भी देखें

चुनाव जीतने के लिए ट्रंप ने जालसाजी की और लोगों को उकसाया

## संघीय अदालत में पूर्व राष्ट्रपति पर गंभीर आरोप

**राष्ट्रीय खबर**



**वाशिंगटन:** 2020 के चुनाव में वह हार स्वीकार नहीं कर सके। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने समर्थकों को अलग-अलग तरीकों से भड़काया। उन्होंने नतीजे बदलने की भी कोशिश की। ऐसे में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति पर 4 मामलों में आरोप लगाए गए। उन पर पिछला राष्ट्रपति चुनाव हारने के बाद तलबाहाना से कांग्रेस पर हमले के लिए उकसाने का आरोप है। हालाँकि, इस बीच, ट्रम्प 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में लड़ने की उम्मीद कर रहे थे। हालांकि माना जा रहा है कि लगातार कानूनी पेचीदगियों के कारण उनका यह सपना टूट सकता है। और जब से उन पर 4 मामलों में आरोप लगे तो उनका सफर और भी मुश्किल हो गया।

ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने अमेरिका को धोखा देने की साजिश रची। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने की कोशिश की। फिर उन्होंने चुनाव में बाधा डाली। और आखिरकार उसने अपने अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए साजिश रची। ट्रंप को गुरुवार को संघीय अदालत में पेश होने का आदेश दिया गया है। इस मामले में 45 पन्नों की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गई है। ट्रम्प के अलावा, छह अज्ञात व्यक्तियों (चार वकील, एक न्याय विभाग के अधिकारी और एक राजनीतिक सलाहकार) को साजिशकर्ताओं के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। कथित तौर पर ट्रंप ने तत्कालीन उपराष्ट्रपति और सीनेट चेयरमैन माइक पेंस को समझाने की कोशिश की ताकि जीत का सर्टिफिकेट बाइडेन के पास न जाए लेकिन वह असफल रहे।

बता दें कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ 40 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप को रिश्वतखोरी का दोषी पाया गया था। और इस बार ट्रंप पर अमेरिकी सरकार के गुप्त दस्तावेज चुराने के मामले में आरोप लगा। गौरतलब है कि ट्रंप पर चुनाव हारने और पद छोड़ने के

›› पेज 2 भी देखें

मणिपुर में हिंसा के दौरान लूटे गए 4600 हथियार, 3400 अभी भी रिकवर नहीं हुए

## इंफाल पश्चिम के सेनजाम चिरांग में फिर गोलीबारी, 10 घायल

▶▶ इंफाल और बिष्णुपुर जिला में पूरा कर्फ्यू लगाया

▶▶ आस पास के इलाकों से भी फायरिंग की खबर

▶▶ सुरक्षा बलों ने स्मोक बाम का इस्तेमाल किया

**भूपेन गोस्वामी**



**गुवाहाटी :** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में तीन अगस्त को तड़के दोनों पक्षों की ओर से भारी गोलीबारी की सूचना मिलने के बाद हिंसा की एक ताजा घटना भड़क उठी।सूत्रों ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के सेनजम चिरांग में आज सुबह करीब पांच बजे गोलीबारी शुरू हो गई।एक विश्वसनीय सूत्र के अनुसार, मुठभेड़ के दौरान दस लोगों के घायल होने की खबर है, जिसमें ग्राम रक्षा सुरक्षा बल का एक जवान, 8 अन्य आम जनता और मणिपुर पुलिस का एक जवान शामिल है। इस बीच, मणिपुर में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है क्योंकि हिंसा प्रभावित राज्य के आसपास के इलाकों से रुक-रुक कर गोलीबारी, आगजनी की घटनाएं सामने आ रही हैं। दूसरी ओर, मणिपुर के बिष्णुपुर जिले और इंफाल शहर में भी 3 अगस्त को हिंसा की ताजा घटना भड़क उठी। सूत्रों के अनुसार, बदमाश कथित तौर पर हथियार लूटने के लिए इंफाल शहर में स्थित दूसरी मणिपुर राइफल्स (एमआर) के बाहर इकट्ठा हुए हैं।

इसके अलावा, सूत्रों ने यह भी कहा है कि बिष्णुपुर जिले के

›› पेज 2 भी देखें

## पाकिस्तान में नीची उड़ान पर ईयू ने प्रतिबंध लगाया

**राष्ट्रीय खबर**



**बर्लिन:** अब एक बेहद सनसनीखेज बात सामने आई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, यूरोपियन यूनियन एविएशन सेफ्टी एजेंसी (ईएएसए) ने पाकिस्तान में लाहौर और कराची के ऊपर एफएल 260 से नीचे उड़ान न भरने की सलाह दी है। ध्यान दें कि एफ एल का मतलब उड़ान ऊंचाई या उड़ान के दौरान विमान की ऊंचाई है। इस मामले में, एफएल 260 का मतलब 26,000 फीट से नीचे नो-फ्लाई एडवाइजरी है। मूल रूप से, एजेंसी ने पाकिस्तान में मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए एडवाइजरी जारी की। समें कहा गया है कि क्षेत्र में विमानों पर विमानन-विरोधी हथियारों से हमला किया जा सकता है। हालाँकि, यह सलाह गैर बाध्यकारी स्तर पर है। इसका मतलब है कि एयरलाइंस इसका पालन करने के लिए बाध्य नहीं हैं। हालाँकि, ईएएसए ने अपने नवीनतम सलाह नोट में कहा, नागरिक उड्डयन के लिए लगातार खतरे हैं। इसलिए एफएल 260 से नीचे की ऊंचाई पर विमान उड़ाने में बहुत जोखिम है। इस बीच, ईएएसए ने एयर ऑपरेटरों को जोखिम का आकलन करते समय इस और अन्य जानकारी पर विचार करने की सलाह दी है। इसके अलावा, ईएएसए ने पिछले साल जारी फ्रांसीसी और जर्मन एयर ऑपरेटरों को भी इसी तरह की सलाह का हवाला दिया। इस संदर्भ में बता दें कि कंपनी ने पिछले साल नवंबर में भी इसी तरह की एडवाइजरी जारी की थी। यह सभी ऑपरेटरों को सलाह देता है कि पाकिस्तान के ऊपर से उड़ान भरते समय अत्यधिक सावधानी बरतें और 24,000 फीट से नीचे उड़ान न भरें।

गौरतलब है कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान जैसे आतंकी संगठनों के सक्रिय होने के बाद पाकिस्तान में सुरक्षा स्थिति खराब हो गई है।

›› पेज 2 भी देखें

अनुसंधान › बिजली चालित वाहनों के लिए शोध से अच्छी खबर मिली

# दरारों से कम हो जाती है बैटरी चार्जिंग का समय

▶▶ पहले ऐसी दरारों को गलत माना गया था

▶▶ नई विधि से बैटरी 15 मिनट में चार्ज होगी

▶▶ इस्तेमाल से पहले गहन जांच अभी जारी है

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** बदलते परिवेश में अब लोग भी पर्यावरण असंतुलन के खतरों को न सिर्फ समझ रहे हैं बल्कि उसे अपने स्तर पर महसूस भी कर रहे हैं। नतीजा है कि पर्यावरण से सबसे अधिक छेड़खानी करने वाले देश चीन में बारिश ने 140 वर्षों का रिकार्ड तोड़ दिया। इसी तरह यूरोप और जापान में भीषण गर्मी पड़ रही है। इन्हीं कारणों से पेट्रोलजनित ईंधनों के बदले बिजली चालित वाहनों की मांग बढ़ रही है। इस बारे में गड़बड़ी सिर्फ यह है कि बिजली चालित वाहनों में लगने वाली बैटरियों को चार्ज होने में बहुत अधिक समय लगता है। अब नये शोध ने इस परेशानी से मुक्ति दिलाने का रास्ता दिखलाया है। मिशिगन

›› पेज 2 भी देखें

### इस विशेष अध्ययन में 21 कणों को मापा गया

परीक्षण में देखा गया कि प्रत्येक कतार में 100 माइक्रोइलेक्ट्रोड तक के साथ एक कस्टम-डिजाइन, 2-बाई-2 सेंटीमीटर चिप है। चिप के केंद्र में कुछ कैथोड कणों को बिखेरने के बाद, मिन ने मानव बाल की तुलना में लगभग 70 गुना पतली सुई का उपयोग करके एकल कणों को सरणी पर अपने स्वयं के इलेक्ट्रोड पर ले जाया। एक बार जब कण अपनी जगह पर आ गए, तो मिन सरणी पर एक समय में चार अलग-अलग कणों को एक साथ चार्ज और डिस्चार्ज कर सकता था। इस विशेष अध्ययन में 21 कणों को मापा गया। प्रयोग से पता चला कि कैथोड कणों की चार्जिंग गति उनके आकार पर निर्भर नहीं करती है। ली और मिन सोचते हैं कि इस अप्रत्याशित व्यवहार के लिए सबसे संभावित स्पष्टीकरण यह है कि बड़े कण वास्तव में टूटने पर छोटे कणों के संग्रह की तरह व्यवहार करते हैं। एक और संभावना यह है कि लिथियम आयन सीमाओं में बहुत तेजी से चलते हैं ली का मानना है कि यह तब तक संभव नहीं है जब तक कि बैटरी का इलेक्ट्रोलाइट - तरल माध्यम जिसमें लिथियम आयन चलते हैं - इन सीमाओं में प्रवेश नहीं करता, जिससे दरारें नहीं बनतीं। इसलिए ऐसी बैटरियों में दरार पैदा कर चार्जिंग का समय कम करने के नफा नुकसान का अब आकलन किया जा रहा है।

## सूखा पीड़ित मैक्सिको में कृत्रिम बारिश की कोशिश जारी

**राष्ट्रीय खबर**



**मेक्सिको:** यह पूरा इलाका यानी मेक्सिको भयंकर सूखे की चपेट में है, जिससे फसलें बर्बाद हो गई हैं, पानी की कमी हो गई है और खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ गई हैं, सरकार एक विवादास्पद तकनीकः क्लाउड सीडिंग की ओर रुख कर-के बेहद जरूरी बारिश लाने की कोशिश कर रही है। पिछले जुलाई में, देश ने क्लाउड सीडिंग परियोजना के नवीनतम चरण की शुरूआत की, जिसका उद्देश्य कृत्रिम रूप से वर्षा को प्रोत्साहित करना है। कृषि मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, सूखे के प्रभावों से निपटने और जलभृतों के पुनर्भरण में योगदान देने के उद्देश्य से, यह अपने उत्तर और उत्तर-पूर्व में क्लस्टर की गई 62 नगर पालिकाओं को लक्षित कर रहा है। क्लाउड सीडिंग एक ऐसी तकनीक है जिसे पहली बार 1940 के दशक में खोजा गया था। तब से, इसका उपयोग संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन सहित लगभग 50 देशों में किया गया है। मेक्सिको सात दशकों

›› पेज 2 भी देखें

**शहर >> अपडेट**

## सदान विकास पार्टी ने दिया धरना

रांची: सदान विकास पार्टी ने गुरुवार को 5 सूत्री मांगों को लेकर विधानसभा के समक्ष पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद साहु के नेतृत्व में धरना दिया। मौके पर पार्टी पदाधिकारियों एवं सैकड़ों कार्यकताओं ने सरकार की गलत नीतियों का विरोध किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि राज्य के सदानों को उनके हक और अधिकार से वंचित करने की साजिश राज्य की सभी पार्टियों के विधायक मंत्री ने की है। एकल पद आरक्षित कर दिया गया। यहां तक कि ओबीसी आरक्षण लागू किये बिना पंचायत चुनाव करा दिया गया और राज्य के सदानों, मूल निवासियों व सदानों को एक मुखिया तक बनने का अधिकार नहीं रहा। इतना ही नहीं राज्य के सात जिलों में ओबीसी आरक्षण जीरो कर दिया गया। ओबीसी के अधिकार का हनन राज्य सरकार कर रही है।

**कड़ाई** नकल करते पकड़े जाने पर होगी जेल

# झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक 2023 विधानसभा से पास

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड विधानसभा से यथा संशोधित झारखंड प्रतियोगी परीक्षा भर्ती एवं अनुचित साधन रोकथाम विधेयक 2023 गुरुवार को बहुमत से पारित हो गया। मॉनसून सत्र में इसकी घोषणा सदन में करते हुए स्पीकर ने शुक्रवार 11 बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी। इससे पहले विपक्षी दलों (एनडीए-भाजपा, आजसू पार्टी) के अलावा विधायक विनोद सिंह ने इसे प्रवर समिति के पास भेजने की मांग स्पीकर से की।

कहा कि इसमें कई ऐसे प्रावधान हैं जिससे स्टूडेंट्स का करियर दांव पर लगेगा। धान-गेहूं बेचकर फॉर्म भरने वाले छात्रों को जांच के बगैर जेल की सजा से उनका भविष्य बर्बाद होगा। समिति ऐसे पहलुओं पर विचार करेगी।संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने विपक्षी विधायकों के विधेयक को प्रवर समिति में भेजे जाने की मांग को ठुकराते हुए कहा कि कुछ बिंदुओं पर यहीं संशोधन संभव है।

इसके बाद सीएम हेमंत सोरेन ने विधायक प्रदीप यादव और अन्य के सुझावों के आधार पर कहा कि सजा के प्रावधानों में 3 साल के प्रावधान को घटाकर एक साल किया जा सकता है। इसी तरह नकल करते हुए पाए जाने पर 7 साल की जगह 3 साल का प्रावधान होगा। सदन इसे पारित करते। अंततः भाजपा, आजसू पार्टी के वाकआउट के बीच सदन से इसे पास कर दिया गया। अब शुक्रवार (4 जुलाई) को सदन 11 बजे से बैठेगा।सीएम हेमंत सोरेन ने प्रतियोगी परीक्षा विधेयक के समर्थन में कहा कि पहले यहां की नौकरियों में 75 फीसदी सीटों पर बाहरी आ जाते थे। पर अब यहां के युवाओं को इससे अधिक मौका मिलेगा।

यह विधेयक केवल झारखंड ही नहीं, भाजपा शासित राज्यों में भी लाया गया है। सदन में विरोध कर रहे भाजपा के विधायकों को उन प्रावधानों को भी पढ़ना चाहिये। हमलोगों ने तो कडी सजा को बहुत कम किया है। राज्य में 20 सालों तक भाजपा का राज रहा। इन्होंने नौजवानों के साथ भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। अब राज्य की नौकरियों में 20 फीसदी बाहरी ही घुस पा रहे। सरकार ने ऐसा प्रावधान किया है कि परीक्षा संचालन में लगी एजेंसी, छात्र जो भी कदाचार में शामिल होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। एक परीक्षार्थी कदाचार करता है और उसका असर लाखों के भविष्य पर पड़ता है। झारखंड गठन के बाद पहली बार यहां के छात्रों के हित में इतना अहम विधेयक लाया गया है। इससे यहां के छात्रों के अधिकार का संरक्षण होगा।

सोनिया- राहुल के इशारे पर

## कांग्रेस विधायक कर रहे आदिवासी समाज का अपमान : आशा

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** विधानसभा में आदिवासी समाज और बाबूलाल मरांडी पर विधायक इरफान अंसारी द्वारा दिए बयान पर भाजपा गर्म है। भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा ने मामले को लेकर प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कहा कि झारखंड आदिवासियों के त्याग और बलिदान का प्रतिफल है, लेकिन कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी आदिवासियों के प्रति ओछी सोच रखते हैं। उनके बयान से पूरा आदिवासी समाज मर्माहत है। कांग्रेस पार्टी के डीएनए में ही जनजातीय समाज के प्रति विरोध है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी के इशारे पर कांग्रेस विधायक लगातार आदिवासी समाज का अपमान कर रहे हैं।आशा लकड़ा ने कहा कि कांग्रेस और जेएमएम न तो आदिवासियों की हितैषी थे और ना ही हो सकते हैं। ये आदिवासियों को सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कर अपना हित साधते हैं। आदिवासियों को इनके चेहरे पर लगे नकाब को पहचानना होगा। ये लोग न तो इस राज्य का विकास कर सकते हैं और ना ही आदिवासियों का। अब वक्त आ गया है, इन्हें सबक सिखाने का। इसलिए आदिवासी समाज के लोग एकजुट होकर आदिवासी विरोधी राजनीतिक पार्टियों को झारखंड की सत्ता से बेदखल करें।

मॉनसून सत्र में विधायक बिरंची नारायण ने इसे लेकर जानकारी मांगी थी

## सरकार ने माना बीडीओ और सीओ ऑफिसों में 5 सालों से भी अधिक समय से जमे हैं कर्मी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राज्यभर के प्रखंड कार्यालय अंचल कार्यालय, निबंधन कार्यालय, डीपीएलआर कार्यालय सहित विभिन्न विभागों में कई कर्मी 5-6 सालों से पदस्थापित हैं। झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र में विधायक बिरंची नारायण ने इसे लेकर जानकारी मांगी थी। बोकारो जिले में भी ऐसे मामलों को लेकर सदन से सूचना की मांग की थी। इस पर राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से जानकारी दी गयी कि 5-6 सालों से एक ही कार्यालय में पदस्थापन की बात आंशिक तौर पर स्वीकारात्मक है।साल में दो बार ट्रांसफर किए जाने के प्रावधान और उसके अनुपालन मसले पर विभाग ने बताया कि नियमित जिला स्थापना समिति की बैठक आयोजित की जाती है। प्रशासनिक दृष्टिकोण से कार्यालय हित में कर्मियों का ट्रांसफर, पोस्टिंग होती है। जिले में ही एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक में ट्रांसफर के मामले पर विभाग का कहना है कि ऐसा कोई मामला संज्ञान में नहीं है। लंबे समय से कार्यरत कर्मियों के ट्रांसफर किए जाने के विचार पर विभाग ने कहा है कि आवश्यकतानुसार कार्यहित में कर्मियों का ट्रांसफर, पोस्टिंग जिला स्थापना समिति की बैठक के निर्णय के आधार पर होता है।बोकारो सहित राज्यभर के दूसरे जिलों और विभागों में लंबे समय से जमे कर्मियों के बारे में बिरंची ने जानकारी मांगी थी। साथ ही पूछा था कि जिला स्तर पर कर्मचारियों के ट्रांसफर, पोस्टिंग और प्रतिनियुक्ति जिला स्थापना की बैठक के निर्णय के आधार पर साल में दो बार होती है। पर बावजूद इसके इस व्यवस्था का पालन बोकारो में नहीं हो रहा है। ऐसे कर्मियों के बारे में भी पूछा था जिनका नियुक्ति काल से लेकर अब तक जिले के एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक तक में ट्रांसफर नहीं हुआ है।

## आदिवासियों पर कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी की टिप्पणी पर बवाल

राष्ट्रीय खबर



**रांची:**कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के द्वारा आदिवासियों पर की टिप्पणी ने झारखंड की सियासत को गर्म कर दिया है। झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विधानसभा परिसर में कांग्रेस विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आदिवासियों से माफी मांगने को कहा।हाथों में तख्ती लेकर विधानसभा पार्टिको में नारेबाजी कर रहे भाजपा विधायकों ने इस दौरान इरफान अंसारी पर कार्रवाई करने की मांग की। अपने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर विधायक इरफान अंसारी के द्वारा की गई टिप्पणी से आहत भाजपा विधायक अनंत ओझा ने कांग्रेस विधायक पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से बुधवार को सदन के अंदर इरफान अंसारी ने आदिवासियों के ऊपर में कितनी की है, वह कहीं ना कहीं अमर्यादित है, जिसके लिए उन्हें राज्य की जनता से माफी मांगनी चाहिए।वहीं विधायक अमित मंडल ने इसकी निंदा करते हुए कहा कि इतना हल्का और अव्यावहारिक बात बोल कर इरफान अंसारी ने सभी मयार्दा को तार-तार कर दिया है। विधायक नीरा यादव ने इसकी आलोचना करते हुए कहा कि जिस तरह से इरफान अंसारी लगातार बेतुकी बात बोलकर मीडिया की सुर्खियों में रहना चाहते हैं, वह किसी विधायक को शोभा नहीं देता है। उन्हें पता नहीं है कि बाबूलाल मरांडी बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री रहे हैं। ऐसे में उन पर इस तरह की टिप्पणी कर राज्य के आदिवासी समाज को अपमानित करने का काम उन्होंने किया है।जामताड़ा से कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी अपने बेतुका बयानों से हमेशा सुर्खियों में रहते हैं।

### शशि भूषण मेहता का व्यवहार भी अशोभनीय

रांची: मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने विधानसभा में में विधायक इरफान अंसारी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को लेकर जाति सूचक अनर्गल बयान देने पर कड़ी आपत्ति की है और बयान का घोर निन्दा की है। प्रसाद ने कहा कि इरफान पढ़े-लिखे विधायक होकर इस तरह का बयान देते हैं, यह सभ्य समाज को स्वीकारीय नहीं है। प्रसाद ने कहा कि बाबूलाल मरांडी एक सभ्य और सुलझे हुए गम्भीर राजनेता हैं। प्रसाद ने यह भी कहा कि आज झारखण्ड विधानसभा में जब इस बात को लेकर संसदीय कार्य मंत्री ने क्षमा मांग ली, इसके बाद भी विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता के द्वारा भी अपने शर्ट का बांह ऊपर करना कदापि उचित नहीं था। उन्होंने कहा कि विधायक माननीय कहलाते हैं और इस तरह का व्यवहार करना उचित नहीं है । प्रसाद ने कहा कि हम झारखंडी आदिवासी और सदान दोनों सभ्य, ईमानदार, और सीधे-साधे होते हैं।

## अगर लोबिन हेंब्रम विधायक को खरोंच भी आया तो जल उठेगा झारखंड :नायक

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** अगर लोबिन हेंब्रम विधायक को खरोंच भी आया तो जल उठेगा झारखंड सरकार इसे हल्के में ना लें और तुरंत लोबीन हेंब्रम, विधायक को 1/10 का सुरक्षा गार्ड मुहैया कराए अन्यथा इसके गंभीर परिणाम होंगे । उपरोक्त बातें आज झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सह आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय मुख्य संयोजक सह विधायक लोबिन हेंब्रम के सुरक्षा गार्ड हटाने पर अपनी प्रतिक्रिया में उक्त बातें कहीं । इन्होंने आगे यह भी कहा कि यह आक्रोश का विषय है की जल, जंगल, माटी की बात करने वाले झारखंडी समाज के हितों,संवैधानिक अधिकारो की आवाज को बुलंदी एंव मजबूती से सदन से सड़क तक उठा कर संघर्ष करने वाले विधायक के साथ इस तरह का व्यवहार हेमंत सोरेन सरकार को शोभा नहीं देता । आज जो झारखंड में विधि व्यवस्था की जो स्थिति है उसको देखते हुए तुरंत उनको सुरक्षा मुहैया कराया जाना चाहिए ताकि वे झारखंडी समाा के सवालो एंव ज ल ा , ज ं ग ा ल ा , जमीन,सीएनटी/एसपीटी ,पेशा एक्ट की लड़ाई को वे बेहिचक भयमुक्त होकर उठाने का काम करेंगे ।श्री नायक ने आगे कहा राज्य के डीजीपी एंव सरकार को भी पत्र देने के बावजूद अभी तक सुरक्षा मुहैया नहीं कराना समझ से परे है झारखंड बचाओ मोर्चा इसकी कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए अविलंब राज्य के डीजीपी और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग करता है कि किंतु परंतु ना करते हुए लोबिन हेंब्रम विधायक को 1/10 का सुरक्षा मुहैया कराया जाए ताकि उनकी जान-माल की रक्षा हो सके ।

**हंगामा** मानसून सत्र के पांचवें दिन प्रश्नकाल के दौरान जबरदस्त हंगामा

# सदन में कान पकड़कर माफी मांगें इरफान, नहीं तो कर देंगे ऐसी की तैसी:शशि भूषण

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** मानसून सत्र के पांचवें दिन प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी, भाजपा विधायकों के निशाने पर रहे। एक वक्त ऐसा आया जब लगा कि मारपीट तक हो जाएगी। इरफान अंसारी पर भाजपा विधायक शशि भूषण मेहता इस कदर आग बबूला थे कि बांह चढ़ाते हुए उनकी तरफ जा बढ़े। इसी बीच कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला ने शशिभूषण मेहता को रोका। अगर उमाशंकर अकेला उनको नहीं रोकते तो सदन की गरिमा तार-तार हो सकती थी।दरअसल, प्रश्नकाल शुरू होते ही व्यवस्था के तहत भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा कि कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने 1 अगस्त को सदन में बाबूलाल मरांडी पर टिप्पणी करते हुए आदिवासी समाज के खिलाफ अमर्यादित बात कही थी। इस कथन के लिए उनको सदन में कान पकड़कर माफी मांगनी चाहिए। नहीं तो हम उनकी ऐसी की तैसी कर देंगे। इस पर स्पीकर ने कहा कि इरफान अंसारी अभी सदन में नहीं हैं। उनसे बात की जाएगी। इधर अन्य दिनों की तरह भाजपा के विधायक वेल में हंगामा कर रहे थे। इसी बीच इरफान अंसारी सदन में पहुंचे तो शशिभूषण मेहता उनको देखते ही भड़क गए। कहा कि इधर आओ तुमको बताते हैं। शशि भूषण मेहता इस कदर नाराज थे कि इरफान अंसारी की तरफ आग बबूला होकर बढ़ने लगे।इस दौरान सदन का माहौल गर्म हो गया। स्पीकर ने चेतावनी दी कि वह ऐसी चीजों को बर्दाश्त नहीं कर सकते। उन्होंने मार्शल अलर्ट भी कर दिया। स्पीकर ने अविलंब शशिभूषण मेहता को अपने आसन पर जाने को कहा। इस दौरान प्रदीप यादव ने कहा कि इरफान अंसारी ने जो कहा था, उस पर वह माफी मांगेंगे लेकिन भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता ने जिस तरह की हरकत की है, वह बेहद गंभीर है। उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। हालांकि स्पीकर ने मार्शल अलर्ट कर रखा था।माहौल को देखते हुए इरफान अंसारी ने सदन में सफाई दी। उन्होंने कहा कि यह घटना 1 अगस्त की है। वह आदिवासी समाज के हितैषी हैं। फिर भी अगर बातों से किसी को ठेस पहुंची है तो इसके लिए खेद प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने ही आदिवासी के मुंह पर पेशाब किया था। यह लोग उस बात को उठा रहे हैं जिसको उसी दिन सदन में एक्स्पंच कर दिया गया था।आपको बता दें कि इरफान अंसारी ने बाबूलाल मरांडी पर टिप्पणी करते हुए आदिवासी समाज के खिलाफ कुछ ऐसी बातें कही थी, जिसका वीडियो क्लिप तेजी से वायरल हुआ है। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास समेत समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने उस वीडियो को ट्वीट भी किया है।

**पेज एक का शेष**

### टाईगर जिंदा हैं तो .. .. ..

जे एस चौहान के मुताबिक खून का बहाव रुकने से उदय की मौत हो गई। यही नहीं 9 मई 2023 को चीता दक्षा की मेटिंग के दौरान मौत हो गई । पुरुष चीता ने पंजा मारकर दक्षा को घायल कर दिया। 23 में 2023 को ज्वाला की संतान एक शावक मादा की मौत हो गई। भीषण गर्मी और लू के थपेड़े ने डिहाईड्रेशन की वजह से उसे लील लिया। इसके 1 दिन बाद 25 मई को दो और शावकों की मौत ज्यादा तापमान के कारण हो गई। जानकारों के अनुसार कूनों का तापमान इन चीता के बच्चों के लिए ठीक नहीं था। 11 जुलाई 23 को नर चीता तेजस की गर्दन पर घाव देखा गया, बाद में ज्ञात हुआ कि दूसरे चीतों के साथ आपसी संघर्ष में उसकी जान चली गई। बीते महीने 14 जुलाई को एक अन्य न चिता सूरज का शव मिला उसकी मौत के बाद यह तय हो गया की कोनो में 1 साल के अंदर अंदर नौ चितों ने अपनी जान गवां दी है। प्राणियों की आपसी क्रूरता, वन प्रबंधन की कमी और वातावरण की प्रतिकूलता के चलते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के इस ड्रीम प्रोजेक्ट ने दम तोड़ दिया है।
सूत्रों के मुताबिक कूनो अभ्यारण में अभी कुल 14 चीते और एक शावक बचा है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण सवालों के घेरे में हैं। अभ्यारण में विदेशी चीतों की मौत पर डीएफओ प्रकाश कुमार वर्मा कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं ,अन्य कोई अधिकारी भी अपनी जुबान से चीतों की मौत की वजह नहीं बता पा रहा है। दूसरी तरफ सरकार ने 785 बाघों के साथ देश में दूसरी बार अपने टाईगर स्टेट का तमगा कायम रखा है, और उसको लेकर मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसे वन प्राणियों के संरक्षण में वन विभाग के अधिकारियों के अथक प्रयासों का परिणाम बताया है। मध्य प्रदेश में केन्द्र सरकार से प्रभारी बनाकर भेजे गए मंत्री भूपेंद्र यादव ने टाइगर स्टेट बनने पर मध्य प्रदेश राज्य को बधाई दी और सरकार के तंत्र की पीठ थपथपाई है, उन्होंने कहा है कि 4 साल में यहां पर 259 बाघों के बढ़ने से कर्नाटक को पछाड़ दिया है। राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी बाघों के बढ़ने से खुश हैं, लेकिन चीतों के घट जाने पर कोई सार्वजनिक बयान देने से बच रहे हैं। चीतों की जल्दी-जल्दी हो रही मौतों ने वन महकमें के अधिकारियों में हड़कंप मचा दिया है। केंद्र सरकार की नजर कूनो अभ्यारण पर लगी हुई है, क्योंकि अरबो रुपए के इस प्रोजेक्ट ने अफ्रीकन एक्सपर्ट्स के आगे भारत सरकार को शर्मसार कर दिया है। बावजूद इसके दक्षिण अफ्रीका से 10 चीते और लाया जाना प्रस्तावित है ,लेकिन अब यह नहीं तय हो पा रहा है कि इन्हें भारत में कहां रखा जाएं..?

### विपक्ष ने बताया .. .. .. ..

आशा के बिन्दु थे। उन्होंने कहा कि हम भाजपा के साथ हैं। आखिर सरकार उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर ही तो नया कानून बना रही है। भाजपा की मीनाक्षी लेखी ने आम आदमी पार्टी एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला किया और कहा कि ये चौथी पास राजा की कहानी सुनाते थे तो आज वह शीशमहल में रहने वाले नवाबजादे की कहानी सुनाएंगी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की सुप्रिया सुले ने कहा कि नैतिकता की बात की जा रही है। दिल्ली के मुख्य सचिव की पिटाई वाकई में गलत बात है लेकिन महाराष्ट्र में भाजपा के विधायक द्वारा अधिकारी को थप्पड़ मारना भी गलत है। समाजवादी पार्टी के एस टी हसन ने कहा कि पहले हम मानते थे कि हम डेमोक्रेसी में रहते हैं लेकिन अब लगता है कि हम ब्यूरोक्रेसी में रहते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी का मानना था कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देना चाहिए। सरकार बताये कि दिल्ली को कब पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाएगा।

### संघीय अदालत में पूर्व .. ..

बाद भी प्रशासन से जुड़े गोपनीय दस्तावेज अपने साथ ले जाने का आरोप है। ऐसे में पता चला है कि बाइडेन प्रशासन ट्रंप की जांच करेगा। इससे पहले एफबीआई ने ट्रंप के फ्लोरिडा स्थित आवास पर छापा मारा था। इस माहौल में ट्रंप के खिलाफ सैकड़ों गुप्त दस्तावेज रखने के आरोप सामने आये। और इसके मद्देनजर ट्रंप के खिलाफ सात आपराधिक मामले दर्ज किये गये हैं। और इसलिए ट्रंप को मियामी की संघीय अदालत में पेश होने का समन मिला।

### इंफाल पश्चिम के सेनजाम .. ..

नारनसेना में तैनात दूसरे आईआरबी से लगभग 4600 हथियार और गोला-बारूद भी लूटे गए हैं। हालांकि, सुरक्षाकर्मियों ने आंसू गैस के गोले और स्मोक बम का सहारा लेकर प्रदर्शनकारी के प्रयास को विफल कर दिया। गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने कुकी समुदाय की निंदा करते हुए जिले में प्रवेश किया, जिन्होंने बिष्णुपुर जिले के तोरबंग बांग्ला में स्थित राज्य सरकार के रेशम उत्पादन खेत में 35 शवों को दफनाने की योजना बनाई थी। अभी तक सिर्फ 1200 के आसपास ही लूटे हुए हथियार वापस आए हैं। जबकि 3400 हथियारों का अब तक कोई अता-पता नहीं है। बताया जा रहा है कि ये लूटे हुए हथियार कुकी और मैतेई समुदाय के पास हैं।मणिपुर सरकार ने हिंसा की ताजा घटनाओं के बाद इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व और बिष्णुपुर जिलों में पूर्ण कर्फ्यू लगा दिया है।
मणिपुर के बिष्णुपुर जिले और इंफाल शहर में तीन अगस्त को हिंसा भड़क उठी थी। सूत्रों के अनुसार, बदमाश कथित तौर पर हथियार लूटने के लिए इंफाल शहर में स्थित दूसरी मणिपुर राइफल्स (एमआर) के बाहर इकट्ठा हुए हैं। बिष्णुपुर जिले के नारनसेना में तैनात दूसरी आईआरबी से लगभग 4000 से अधिक हथियार और गोला-बारूद भी कथित तौर पर लूट लिए गए हैं। हालांकि, सुरक्षाकर्मियों ने आंसू गैस के गोले और स्मोक बम का सहारा लेकर प्रदर्शनकारी के प्रयास को विफल कर दिया।

### पाकिस्तान में नीची उड़ान .. ..

इसके अलावा उस देश में आतंकी हमलों में भी तेजी से बढ़ोतरी हुई है। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा राज्य के बाजौर में बीते रविवार को एक बड़ा विस्फोट हो चुका है। हालांकि, अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि यह आत्मघाती विस्फोट था या किसी ने बम रखा था।

### दरारों से कम हो जाती है .. ..

विश्वविद्यालय में किए गए शोध से पता चलता है कि लिथियम-आयन बैटरी के सकारात्मक इलेक्ट्रोड में दरारें पूरी तरह से हानिकारक होने के बजाय बैटरी चार्ज समय को कम कर देती हैं। यह कई इलेक्ट्रिक वाहन निमार्ताओं के दृष्टिकोण के विपरीत है, जो क्रैकिंग को कम करने की कोशिश करते हैं क्योंकि इससे बैटरी की दीघार्यु कम हो जाती है। दुर्भाग्य से, यदि दरारें हटा दी जाती हैं, तो बैटरी के कण उन दरारों से अतिरिक्त सतह क्षेत्र के बिना जल्दी से चार्ज नहीं कर पाएंगे। इस शोध से जुड़े सहायक प्रोफसर यियांग ली ने कहा सड़क यात्रा पर, हम कार को चार्ज करने के लिए पांच घंटे तक इंतजार नहीं करना चाहते। हम 15 या 30 मिनट के भीतर चार्ज करना चाहते हैं। इस शोध में काम करने वाले डॉक्टरेट छात्र जिनहोंग मिन ने कहा, हमने पाया है कि कैथोड कण टूट गए हैं और लिथियम आयनों को लेने के लिए अधिक सक्रिय सतहें हैं - न केवल उनकी बाहरी सतह पर, बल्कि कण दरारों के अंदर भी।

### सूखा पीड़ित मैक्सिको मे .. ..

से अधिक समय से मौसम संशोधन का प्रयोग कर रहा है। हालाँकि, कुछ वैज्ञानिक क्लाउड सीडिंग की प्रभावशीलता को लेकर बहुत सतर्क रहते हैं और चेतावनी देते हैं कि यह सूखे का समाधान नहीं है। क्लाउड सीडिंग के काम करने के लिए, आपको सबसे पहले एक क्लाउड की आवश्यकता होती है। विमान या ड्रोन बादलों में ऐसे कण छोड़ते हैं जो अपने चारों ओर पानी की बूंदों को आकर्षित करते हैं, जिससे बारिश या बर्फबारी की संभावना बढ़ जाती है। मेक्सिको की परियोजना में विमानों से बादलों में सिल्वर आयोडाइड कणों का छिड़काव करना शामिल है। सरकार को उम्मीद है कि बारिश बढ़ने से किसानों को सूखे से बेहतर ढंग से निपटने में मदद मिल सकती है, जिसने देश के बड़े हिस्से को प्रभावित किया है। मेक्सिको का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा मध्यम से अत्यधिक सूखे की स्थिति में था। पिछले चार महीनों में कम से कम 249 लोगों की मौत हो गई है।

## शहर >> अपडेट

### 7 अगस्त से टीकाकरण से विशेष अभियान

**रांची :** टीकाकरण से वंचित बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए तीन चरण में मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम चलाया जाएगा। पहला चरण 7 अगस्त से 12 अगस्त, दूसरा चरण 11 सितंबर से 16 सितंबर और तीसरा चरण 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक चलेगा। श्रावणी मेले के कारण देवघर जिले में यह कार्यक्रम 11 सितंबर से शुरू होगा। मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम के तहत एएनएम, स्वास्थ्य सहिया, आंगनबाड़ी सेविका के सहयोग से वैसे बच्चे और गर्भवती महिलाओं को चिन्हित करने का काम प्रारंभ किया गया है, जिनका संपूर्ण टीकाकरण नहीं हुआ है या कतिपय कारणों से टीका ही नहीं लग पाया है। टीका 0 से 02 वर्ष और 02 से 05 वर्ष तक के छूटे हुए बच्चों को ओपीवी, आईपीवी, पेंटा, रोटा, एमआर, जेई, डीपीआई, टीडी और बीसीजी के टीके लगाए जाएंगे। नेपाल हाउस स्थित विकास आयुक्त सभागार में राज्य स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सहयोगी विभाग के अधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागीय स्तर पर सहभागिता और जवाबदेही तय करने हेतु चर्चा की। शिक्षा विभाग एडवोकेसी और प्रचार प्रसार में सहयोगी करेगी। स्कूली बच्चों माध्यम से टीकाकरण की जानकारी अभिभावकों तक पहुंचाई जाएगी।

**मौसम**

### झारखंड से गुजर रहे डीप डिप्रेशन सिस्टम से

# प्रदेश में बारिश में कमी सामान्य से 39 फीसदी कम



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** बंगाल की खाड़ी के बना डीप डिप्रेशन का सिस्टम 01 अगस्त से राज्य में अच्छी वर्षा कराते हुए अब छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की ओर बढ़ रहा है। इसके कमजोर पड़ कर डिप्रेशन में तब्दील होने और झारखंड से दूर जाने की वजह से गुरुवार से राज्य में वर्षा में कुछ कमी आने की संभावना है।मौसम केंद्र रांची के कार्यकारी निदेशक अभिषेक आनंद के अनुसार इस सिस्टम की वजह से पिछले 24 घंटें में अच्छी वर्षा राज्य में हुई है। कहीं कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा होने की भी सूचना है। राज्य में पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक वर्षा मझगांव में 148।4 एमएम रिकॉर्ड किया गया है। इसके अलावा गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा और आसपास के जिलों में भी भारी वर्षा होने की जानकारी है।मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार इस सिस्टम की वजह से बुधवार को भी गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी, रांची, बोकारो, चतरा में बहुत अच्छी बारिश होने की जानकारी मिली है।

मौसम केंद्र के अनुसार झारखंड के ऊपर से गुजर रहे डीप डिप्रेशन के सिस्टम की वजह से 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटें की रफ्तार से हवा भी चल सकती हैं। इसके साथ गर्जन और वज्रपात की भी संभावना बनी हुई है। ऐसे में लोगों को सजग और सतर्क रहने की जरूरत है।मौसम केंद्र रांची ने अपने ताजा मौसम बुलेटिन में झारखंड के ऊपर से गुजर रहे डीप डिप्रेशन के कमजोर होकर डिप्रेशन में बदल जाने की जानकारी दी है। गैंगटॉक वेस्ट बंगाल और उससे सटे झारखंड के ऊपर गहरे दबाव की वजह से 20 किमी प्रति घंटे की गति के सिस्टम पश्चिम की ओर बढ़ा है। मौसम विभाग के अनुसार झारखंड के ऊपर बना डीप डिप्रेशन के कमजोर होकर डिप्रेशन में बदल जाने के साथ यह मध्य प्रदेश की ओर बढ़ रहा है।रांची (झारखंड) से लगभग 20 किमी पश्चिम-दक्षिण पश्चिम और अंबिकापुर (छत्तीसगढ़) से 190 किमी पूर्व-उत्तर पूर्व में यह सिस्टम अभी बना हुआ है। इसके 03 अगस्त की सुबह तक दबाव की वर्तमान तीव्रता बरकरार रहने और उसके बाद और कमजोर होकर निम्न दबाव क्षेत्र में तब्दील हो जाने की संभावना है।

अगले 12 घंटों के दौरान इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश और उत्तरी छत्तीसगढ़ से सटे दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ने की संभावना भी संभावना है। मौसम केंद्र रांची के अनुसार पिछले दो दिनों से राज्य में अच्छी वर्षा की वजह से वषार्पात अब माइनस 44 फीसदी से घटकर माइनस 39 प्रतिशत रह गया है। 01 जून से लेकर 02 अगस्त तक राज्य में सामान्य वषार्पात 526।3 एमएम की जगह 318।8 एमएम वर्षा हुई है, जो सामान्य से 39 प्रतिशत कम है। मौसम केंद्र के अनुसार अच्छी वर्षा की वजह से खेत में रोपनी के।लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा वहीं भूगर्भ जल का स्तर भी बढ़ेगा।

### न्यू भारत बजाज ने

## तिपहिया वाहन ऋण के लिए सरकारी बैंकों के साथ की साझेदारी



राष्ट्रीय खबर

**रांची:**न्यू भारत बजाज, कोकर तिपहिया वाहनों के लिए कम ब्याज पर ऋण प्रदान करने के लिए सरकारी बैंकों के साथ साझेदारी की है। इसके तहत गुरुवार को कोकर स्थित न्यू भारत बजाज शोरूम में 20 तिपहिया वाहन ग्राहकों को सौंपे गए। इस साझेदारी के साथ, ग्राहक अब सबसे कम ब्याज दरों पर ऋण प्राप्त कर सकते हैं और उन्हें किफायती गतिशीलता समाधानों के साथ सशक्त बना सकते हैं। तिपहिया वाहनों की चाबी बैंक ऑफ इंडिया के जोनल मैनेजर संजीव कुमार और यूनियन बैंक कांटाटोली, बरियातू, नामकुम और दीपाटोली के शाखा प्रबंधक ने प्रदान की। बजाज ऑटो के प्रतिनिधि, डीलर सौरभ सिंह और अभिषेक गुप्ता भी इस दौरान उपस्थित थे।

## चौकीदार पंचायत ने विधानसभा के बाहर दिया धरना




राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड दफादार- चौकीदार पंचायत द्वारा गुरुवार को 6 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड विधानसभा के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना को संबोधित करते हुए राज्याध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त चौकीदार- दफादारों और सेवा विमुक्त चौकीदारों के रिक्त पदों पर विज्ञापन निकाल कर तत्काल झारखंड सरकार रोक लगाये। झारखंड चौकीदार संवर्ग नियमावली 2015 की कंडिका 2(9) के आलोक में 100 से 120 आवासीय घरों पर नया बीट सृजित कर विज्ञापन निकाला जा सकता है। उनका कहना है कि यदि चौकीदार- दफादारों के पुराने बीटों पर विज्ञापन निकाला गया, तो सेवानिवृत चौकीदार- दफादार के आश्रित और सेवा विमुक्त चौकीदार बहाल नहीं हो पायेंगे। इसका सीधा असर जनहित और राज्यहित पर पड़ेगा, क्योंकि पुश्त-दर- पुश्त एक ही परिवार से चौकीदारी करने के कारण इनकी सूचना जनहित और राज्यहित में बहुत महत्त्वपूर्ण होती है। चौकीदारी व्यवस्था में 95% अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग के लोग पुश्त दर पुश्त से काम करते आ रहे हैं। चौकीदार- दफादारों कर 95% पद इन्हीं वर्गों से रिक्त है।कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रदेश सचिव संजीव कुमार ने बढ़ती महंगाई को देखते हुए प्रतिवर्ष चौकीदार- दफादारों को 10 हजार रुपये वर्दी भत्ता देने की मांग सरकार के गृह सचिव से की। प्रदर्शन में सुरेश राम, एतवा उरांव, संजीव कुमार, समशुल अंसारी, उमेश पासवान, सीता उरांव, निजेन कुमार सिंह, संतोष तुरी, सुशील तुरी, प्रफुल्ल तांती, ललित तांती, जुडिया हेम्ब्रम, रामकिशन गोप, जावा अंसारी, मिथिलेश यादव, किशोर कुमार, अनिल कुमार पासवान, शिबूपाशी तुरी, नारायण भोक्ता व बाल सुरेन सिंह मौजूद रहे।

## तीन दर्जन जलाशयों और डैम में फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट लगाया जायेगा, गेतलसूद में सर्वे पूरा



राष्ट्रीय खबर

**रांची:**राज्य के लगभग तीन दर्जन से अधिक जलाश्यों में फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट लगाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसके लिये अलग-अलग जिलों में जलाश्यों को चिन्हित किया जा रहा है। राज्य सरकार की सौर ऊर्जा नीति के अनुसार अगले पांच वर्षों में डैम जलाशयों के ऊपर फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट लगाना है। जिससे लगभग एक से दो हजार मेगावाट के बिजली उत्पादन करने का लक्ष्य है। जेरेडा की ओर से राज्य का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट चांडिल डैम में बनाया जाना है। यहां 600 मेगावाट का प्लांट बनना है। जिसका सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया हैं। बता दें एक साल पहले राज्य सरकार ने सौर उर्जा नीति लागू की थी। जिसके तहत राज्य में सौर उर्जा के उपयोग और खपत में वृद्धि करना है। साथ ही सौर उर्जा उत्पादन भी करना है।सौर नीति के तहत झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से रांची के सिकिदरी स्थित गेतलसूद डैम में वर्ल्ड बैंक की मदद से 800 करोड़ की लागत से फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट बनाने का निर्णय लिया है। इससे 150 मेगावाट सौर उर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। 2018 में ही इसकी प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए झारखंड बिजली वितरण निगम और सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) के बीच करार भी हुआ। यानी सेकी को ही प्लांट का निर्माण करना राज्य के जल संसाधन विभाग ने भी इसके लिए एनओसी दे दी है। प्लांट के लिये सात अगस्त को टेंडर खोला जायेगा।इधर, राज्य का पहला फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट बिजली उत्पादन के लिए पूरी तरह तैयार हो गया है। टाटा स्टील फैक्ट्री परिसर स्थित कूलिंग पौंड में 10।8 मेगावाट क्षमता के फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट का निर्माण किया गया है।

## झारखंड कोयला खदानों की नीलामी में चौथे नंबर पर,130 करोड़ मिले



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** देश के छह कोयला धारक राज्यों के खानों की नीलामी हुई। इससे कोयला मंत्रालय को 704 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। मंत्रालय ने नीलामी से प्राप्त राशि को सभी छह कोयला धारक राज्यों को आवंटित कर दिया। इसमें पहले नंबर पर 199 करोड़ 81 लाख 43 हजार 795 रुपये के साथ ओडिशा है। इसके बाद मध्यप्रदेश दूसरे नंबर पर है। झारखंड को कोयला खदानों की नीलामी से 130 करोड़ 99 लाख 10 हजार 684 राजस्व की प्राप्ति हुई। नीलामी राशि आवंटन में झारखंड चौथे नंबर पर रहा।कोयला मंत्रालय ने नीलामी से आवंटित राशि को सभी छह राज्यों, जिसमें छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को हस्तांतरित कर दिया है। मंत्रालय ने कहा है कि यह राशि राज्यों में हो रहे विकास कार्य पर खर्च होंगे। सभी छह राज्यों के 18 कोयला खदानों की नीलामी हुई।

### वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में दो पदाधिकारियों को मिली प्रोन्नति

**रांची :** वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने दो पदाधिकारियों को प्रोन्नति देते हुए पदस्थापित किया है। वहीं, प्रतीक्षारत दो पदाधिकारियों की पोस्टिंग भी की गई है। इस संबंध में सरकार के अवर सचिव सुनील सिंह के हस्ताक्षर से अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इसके तहत शशिकर सामंत को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) के वेतनमान में प्रोन्नति प्रदान करते हुए अगले आदेश तक के लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक सह कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड झारखंड रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं, कुलवंत सिंह को भी प्रधान मुख्य वन संरक्षक के वेतनमान में प्रोन्नति देते हुए अगले आदेश तक प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी एवं मुख्य वन्यप्राणी पतिपालक, झारखंड के पद पर पदस्थापित किया गया। दोनों पदाधिकारियों का मुख्यालय रांची रहेगा।

**नामकरण**

### चौक का नाम बदलने का किया ऐलान

## सीपीएम नेताओं ने दलादली चौक पर लगाई सुभाष मुंडा की प्रतिमा

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राजधानी के दलादली चौक को अब सुभाष मुंडा चौक के नाम से जाना जाएगा। सीपीएम के नेता सुभाष मुंडा को याद करते हुए दलादली चौक पर उनकी प्रतिमा स्थापित की गई, इसके बाद चौक का नाम बदलने की घोषणा की गई।दरअसल, सीपीएम के युवा नेता सुभाष मुंडा की हत्या के विरोध में और उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए सीपीएम ने दलादली चौक पर 3 अगस्त को श्रद्धांजलि और संकल्प सभा के आयोजन की घोषणा की थी। पूर्व से घोषित कार्यक्रम के तहत सीपीएम पार्टी के सैकड़ों नेता और पूर्व सांसद सह पोलित सदस्य वृंदा करात दलादली चौक पहुंचे। इसके साथ ही सभी नेता सुभाष मुंडा के घर जाकर उनके परिजनों से भी मुलाकात की और उन्हें सांत्वना देकर जीवन भर साथ देने का



आश्वासन दिया।बता दें कि सुभाष मुंडा की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव पहले स्थानीय ग्राम सभा से पारित की गयी। जिसके बाद दलादली चौक पर सुभाष मंडा की एक प्रतिमा लगाई गई।

इस प्रतिमा का अनावरण पूर्व सांसद वृंदा करात और वाम दल और क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने माला अर्पित कर किया। श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा में पूर्व सांसद वृंदा करात ने कहा कि सुभाष मुंडा भले ही सीपीएम के युवा नेता थे। लेकिन उन्हें कई वरिष्ठ नेता भी पसंद करते थे। उनकी पकड़ समाज के हर वर्ग में थी। इसलिए सुभाष मुंडा को स्थानीय लोग अपनी जान से ज्यादा पसंद करते थे। इसका अनुमान उनके शव यात्रा में लोगों की भीड़ को देखकर लगाया जा सकता है। वरिष्ठ नेता वृंदा करात ने कहा कि सुभाष मुंडा की मां ने एक बहादुर बेटे को जन्म दिया था, जो इतनी कम उम्र में समाज की भलाई के लिए शहीद हो गया। उन्होंने कहा कि सुभाष मंडा अपने विरासत को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे थे और वो अपने पूर्वजों के द्वारा मिले विरासत का सम्मान भी करते थे। लेकिन आदिवासियों के लिए सम्मान कई लोगों को पच नहीं रहा था। इसलिए निर्ममता पूर्वक राज्य के युवा और होनहार नेता की कुछ अपराधियों ने हत्या कर दी। आयोजित श्रद्धांजलि एवं संकल्प सभा में सैकड़ों लोगों ने सुभाष मुंडा के हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए दलादली क्षेत्र में पैदल मार्च किया।

लोगों ने मांग की है कि सुभाष मुंडा के परिवार को भी सुरक्षा मुहैया करायी जाए। सुभाष मुंडा के हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर एक शिष्टमंडल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से भी मुलाकात कर चुका है और अपराधियों को पकड़ने और उनके परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग कर चुका है।हालांकि प्रशासन ने अब तक चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनसे पूछताछ के दौरान पुलिस को कई अहम जानकारियां मिली हैं।

अपराध में शामिल लोगों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस अब आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस मौके पर पूर्व सांसद वृंदा करात, राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, सीपीएम नेता प्रफुल्ल लिंडा, समीर दास, वीना लिंडा, सुफल महतो सहित सैकड़ों की संख्या में सीपीएम कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### संविधान ही समाधान विषय पर दस को आर्यभट्ट सभागार में विमर्श

**रांची :** संविधान जगार यात्रा ने 10 अगस्त को संविधान ही समाधान विषय पर विमर्श का आयोजन किया गया है। यह आयोजन रांची विश्वविद्यालय के मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में होगा। आयोजन से जुड़े प्रभाकर तिर्की ने बताया कि विधानसभा स्पीकर रविंद्र नाथ महतो कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुबोध कांत सहाय एवं रांची विश्वविद्यालय के कुलपति भी कार्यक्रम में शामिल रहेंगे। कार्यक्रम में रांची के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राएं भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों के बीच संविधान के मूल्य मूलभूत अधिकार सहित अन्य बातों पर चर्चा होगी। प्रभाकर तिर्की ने बताया कि ऐसा कानून को लागू करने के लिए राज्य सरकार को छठी अनुसूची के अनुसार व्यवस्था बनानी है। जिसके आधार पर कानून का क्रियान्वयन हो सके इन सभी बातों पर विमर्श में चर्चा की जाएगी।

### रेडियो खांची में उत्पाद विभाग के ज्वाइंट कमिश्नर का इंटरव्यू

**रांची** :रांची विश्वविद्यालय के कम्युनिटी रेडियो स्टेशन रेडियो खांची 90.4 एफएम के शो रूबरू में झारखंड उत्पाद विभाग के ज्वाइंट कमिश्नर गजेंद्र कुमार सिंह का साक्षात्कार आरजे वैभवी ने लिया। साक्षात्कार का मुख्य विषय युवाओं के बीच बढ़ते नशीले पदार्थों का प्रचलन था। जिस पर ज्वाइंट कमिश्नर ने कहा कि हमारे देश का भविष्य युवा पीढ़ी है। युवाओं का गलत आदतों में लिप्त होना हमारे देश के लिए और उनके भविष्य के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने अपने संदेश में युवाओं को नशे की लत से दूर रहने को कहा। साक्षात्कार के दौरान रेडियो खांची के डायरेक्टर डॉ. बीपी सिन्हा के साथ पूरी टीम मौजूद रही।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चान्हो के करकट गांव में चलाया जागरूकता

**रांची :** झालसा के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के द्वारा चान्हो प्रखंड के करकट गांव में विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में एलएडीसी के अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप, सौरभ पाण्डेय, पीएलवी सुमन ठाकुर, तारामनी देवी, पुष्पलता, सुनीता देवी, विधि के छात्रा दीपशीखा, प्राची एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। डालसा टीम के पीएलवी घर-घर जाकर लोगों की समस्याओं को जाना और समस्याओं के निबटारा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में आवेदन देने के लिए कहा। इसके अलावा डालसा के अधिवक्ता, वीरेंद्र प्रताप व सौरभ पाण्डेय ने नालसा के 10 स्कीमों के बारें में जानकारी दी। बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने के लिए उपाय के संबंध में जानकारी दी गयी। ग्रामीणों को डालसा के तरफ से नि:शुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में भी बताया गया। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तनवीर अंसारी एवं नीतू देवी ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी। अंत में डालसा के पीएलवी के द्वारा पम्पलेट एवं लिफलेट का वितरण भी किया गया। ज्ञात हो कि आगामी 09 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी डालसा के अधिवक्ता व पीएलवी के द्वारा जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटरा करा सकते हैं, जिससे आपको समय व धन की बचत होगी।

### प्राचीन श्री महावीर मंदिर लोअर चुटिया प्रांगण में श्रीमद्भागवत पाठ

**रांची** :प्राचीन श्री महावीर मंदिर लोअर चुटिया द्वारा 751 महिलाओं के बनस तालाब से जल लेकर श्री महावीर मंदिर लोअर चुटिया के प्रांगण में लाया गया। इस कलश यात्रा में हजारों की संख्या में भक्त शामिल हुए। गाजे-बाजे के साथ महिलाएं झूमती हुई अपने माथे पर कलश लेकर नगर भ्रमण करते हुए श्रीमद् भागवत महायज्ञ कार्यक्रम पर पहुंची । इस शोभायात्रा का नेतृत्व स्थानीय चुटिया निवासी चुटिया धर्म प्रेमी एवं नव जागृति संघ के तमाम सदस्यों के द्वारा किया गया। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से सर्व श्री वशिष्ठ दास महाराज, मदन केसरी, कैलाश केसरी, छत्रधारी महतो, प्रकाश महतो, भरत शर्मा, अनूप केसरी, चंद्रिका लाल महतो,जयदीप राम, अनिल कुमार गोप, कौशल चौधरी, प्रतीक चौधरी, शिवम केसरी, सुजल केसरी, मंजू चौधरी, रेखा केसरीसुजल चौधरी, प्रिंस रजक, सावन सिंह, अबिशके महतो, प्रियांशु सिंह, अमन केशरी, अंकित केशरी, विकाश सिंह, राजा साहू, लकी नायक,आयुष केशरी, पियूष केशरी, निखिल रजक, वैदिक राज, सुमित महतो, शिवराज सिंह आदि सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम 2 अगस्त से 8 अगस्त तक प्रतिदिन प्रात: 8:00 से 10:00 एवं संध्या 3:00 से 7:00 तक नियमित रूप से चलेगा। बारिश को देखते हुए कथा सुनने वालों के लिए बैठने का उत्तम प्रबंध किया गया है। नौ अगस्त को भंडारे का आयोजन किया गया है। प्रतिदिन दोपहर और संध्या आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### इरबा में जिला स्तरीय इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता

**रांची** :झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट एसोसिएशन के सौजन्य से चौथा जिला स्तरीय इंटर स्कूल चैंपियनशिप प्रतियोगिता इरबा में सकोलॉक्स एडुकेशन के सहयोग से आयोजित किया गया। जहाँ एसएस विद्या मंदिर स्कूल, एसएस प्लस टू स्कूल, डीएवी निरूपा स्कूल, अपग्रेड हाई स्कूल जोन्हा, एम बी स्कूल बुंडू बीएनएल गर्ल्स स्कूल इरबा, रॉयल पाम इंटरनेशनल स्कूल सिमलिया सहित दर्जनों स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने अपने हुनर का जौहर दिखाया। चैंपियनशिप प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को पुरस्कार से नवाजा गया। प्रतियोगिता में एम बी स्कूल बुंडू स्कूल प्रथम लाने में सफल रहा वही दूसरा स्थान पर बीएनएन गर्ल्स स्कूल इरबा रहा।जबकि तीसरा स्थान रॉयल पाम इंटरनेशनल स्कुल सिमलिया रहा। प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान लाने वाले स्कूल के छात्रछात्राओं एवं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो एंड मार्शल आर्ट एसोसिएशन एंड सकोलॉक्स एडुकेशन द्वारा मोमेंटो और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो के जनरल सेक्रेटरी शकील अंसारी ने बताया कि स्कूली छात्र छात्राओं में प्रतिभा की कमी नहीं है इन छात्र-छात्राओं में देश व राज्य का नाम रोशन करने का हुनर कूट-कूट कर भरा हुआ है। मौके पर मुख्य रूप से प्रो०जमशेद कमर, मु?ती वसिरह्मान नदवी, झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो के जनरल सेक्रेटरी शकील अंसारी, सकोलॉक्स एडुकेशन के डायरेक्टर सह कैरियर कोच अशफाक अहमद, ताइक्वांडो के सीनियर कोच जमील अंसारी शाहनवाज अंसारी भुनेश्वरी कुमारी शोभा कुमारी ममता कुमारी सहित विभिन्न स्कूलों से आए शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### मांग को लेकर प्रदेश वैश्य मोर्चा का धरना

**रांची :** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के तत्वावधान में ओबीसी को 27% आरक्षण देने, वंचित जिलों में आरक्षण देने, जाति आधारित जनगणना कराने, वैश्य आयोग का गठन, छोटे व्यवसायियों के 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्य समाज पर हो रहे हमले, शोषण-दमन, हत्या, रंगदारी के खिलाफ विधानसभा के समक्ष एक दिवसीय त्राहिमाम धरना दिया जायेगा। इस धरना में विभिन्न जिलों से आये वैश्य मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु एवं संचालन उप-प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता ने किया। जबकि वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। धरना में उपस्थित लोग अपनी मांगों के समर्थन में खूब नारेबाजी की। धरना को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने कहा कि झारखंड में पिछड़ों के साथ धोखा किया गया है। धरना में संजीव चौधरी, अश्विनी साहु, सहदेव चौधरी, बीरेन्द्र कुमार, रोहित शारदा, कपिल प्रसाद साहु, दिनेश्वर मंडल, हरिनाथ साहु, रमाशंकर राजन, गुड्डू साहा, अनिल वैश्य, नरेश साहु, कृष्णा साहु शैलेस मंडल, रेणू देवी, नम्रता सोनी, पूनम जायसवाल, हलधर साहु और मुकेश शर्मा आदि शामिल थे।

राष्ट्रीय खबर हमारी नजर झारखंड
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### कोल कंपनी स्थानीय युवाओं को दे रोजगार: भाजपा

**पाकुड़ :** नियोजन नीति और सी टेट उत्तीर्ण झारखंड के मेधावी आदिवासी- मूलवासी बेरोजगारों को शिक्षक नियुक्ति में अवसर देने की मांग को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला इकाई पाकुड़ की ओर से अधिकार मंच के नेतृत्व में पाकुड़ नगर के बिरसा चौक से अंबेडकर चौक तक मशाल जुलूस निकाला गया। तथा पुराना सदर अस्पताल के सामने भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ईवरण सिंह गुजराल के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया।

उद्भेदन

## चाकू,खून से सना कपड़ा, मृतक का बाइक और मोबाईल बरामद

# पवन यादव हत्याकांड में चार गिरफ्तार,न्यायिक हिरासत में भेजा जेल

- आजाद उर्फ सूर्या को किया गिरफ्तार
- पवन यादव का हमास के साथ पैसों को लेकर कुछ विवाद था

राष्ट्रीय खबर

**रामगढ़ :** पवन यादव हत्याकांड में पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। रामगढ़ थाना में दर्ज कांड संख्या 186/23 भादवि 302/34 के तहत अनुंसधान करते हुए पुलिस ने प्राथमिकी अभियुक्त मो। हमास उर्फ मोटा और उसके भाई मो। आजाद उर्फ सूर्या को गिरफ्तार किया। वहीं कांड में संलिप्तता पर हमास की मां कौशर जहां और एक अन्य सोनू यादव को भी पकड़कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इसकी जानकारी देते हुए रामगढ़ एसडीपीओ किशोर रजक ने बताया कि हत्याकांड में प्रयुक्त चाकू, खून से सना कपड़ा सहित मृतक का बाइक जेएच 02एन 7631 और मोबाईल बरामद कर लिया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि पवन यादव का हमास के साथ पैसों को लेकर कुछ विवाद था। जिसपर राधा गोविंद स्कूल के समीप बुलाकर पवन को चाकू मारकर हत्या कर दी गई।



## सितंबर माह में कोयला कर्मचारियों को एकमुश्त मिलेगा 23 माह का एरियर



**बेरमो :** कोल इंडिया द्वारा एनसीडब्ल्यू 11वां वेतन समझौता के आलोक में कोल इंडिया ने कोलकर्मियों को 23 माह के एरियर का एकमुश्त भुगतान करने का आदेश दिया है। बुधवार को कोल इंडिया के महाप्रबंधक (एमपीएंड आइआर) गौतम बनर्जी ने इस संबंध में सभी अनुषंगी कंपनियों के सीएमडी को पत्र प्रेषित किया। इसमें कहा गया है कि कोल इंडिया के ऑन रोल कर्मियों को सितंबर माह में दिये जाने वाले अगस्त माह के वेतन के साथ 23 माह का एरियर का भी भुगतान सुनि?ित करें। यह भुगतान सारे वैधानिक कटौती के साथ किया जाये। उक्त बातें बृहस्पतिवार को सीसीएल के संयुक्त सालाहकर संचालन समिति सदस्य रवीन्द्र कुमार मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कहा। मौके पर सीसीएल सीकेएस ढोरी के क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप और क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### बिजली का पोल हुआ क्षतिग्रस्त

**गिद्दी :** अरगड्डा चौहान मोहल्ला(कब्रिस्तान) कॉलोनी में सुबह से रुक-रुकर हो रही बारिश, और तेज हवा के चलने से दोपहर करीब ढ़ाई बजे सड़क किनारे स्थित एक विशाल सखुआ का सुखा पेड़ एक दूकान सहित इसके बगल के कमरे पर जा गिरा। पेड़ गिरने से कॉलोनी में बिजली के एक खंभे को भी अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बिजली का 440 भोल्ट का तार एवं चार पोल क्षतिग्रस्त हो गया। लोगों ने बताया कि बिजली गुल रहने के कारण बड़ा हादसा होने से बच गया। जानकारी के मुताबिक सुखा सखुआ का पेड़ कृष्णा चौहान, हरंगी भुईया के घर के पास खड़ा था। पेड़ गिरने के दौरान हरंगी भुइयां का दीवार टूट गया। जबकि राजेंद्र चौहान के जनरल स्टोर और दुकान से सटे एक और रूम के ऊपर गिरने से 4-6 एस्बेस्टस सीट और घर का सामान क्षतिग्रस्त होने की संभावना जताई गई है। जबकि इससे हजारों की सामानों की क्षति होने की बात बताई जा रही है। बताया गया कि जब पेड़ गिरा तब जनरल स्टोर और बगल के कमरे में कोई नहीं था। जिससे जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। कॉलोनी मार्ग में यातायात बाधित हो गया है। जबकि विद्युत व्यवस्था ठप हो गई। इसे बहाल करने के लिए सीसीएल विद्युत कर्मी और लोग अपनी ओर से कोशिश कर रहे थे।

## विजिलेंस की टीम ने किया दौरा

### खदानों का किया गहनता से मुआयना, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी:** अरगड्डा प्रक्षेत्र में रांची से आए चीफ विजिलेंस ऑफिसर पंकज कुमार के नेतृत्व में अन्य अधिकारियों ने कोलियरीयो का दौरा किया गया।साथ ही सूक्ष्मता से निरीक्षण भी किया। इस दौरान विजिलेंस टीम, सीसीएल अधिकारी गिद्दी 'ए', रेलीगढ़ा, गिद्दी सी के सतकड़िया खुली खदान भी पहुंचे। यहां खदानों और स्थलों का देखकर स्थानीय अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इससे पूर्व जीएम ऑफिस में विजिलेंस अधिकारियों का स्वागत अरगड्डा क्षेत्र के अधिकारियों द्वारा किया गया। भ्रमण के बाद विजिलेंस टीम ने जीएम ऑफिस में बैठक कर कार्यप्रणाली से जुड़े संदर्भ में चर्चा की। साथ ही वर्तमान कार्यशैली में किस प्रकार सतर्कता और सुरक्षा बरती जाए, इसके बारे में भी आपस में विचार विमर्श किया गया। मौके पर सीसीएल रांची विचलेंस अधिकारी विमल कुमार, अरगड्डा जीएम सुधांशु कुमार पांडे, विभिन्न कॉलोनियों के पीओ, मैनेजर, माइनिंग कर्मचारी, सुरक्षा इंस्पेक्टर राजू राम, प्रहरी हवलदार भैयालाल, प्रहरी चरण, शंकर आदि उपस्थित थे।

## वन अधिकार अधिनियम का उल्लंघन करने वाले

# पदाधिकारियों पर हो कानूनी कार्रवाई : हीरा लाल मुर्मू



राष्ट्रीय खबर

**वेस्ट बोकारो (घाटो):** झारखंड विधानसभा रांची में अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी ( वन अधिकारों की मान्यता ) अधिनियम 2006 नियम 2008 संशोधन नियम 2012 के तहत व्यक्तिगत एवं सामुदायिक अधिकार एवं सामुदायिक वन संसाधनों का संरक्षण, संवर्द्धन और प्रबंधन करने के लिए सामुदायिक अधिकार का प?ा/प्रमाण पत्र निर्गत हेतु राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मुख्यमंत्री का प्रधान सचिव वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे एवं विधायक दशरथ गागराई खरसावां विधान सभा क्षेत्र के समक्ष रखा गया। इसमे रामगढ़ जिला ग्राम सभा मंच अध्यक्ष हीरालाल मुर्मू एवं सचिव सह झारखण्ड जंगल बचाओ आंदोलन रामगढ़ जिला प्रभारी ओम प्रकाश मांझी ने बात रखा की वर्ष 2018 से लेकर 2019, 2020, 2021, 2022 एवं 2023 तक रामगढ़ जिले के लगभग 135 ग्राम सभा जो लोग 13 दिसंबर 2005 से पहले से अपने जीविकोपार्जन के लिए वन भूमि पर खेती करते हैं या मकान बनाकर रहते हैं उन्हें उस जमीन का व्यक्तिगत अधिकार का पट्टा दिया जाना है। एवं वन आश्रित परिवारों एवं ग्राम सभा द्वारा सामुदायिक अधिकार एवं सामुदायिक वन संसाधनों का अधिकार का दावा अनुमंडल स्तरीय वनाधिकार समिति के समक्ष जमा कर चुके हैं। उक्त मामले में संज्ञान को लेते हुए जो पदाधिकारी इस कानून का उल्लंघन कर रहे हैं उस पर अभिलंब कार्यवाही की जाये।

### रानीबाग की समस्याओं से अवगत हुए विधायक जयमंगल सिंह, मेन रोड नाला की सफाई शुरू



**बेरमो :** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के रानीबाग फुसरो मेन रोड स्थित पुरन गैराज के सामने बरसात होने पर बड़ा नाला जमा होने की समस्या से समाजसेवी उमेश रवानी के नेतृत्व मे स्थानीय लोगो ने विधायक कुमार जयमंगल सिंह को विगत दिनों अवगत कराया था। स्थानीय लोगों ने विधायक को बताया कि बरसात का अभी प्रारंभिक दौर है। अगर नाला की सफाई नहीं करायी गई तो समस्या विकट रूप ले सकती है। लोगों की मांग पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विधायक सिंह ने नप अधिकारियो को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द बड़ा नाला की सफाई कराए जाए। गुरूवार को विधायक सिंह के निर्देश पर नगर परिषद के द्वारा युद्ध स्तर पर नाला की सफाई जेसीबी और ट्रैक्टर लगाकर शुरू कराई गई। कई लोगों ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा अपने जमीन बताकर नाले के उपर स्लैब डाल दिया है जिसके कारण नाले की सफाई नहीं हो पा रही है और स्थानीय लोगो को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। समाजसेवी उमेश रवानी ने कहा कि बड़ा नाला की सफाई कर गंदे पानी की निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। इस अवसर पर मंजूर हुसैन, बुधन सिंह, विकास कुमार, शत्रुघ्न विश्वकर्मा,जगदीश प्रजापति, सोनू वर्मा, शुभम कुमार, रूपलाल महतो, शमशेर, बनारसी यादव, पंचू यादव आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### ख्वाजा गरीब नवाज की मजार पर समाजसेवी मुन्तसिर अंसारी ने चढ़ाई चादर



**बेरमो :** अजमेर में ख्वाजा गरीब नवाज की मजार पर फुसरो के समाजसेवी मुन्तसिर अंसारी उर्फ पप्पू ने चादर पेश कर देश एवं प्रदेश के अमन-चैन,भाईचारे एवं खुशहाली की दुआ मांगी। उन्होंने कहा कि सभी मजहबों के लोग अपनी मुरादें लेकर ख्वाजा गरीब नवाज के आस्ताने पर हाजिर होते हैं। कहा कि अजमेर शरीफ गंगा जमुना तहजीब की मिसाल है। पूरे भारत में यही भाईचारा कायम रहे। इस मौके पर एमडी।आशिक और अबुल फरहा आदि मुख्य रूप उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अफवाह फैलाने को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** प्रखंड के इचाकडीह पंचायत टोला जितरा टुंगरी के ग्राम सभा ने उपायुक्त कार्यालय रामगढ़ में गुरुवार को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया है कि जितरा टुंगरी ग्राम सभा व वनाधिकार समिति भारत सरकार के महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कानून यानी अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006, नियम 2008 एवं संशोधित नियम 2012 को क्रियान्वयन में सक्रिय है। इसके तहत इस गांव का सामुदायिक वनाधिकार का दावा भी दिनांक 13 जून 2023 को अनुमंडल स्तरीय समिति के पास जमा हो चुका है। गांव के लोग अपनी भूमिका निभाते हुए अपने गांव के वन संसाधनों का उपयोग के साथ-साथ देखभाल एवं संरक्षण भी करते आ रहे हैं। वनाधिकार कानून में वनाश्रित समुदाय एवं ग्राम सभा को अपने गांव सीमा में मौजूद वन संसाधनों के टिकाऊ पूर्ण उपयोग के साथ ही उनके संरक्षण पुनर्जीवन और प्रबंधन का भी अधिकार है।

### केकेएम कॉलेज के आदिवासी छात्रों ने की उपायुक्त से मुलाकात

**पाकुड़ :** केकेएम कॉलेज के आदिवासी छात्र-छात्राओं ने समाहरणालय सभागार में स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्री मृत्युंजय कुमार बरणवाल से मुलाकात की। छात्रों ने पारंपरिक चिन्ह व अंगवस्त्र देकर उपायुक्त का स्वागत किया। साथ ही कॉलेज की समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने छात्रों से कहा कि जिले में शिक्षा का स्तर और अधिक बेहतर करने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। उपायुक्त ने कहा कि जिले में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी। कहा कि विद्यार्थियों को यहां बेहतर शैक्षणिक माहौल दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की जा सके।

### शैलेश कुमार ने बेरमो एसडीओ का चार्जभार लिया



**बेरमो :** शैलेश कुमार बुधवार को अपने दफ्तर तेनुघाट पहुंचे वहां उन्होंने निवर्तमान एसडीओ अनंत कुमार से चार्ज लिया। कहा कि विधि व्यवस्था बनाए रखना पहली प्राथमिकता है। इस मौके पर बेरमो डीएसपी सतीश चंद्र झा सहित अन्य अधिकारी व बेरमो विधायक प्रतिनिधि अरुण कुमार सिंह, टुल्लू सिंह आदि मौजूद रहे।

# मुसलाधार बारिश में ढहा गरीब का आशियाना

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /कथारा :** गरीब पर बरसात तरह कहर बन कर टुटती है तो इसे समझने के लिए आपको गोमिया प्रखंड के कथारा पंचायत के कथारा बस्ती तुरी टोला आना पड़ेगा। जहां का दृश्य देख आप भी सोचने पर मजबूर हो जायेगे कि किस तरह सरकारी योजना चंद लोगो तक पहुचते पहुचते अपना दम तोड़ देती है। मामला देवंती देवी पिता कारी तुरी का है जिसका घर बीते दिनों हुए मुसलाधार बारिश के भेंट चढ़ गया। मिली जानकारी के अनुसार देवंती का घर मि?ी और खपरैल था जो पहले ही जर्जर था जिस कारण लगातार हो रही बरसात को उसका घर झेल नही पाया और घर का पुरा छत भरभरा का गिर गया। पिड़ीता देवंती की माने तो कई वर्ष पुर्व उसने इन्द्रा आवास आवंटल के लिए आवेदन किया था मगर अनुशंसा सुची मे नाम आने के बाद भी उसका पक्का आवास नही बन पाया।



पंचायत के पूर्व मुखिया व पंचायत के वर्तमान मुखिया पूनम देवी ने कहा कि फंड के अभाव के कारण उसका आवास नही बन सका। मगर सवाल उठता है कि अब उस गरीब महिला का क्या होगा। आशियाना उजड़ने बात अब वह और उसका परिवार बारीश मे कहा शरण लेगे। कुल मिलाकर उसने पंचायत की मुखिया से निवेदन किया है कि सरकार द्वारा घोषित आपदा फंड से कुछ राशि उसे दिलवाया जाये ताकि धंसे हुए घर की मरम्मती करवा बारिश से बचा जा सके नही तो उसके और उसके परिवार को सर छुपाने का कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जाये।

### दस दिवसीय आई सी टी प्रशिक्षण हुआ आंरभ



**गोला :** गोला प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय मुरपा में दस दिवसीय आई सी टी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उत्क्रमित उच्च विद्यालय चांडी हिन्दी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय सुतरी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय मुरपा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय रकुवा एवं मध्य विद्यालय हेंसापोडा के शिक्षको ने भाग लिया। प्रशिक्षक रंजित कुमार एवं पप्पू लाल खन्ना के द्वारा आई सी टी का प्रशिक्षण कार्यक्रम को विस्तार पुर्वक बताया गया। मोके पर बिरसय राम, गौतम कुमार, सहदेव कुमार हाँसदा, सुजित कुमार, केदार कुमार, संजय कुमार, सचिदानंद महतो, सरीता कुमारी, आनंद कुमार, सोनामती कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, चंद्रमोहन कुमार शर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# अरविंद सिंह ने पंचायत की समस्याओं को लेकर उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र



राष्ट्रीय खबर

**रजरप्पा :** बड़कीपोना पंचायत के मुखिया अरविंद सिंह ने रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार को एक मांग पत्र सौंपा है। जिसमें उन्होंने डीएमएफटी मद से कई निर्माण कार्य कराने की मांग की। मांग पत्र में पोना पर्वत धाम में मुख्य पथ से मंदिर तक पसीसी पथ का निर्माण कर दोनों ओर सौर ऊर्जा लाइट लगाते हुए पर्वत धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, पीसीसी पथ से पर्वत धाम के गुफा तक पीसीसी पथ व सीढ़ी निर्माण एवं रेलिंग लाइट की व्यवस्था करने, बड़कीपोना पंचायत के सभी 13 वार्डों में दो-दो डीप बोरिंग का निर्माण कराने, पारडीह विश्कर्मा चौक से चितरंजन महतो के घर (एक किमी) तक पीसीसी पथ का निर्माण, रंजीत महतो के घर से अलाउद्दीन के घर तक पीसीसी एवं आवश्यकता अनुसार गार्डवाल का निर्माण कराने की मांग की है।

# पीवीयूएन में मनाया गया भारतीय अंगदान दिवस



राष्ट्रीय खबर

**बासल :** आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में 3 अगस्त 2023 को अंगदान महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। यह भारत में पहले सफल मृतक हृदय प्रत्यारोपण की याद दिलाता है। यह मृतक दाताओं और उनके परिवारों के द्वारा समाज में किए गए योगदान के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को चिशिचत करने और जागरूकता फैलाने के लिए पीवीयूएन के चिकित्सा विभाग द्वारा एडमिन बिल्डिंग के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक प्रतिज्ञा समारोह का आयोजन किया गया। शपथ रवींद्र कुमार, सीईओ (पीवीयूएन) द्वारा कर्मचारियों और श्रमिकों की उपस्थिति में दिलाई गई।

### चंद्रपुरा में 7 अगस्त को सीएम का कार्यक्रम



**बेरमो :**चंद्रपुरा प्रखंड में विभिन्न विभागों की योजनाओं के शिलान्यास, उद्घाटन एवं परिसंपत्ति वितरण समारोह का आयोजन 7 अगस्त को प्रस्तावित है। समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी आदि हिस्सा लेंगे। मुख्य समारोह तारानारी स्थित मैदान में होगा। इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बुधवार को उपायुक्त कुलदीप चौधरी और पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक समेत जिले के सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों ने समारोह स्थल का दौरा कर जायजा लिया। उपायुक्त ने हेलीपैड, वाहनों के पार्किंग स्थल आदि का भी निरीक्षण कर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर,ट्रैफिक डीएसपी पूनम मिंज,प्रखंड विकास पदाधिकारी रेणुबाला एवं अंचलाधिकारी चंद्रपुरा संदीप कुमार मद्धेशिया को जरूरी दिशा- निर्देश दिया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ चंद्रपुरा प्रखंड कार्यालय सभागार में विभागवार विभिन्न योजनाओं के प्रखंड से संबंधित लाभुकों की जानकारी ली. सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पदाधिकारियों, थाना प्रभारियों को भी निर्देश दिया।बैठक में अपर समाहर्ता सादात अनवर, बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी मेनका, बेरमो एसडीपीओ सतीश चंद्र झा, जिला कल्याण पदाधिकारी मनीषा वत्स, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल भारती, विशेष कार्य पदाधिकारी कुमार कनिष्क, जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

वृक्षारोपण

## भीटीसी ग्रुप सिरका अरविन्द सिंह के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

# लोगों से जलवायु संतुलन को लेकर पौधरोपण का किया आह्वान

- भारत में एक पेड़ देश के नाम कार्यक्रम अभियान चला है
- अभियान एक अगस्त से 28 अगस्त 23 तक चलेगा

राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी:** भीटीसी सेंटर अरगड्डा के समक्ष पर्यावरण संरक्षण को लेकर बीएमएस पर्यावरण मंच झारखंड प्रदेश के संयोजक प्रशांत बेलथरिया, भीटीसी ग्रुप सिरका अरविन्द सिंह के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। अवसर पर बीएमएस सदस्यों और कामगारों ने मिलकर पौधरोपण किया।



प्रदेश पर्यावरण संयोजक प्रशांत बेलथरिया ने बताया कि पूरे भारत में एक पेड़ देश के नाम कार्यक्रम अभियान चला हैं। जो एक अगस्त से 28 अगस्त 23 तक चलेगा। वर्तमान में हमें जलवायु परिवर्तन, मौसम के असंतुलित प्रभाव को दूर करने के लिए कृत संकल्पित होते हुए पौधरोपण कर बड़े होने तक वृक्षों की रक्षा जरूर करनी चाहिए। तभी पृथ्वी और हम लंबी उम्र तक स्वस्थ और सुंदर बने रहेंगे। मौके पर काली बेदिया, डमरु बेदिया, मोहन, निराशो देवी, धनेश्वर गंझू, बसंत सिंह, हरिचंद, रवि समेत कई कामगार उपस्थित थे।

## संपादकीय

# भड़काऊ भाषण का सामाजिक असर और शीर्ष अदालत

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिल्ली-एनसीआर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि हरियाणा के कुछ हिस्सों में सांप्रदायिक तनाव के बीच रैलियों में कोई नफरत भरे भाषण न दिए जाएं। शीर्ष अदालत हरियाणा के नूंह में हिंसा को लेकर आयोजित किए जा रहे विभिन्न विरोध मार्चों पर सुनवाई कर रही थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एसवी भट्टी की पीठ ने रैलियों को रोकने से इनकार कर दिया लेकिन आदेश दिया कि अतिरिक्त पुलिस या अर्धसैनिक बल तैनात किए जाएं और संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। हमें आशा और विश्वास है कि पुलिस अधिकारियों सहित राज्य सरकारें यह सुनिश्चित करेंगी कि किसी भी समुदाय के खिलाफ कोई नफरत भरे भाषण न हों और कोई हिंसा या संपत्तियों को नुकसान न हो। जहां भी आवश्यकता होगी, पर्याप्त पुलिस बल या अर्धसैनिक बल तैनात किए जाएंगे, पीठ ने कहा। शीर्ष अदालत ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू को निर्देश दिया कि वे तुरंत अधिकारियों से संपर्क करें और सुनिश्चित करें कि अब



कोई अप्रिय घटना न हो। शीर्ष अदालत ने हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली सरकारों को भी नोटिस जारी किया और मामले में अगली सुनवाई के लिए 4 अगस्त की तारीख तय की। 31 जुलाई को भीड़ द्वारा विहिप के जुलूस को रोकने की कोशिश के बाद नूंह में भड़की सांप्रदायिक हिंसा में दो होम गार्ड सहित छह लोगों की मौत हो गई है। राज्य सरकार के अनुसार, अब तक 116 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह केंद्र सरकार और कई राज्य सरकारों के लिए शर्म की बात है कि सुप्रीम कोर्ट को उन्हें पिछले पांच वर्षों में मुसलमानों और हाशिए पर रहने वाले वर्गों के खिलाफ भीड़ हिंसा के खिलाफ कार्रवाई करने में उनकी लगातार विफलता की याद दिलानी पड़ी है। विशेष रूप से गौरक्षकोंह्व को। इस विफलता को उजागर करने वाली नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वुमेन की याचिका के बाद कोर्ट ने गृह मंत्रालय, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश और हरियाणा से इस पर जवाब देने को कहा है। 2018 में, तहसीन एस. पूनावाला बनाम भारत संघ मामले में न्यायालय ने माना था कि अपने नागरिकों के जीवन की रक्षा करना राज्य का ह्लपवित्र कर्तव्यह्व था और अधिकारियों का सतर्कतावाद को रोकने का प्रमुख दायित्व है।यह दिशानिर्देश लेकर आया था जिसमें प्रत्येक जिले में एक नोडल [पुलिस] अधिकारी का पदनाम शामिल था, जो उन जिलों/ब्लॉकों/गांवों की पहचान करेगा जहां हाल के वर्षों में भीड़ हिंसा और लिंचिंग हुई है, और पुलिस खुफिया की मदद से, अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय में ऐसी घटनाओं से निपटने की दिशा में काम किया जाएगा। उन्हें अन्य उपायों के अलावा, कानून प्रवर्तन अधिकारियों को संवेदनशील बनाने और भीड़ हिंसा या सतर्कता में शामिल होने के परिणामों के बारे में जनता को चेतावनी देने में गृह मंत्रालय और राज्य सरकारों की पहल से भी सहायता मिलनी थी। लिंचिंग, भीड़ हिंसा और गौरक्षकों का चरित्र, समाज के सामने है। सिर्फ कुछ सरकारों को यह लोग अच्छे लगते हैं। वध या पशु मांस के लिए मवेशियों के परिवहन के कथित कारण के लिए अल्पसंख्यकों के खिलाफ अनियंत्रित हिंसा में शामिल अपराधियों के लिए एक गलत व्यंजना, फैसले के बाद से अभी भी हो रही है और केंद्र सरकार द्वारा बहुत कम किया गया है या प्रश्न में राज्यों, विशेष रूप से उत्तर भारत में, सरकारों की उदासीनता की ओर इशारा करता है। यह ध्यान देने के लिए निगमनात्मक शक्तियों की आवश्यकता नहीं है कि केंद्र और इनमें से कई राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा जो अल्पसंख्यकों को रूढ़िबद्ध और दानव बनाने की अनुमति देती है, ने भी इसमें भूमिका निभाई है। सतर्कता के अलावा, अल्पसंख्यक समुदाय का सामाजिक और आर्थिक बहिष्कार भी उन राज्यों में जड़े जमा चुका है जहां उन्हें राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। 2018 के फैसले में दिशानिर्देशों को लागू न करने के लिए राज्य की एजेंसियों को जिम्मेदार ठहराने का आदेश जारी करने में न्यायालय सही है। हालाँकि, भीड़ की हिंसा और सतर्कता के खतरे से निपटने के लिए लोगों को अन्य समुदायों के साथ भाईचारे के संबंधों के प्रति संवेदनशील बनाने और उन्हें अन्य के रूप में टाइपकास्ट करने से बचने के लिए किसी ठोस नागरिक समाज की कार्रवाई की आवश्यकता नहीं है। उदाहरण के लिए, तमिलनाडु में, जहां ऐतिहासिक रूप से, धर्मनिरपेक्ष और तर्कसंगत आंदोलन सक्रिय थे, ऐसी घटनाएं दुर्लभ हैं। और यदि ऐसा होता है, तो प्रमुख राजनीतिक प्रतिनिधियों को नागरिक समाज के आक्रोश का सामना करना पड़ता है। भीड़ द्वारा आम नागरिकों पर किए जाने वाले अत्याचारों को रोकने को केवल न्यायिक आदेश पर नहीं छोड़ा जा सकता है। ऐसा जब बार बार होता है तो अब आम जनता समझने लगी है कि चुनाव का मौसम करीब आ रहा है।

# भारतीय पर्यटकों को डिजिटल भुगतान की सुविधा से भारत-नेपाल को लाभ होगा

## ▶▶ भंसार की ऑनलाइन सुविधा से नेपाल की होगी राजस्व वृद्धि, भारतीय पर्यटकों को सुविधा व राहत

बरसात और दिसंबर जनवरी को छोड़ लगभग वर्षभर पोखरा और अन्य नेपाली पर्यटन स्थल पर भारतीय पर्यटक देखे जाते रहे हैं, नेपाल को पर्यटन का महासरोवर कहा जाता है। विशेषकर पोखरा, जहां भारत ही नहीं विदेशी सैलानियों के अतिरिक्त नेपाली भी खूब पहुंचते हैं। दूसरा अन्नपूर्णा क्षेत्र का मुस्तांग है, वहां नेपालियों की तरह भारतीय भी मुस्तांग में मुक्तिनाथ यात्रा पर जाते रहे हैं और पहुंचते हैं। मुस्तांग में भारतीय कार और बाइक भी दृष्टिगोचर हुई। भारतीय पर्यटक बढ़ने से पोखरा सहित अन्नपूर्णा क्षेत्र के व्यवसायी उत्साहित दिखे। व्यवसायियों ने यह कहते हुए भारत में पर्यटन प्रोत्साहन कार्यक्रम भी चलाया कि भारतीय पर्यटक अन्य देशों के पर्यटकों की तुलना में अधिक खर्च करते हैं। वर्षा पूर्व, पोखरा और मुक्तिनाथ जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या शेष विश्व के पर्यटकों की तुलना में सर्वाधिक रही। अन्नपूर्णा संरक्षण क्षेत्र परियोजना (एसीएपी) के आंकड़ों के अनुसार, 17 दिसंबर 2022 से 5 जून 2023 तक केवल 50,684 भारतीय पर्यटकों ने



**अवधेश कुमार शर्मा**
पत्रकार

अन्नपूर्णा क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति प्राप्त किया। उनमें से अधिकांश मुक्तिनाथ यात्रा पूर्ण किये। इसी अवधि में भारत के अलावा अन्य देशों से कुल 11,530 पर्यटकों ने अन्नपूर्णा क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति प्राप्त किया। अन्नपूर्णा क्षेत्र में प्रवेश करते समय, विदेशी नागरिकों को शुल्क का भुगतान करना होगा और परमिट प्राप्त करना होगा। अन्नपूर्णा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर विदेशी नागरिकों की जांच की जाती है कि उनके पास अनुमति है या नहीं। एसीएपी के अनुसार, यदि यह पाया जाता है कि परमिट प्राप्त नहीं किया गया है, तो जुमार्ना देना होगा। हालाँकि अन्नपूर्णा क्षेत्र में जाने वाले भारतीयों का आंकड़ा है, लेकिन पोखरा से लौटने वाले लोगों का कोई डेटा नहीं है। व्यवसायियों का कहना है कि सड़क मार्ग से पोखरा आने वाले पर्यटकों की संख्या लगभग उतनी ही है।होटल व्यवसाई गणेश बहादुर थापा ने कहा कि पोखरा आने वाले भारतीय रुपये नेपाल लाते हैं। होटल संचालक ध्रुप लामा कहते हैं कि भारत से आने वाले पर्यटक भारतीय मुद्रा लेकर आते हैं। उन्होंने कहा, 'नेपाली रुपये इसलिए नहीं ले जाए जाते क्योंकि भारतीय रुपये नेपाल में मान्य हैं.' उन्होंने कहा, "नेपाल में 100 रुपये के नोटों के अलावा और कुछ भी मान्य नहीं है। इससे नेपाली व्यवसायियों को परेशानी होती है।

विगत दिनों नेपाली प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचण्ड और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपीआई समझौता किया है, जिससे नेपाली और भारतीय लोगों को परेशानी नहीं होगी। यह समझौता इस लिए करना पड़ा कि नेपाली लोगों को भारत के सीमावर्ती क्षेत्र में मुद्रा अमूल्यन और नेपाल में भारतीय रुपए का अघोषित अमूल्यन का सामना करना पड़ता है। चूकि भारत का एक पर्यटक मुद्रा नहीं रहने के कारण परेशान हो गया तो उसने कनाडा में अपने रिश्तेदार से रुपए होटल संचालक के खाता में मंगाया। जिसमें उसे लगभग 08 घंटा का समय लगा, वजह यह कि नेपाल में भारतीय एटीएम काम नहीं कर रहे, उन्होंने उनके भेजे गए 50,000 नेपाली रुपये निकाल कर भारतीय पर्यटकों को दिया।

एटीएम काम करने की बात कहकर आने वाले लोग भी अब परेशानी में हैं। भारतीय मुद्रा लेकर कोई आता है, तो नेपाली व्यवसायियों और पर्यटक दोनो को परेशानी होती है। नेपाली व्यवसाई का कहना है कि भारतीय पर्यटकों के आगमन से हमें प्रसन्नता है, यह प्रसन्नता भी है कि भारतीय पर्यटक बढ़े हैं, लेकिन सर्वाधिक परेशानी तब हुई जब भारतीय मुद्रा नहीं चले, कुछ ने लिया भी तो अमूल्यन कर जिससे विद्वेष की भावना बढ़ी। नेपाल के कुछ व्यावसायिक बैंकों ने एक लाख के नोट नहीं बदले जाने पर राष्ट्र बैंक के पोखरा कार्यालय में जाकर शिकायत भी किया गया। उन्होंने कहा कि वाणिज्यिक बैंक को चेतावनी दी कि अगर उन्होंने 100 के नोट नहीं बदले तो वे कार्रवाई करेंगे। जिसके बाद ही बैंक ने भारतीय नोट लिया। व्यवसाई 100 रुपये के अलावा अन्य नोट नहीं बदल सके हैं। एचएएन के अध्यक्ष सुबेदी के हवाले से बताया गया है कि पोखरा के व्यवसायियों ने 500,000 से 500,000 रुपये एकत्र किए हैं, जो 100 रुपये से बड़े नोट हैं। उन्होंने कहा कि नेशनल बैंक भी उन नोटों को बदलने से इनकार कर दिया। उनका कहना है कि नेपाल में केवल 100 रुपए की भारतीय मुद्रा ही मान्य है। नेपाल राष्ट्र बैंक के सहायक निदेशक धनंजय पराजुली के अनुसार नेपाल के नियमों के कारण रुपए बदलने में कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कहा कि चूकि भारतीय रिजर्व बैंक ने केवल रुपये की अनुमति दी है। हम भारत से सिर्फ 100 रुपये के नोट लाएंगे और भारत भेजेंगे। इसलिए हम बड़े नोट नहीं बदल सकते। उन्होंने कहा, एक सौ रुपये के नोट बदल सकते हैं। भारत की नीति के कारण हम दूसरे नोट स्वीकार नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि नेपाल-भारत सीमा क्षेत्र में पोखरा के व्यवसायियों के भारतीय नोट बदले जा सकते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि नेपाल आने वाले पर्यटकों को एसबीआई बैंक के माध्यम से डिजिटल भुगतान पर जोर देना चाहिए और व्यापारियों को भारतीय पर्यटकों से भी नेपाली रुपये स्वीकार करने का अनुरोध करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि भारत ने घोषणा किया है कि सितंबर 2023 से 2000 का नोट चलन में नहीं रहेगा, इसलिए उन्होंने नोट को जल्द बदलने का भी सुझाव दिया है। पोखरा के उद्यमी सिरोज विजय कोइराला ने कहा कि नेपाल में भारतीय रुपये के उपयोग के लिए नेपाल और भारत सरकार के बीच एक समझौता की आवश्यकता है। उनका कहना है कि इससे नेपाल की अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। भारतीय पर्यटक भारतीय मुद्रा लेकर आते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि भारतीय मुद्रा नेपाल में चल रहा है। उन्हें सीमा पर नेपाली रुपये स्वीकार करने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ₹सरकार को नेपाल में भारतीय कार्ड के उपयोग का समर्थन करना चाहिए। 'ऐसा नहीं लगता कि नेपाल में भारी वाहन चलाने पर कोई दिक्कत होगी।' उन्होंने कहा कि अगर कार्ड और डिजिटल भुगतान एवरेस्ट बैंक और भारत के एसबीआई बैंक के माध्यम से किया जा सकता है, जिसने भारत के पंजाब बैंक के साथ सहयोग किया है, तो यह पारदर्शी भी होगा।

नेपाल के होटल संचालको का कहना है कि सरकार को नेपाल आने वाले भारतीय पर्यटकों को नेपाली मुद्रा उपलब्ध करानी चाहिए। उनका कहना है कि, 'चाहे भारतीय पर्यटक आएं तो खुश हों या दुखी,' उन्होंने कहा, 'भारतीय खुले दिमाग से खर्च करते हैं, लेकिन नोट से काम नहीं चलता, समस्या हमारी हो जाती है। नेपाली व्यवसाई कहते हैं कि उनके पास काफी संख्या में भारतीय रुपए हैं। उन्होंने कहा कि 500 और 2000 के बहुत सारे नोट होने के कारण नेपाल में उसका उपयोग करना एक समस्या है।

# अनमोल उपहार

**प्रेरक प्रसंग**



भगवान ने मनुष्य को खुशियों का खजाना दिया परन्तु अफसोस की बात है की मनुष्यों ने इस अनुपक खजाने का मोल समझ नहीं पाया और हमेसा दुरूपयोग किया।
इससे भगवान को अत्यंत दु:ख हुआ और उन्होंने देवताओं की एक सभा बुलाई और सभी देवताओं से चर्चा किया की मनुष्यों को इस अनमोल उपहार का ज्ञान किस तरह कराया जाये। चर्चा चली फिर एक देवता ने कहा, यह तो बिल्कुल सरल है भगवन, आप ने ही मनुष्यों को को यह अनुपम उपहार दिया है। सो मनुष्यों को इसकी कद्र नहीं है तो आप इसे वापस ले लीजिये।
भगवन बोले, नहीं कभी नहीं उपहार मनुष्यों को दिया जा चूका है और दिए हुए उपहार को वापस लेना सोभा नहीं देता। दूसरे देवता बोले, भगवन हम इस उपहार को किसी ऐसी जगह छुपा देते हैं जिससे मनुष्य इसे आसानी से ढूंढ ना सके।
अन्य देवतागण बोले, परन्तु वह जगह कौन सा होगा जहाँ उपहार को छुपाया जाये।
कोई देवता बोले इसे समुद्र की गहराई में छुपा देते हैं। भगवन बोले मनुष्य समुद्र की गहराई में भी गोता लगाकर इसे प्राप्त कर कर लेगा। अन्य देवतागण बोले तो चलिए इसे समुद्र के बीचो बीच दबा देते हैं। भगवन बोले, मनुष्य ऐसे-ऐसे मशीनों का अविष्कार कर लेगा, जो जमींन की गहराइयों को भी खोद कर यह उपहार प्राप्त कर लेगा। इस तरह चर्चा चलती रही, परन्तु कोई सुझाव ही पसंद नहीं आ रहा था। भगवान एक-एक करके सारे सुझाव को नकारते ही जा रहे थे। बहुत सोंच विचार के बाद अंत में स्वयं भगवन को एक सुझाव आया। भगवन बोले इस उपहार को मनुष्य के भीतर ही छुपा दिया जाये, मनुष्य अपने बाहार, आस-पास हमेसा खुशियां और प्रसन्ता ढूंढता रहेगा परन्तु खुशियों का उपहार उसके भीतर ही होगा।
केवल वही व्यक्ति इस अनमोल उपहार को पा सकेगा, जो इस दुनिया को छोड़ अपने भीतर झांक पायेगा। दोस्तों प्रसंग का तात्पर्य यह है की हम खुशियों को अपने आस-पास ढूंढते रहते है परन्तु खुशियों का अनमोल खजाना तो हमेसा हमारे भीतर ही विद्यमान रहता है।

## नजरिया

# छुआछूत की बीमारी की तरह फैलती है हिंसा

हिंसा के शिकार लोगों को समझाना जरुरी है। बदला लेने की मानसिकता नुकसान करवाती है, ताकि वो फिर उसी हिंसक दुष्चक्र में न फंस जाएं। कोई शराबी है या ड्रग का आदी है, तो उसकी इलाज करने में मदद की जाती है। फिर उसे रोजगार दिलाने की कोशिश होती है। तभी कोई भी शख़्स एकदम से बदला हुआ नजर आ सकता है। लोगों के बर्ताव में बदलाव लाकर हम कई चुनौतियों को जड़ से खत्म कर सकते हैं। जैसे साफ-सफाई की आदत से डायरिया जैसी बीमारी को रोका जा सकता है। ये कदम तब और असरदार हो जाते हैं, जब एक पीड़ित, दूसरे की मदद करता है। वो अपने खुद के तजुर्बे साझा कर के लोगों का भरोसा जीत सकते हैं। जैसे कोई टीबी-हैजा के मरीज रहे लोग इसके शिकार लोगों के बीच काम करें। हिंसक बर्ताव एक महामारी है, जो छुआछूत की बीमारियों की तरह एक इंसान से दूसरे इंसान में फैलती है। बुद्धिमान लड़ाई से पहले जीतते हैं, जबकि अज्ञानी जीतने के लिए लड़ते हैं। संघर्ष के प्रति बुद्धिमान दृष्टिकोण लड़ाई या हिंसा में शामिल होने से पहले योजना बनाना और रणनीति बनाना शामिल है, जबकि अज्ञानी दृष्टिकोण परिणामों या संभावित परिणामों पर विचार किए बिना केवल लड़ना या हिंसा करना है। अर्थात बौद्धिक विचार यह है कि किसी स्थिति का सावधानीपूर्वक आंकलन करके और सूचित निर्णय लेकर, कोई भी व्यक्ति शारीरिक युद्ध या हिंसा का सहारा लिए बिना जीत हासिल कर सकता है। यह उद्धरण सलाह देता है कि बुद्धिमानी ऐसी स्थिति को पहले से ही भांप लेने में है जो हिंसा में बदल सकती है और फिर इससे बचने के लिए अपने संसाधनों का उपयोग करना चाहिए।



**डॉ सत्यवान सौरभ**
स्तंभकार

> **हिंसक बर्ताव एक महामारी है, जो छुआछूत की बीमारियों की तरह एक इंसान से दूसरे इंसान में फैलती है। बुद्धिमान लड़ाई से पहले जीतते हैं, जबकि अज्ञानी जीतने के लिए लड़ते हैं।**

क्या होता है जब हिंसा को टाला नहीं जा सकता? जब कूटनीति के प्रयास विफल हो जाते हैं, तब भी दुश्मन की ताकत और कमजोरियों का आंकलन करके दूसरे पक्ष पर तुरंत काबू पाने के लिए हिंसा को टाला जा सकता है। दुश्मन या विपक्षी को भ्रमित करने और उनके संसाधनों को बर्बाद करने के लिए धोखे और झूठ का भी इस्तेमाल किया जाता है। हिंसा को कानून-व्यवस्था के मसले जैसा समझने के बजाय, इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य की चुनौती के तौर पर लिया जाये। हिंसक बर्ताव एक महामारी है, जो छुआछूत की बीमारियों की तरह एक इंसान से दूसरे इंसान में फैलती है। जो लोग हिंसा के पीड़ित होते हैं, उनके हिंसा करने की आशंका बढ़ जाती है। 'हिंसा को ठीक उसी तरह रोका जा सकता है, जैसे गर्भधारण से जुड़ी चुनौतियां, काम के दौरान लगने वाली चोटों या संक्रामक बीमारियों को रोका जाता है। ₹दिक़्क़त ये है कि दुनिया भर में हिंसा से सख़्ती से निपटने की सोच हावी है। इसलिए हिंसक घटनाओं पर हंगामा होते ही, नेता हों या जनता, सख़्त कानून की मांग करने लगते हैं। इंसान अक्सर जोखिम भरा बर्ताव करता है, खतरों से खेलता है। जैसे कि नुकसान पता होने के बावजूद स्मोकिंग करना या फिर पेट भरने के बावजूद ज्यादा खाना। बिना एहतियात बरते सेक्स करना। डॉक्टर हमेशा कहते हैं कि इलाज से बचाव बेहतर है। यानी किसी मर्ज.को होने से ही रोका जाए। लेकिन, जब बात हिंसक बर्ताव की आती है, तो, इससे निपटने का एक ही तरीका लोग बताते हैं, कानून सख़्त बना दो। जैसे हाल ही में 12 साल से कम उम्र की बच्ची से बलात्कार पर मौत की सजा का प्रावधान। या फिर भीड़ की हिंसा से निपटने के लिए सख़्त कानून बनाने पर हमारे देश में विचार चल रहा है।

## जानकारी

# अंडमान निकोबार



अंडमान निकोबार द्वीप समूह में आप वायुमार्ग और जलमार्ग द्वारा पहुंच सकते हैं। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की अपनी अगली यात्रा की योजना बनाने के लिए आप जिन सर्वोत्तम यात्रा विकल्पों पर विचार कर सकते हैं, उनका पता लगाने के लिए नीचे स्क्रॉल करें।

पानी से

कई जहाज मुख्य भूमि भारत और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के बीच लगातार अंतराल पर चलते हैं। इन जहाजों पर एक सीट ऑनलाइन आरक्षित की जा सकती है। अपने यात्रा बजट के आधार पर, आप इन जहाजों में डीलक्स, प्रथम श्रेणी या द्वितीय श्रेणी के केबिन में सीट बुक कर सकते हैं। नीचे उन जहाजों का उल्लेख किया गया है जिन पर आप भारत से सवार हो सकते हैं। एयर द्वारा निकटतम हवाई अड्डा पोर्ट ब्लेयर में है और इसे वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नाम से जाना जाता है। वहां से, लक्ष्मणपुर समुद्र तट तक पहुंचने के लिए स्थानीय परिवहन या नौका सेवा उपलब्ध है। यहां हमने मुख्य भूमि पर स्थित देश के प्रमुख शहरों से वीडी सावरकर हवाई अड्डे के लिए नॉन-स्टॉप उड़ानें सूचीबद्ध की हैं।

# OnePlus Ace 2 Pro होगा 16GB RAM



नई दिल्ली : OnePlus इस महीने के आखिर में चीन में OnePlus Ace 2 Pro स्मार्टफोन लॉन्च करने वाली है। यह इस साल फरवरी में पेश हुए OnePlus Ace 2 के अपग्रेड वर्जन के तौर पर आएगा। कंपनी ने हाल ही में आगामी स्मार्टफोन के कुछ स्पेसिफिकेशंस की झलक पेश की थी। यह स्मार्टफोन पहले ही 3C सर्टिफिकेशन वेबसाइट और गीकबेंच प्लेटफॉर्म पर नजर आ चुका है। अब, Ace 2 Pro को AnTuTu बेंचमार्किंग प्लेटफॉर्म पर देखा गया है। यहां हम आपको Ace 2 Pro के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

**OnePlus Ace 2 Pro आया AnTuTu पर नजर**

**OnePlus Ace 2 Pro में Snapdragon 8 Gen 2** प्रोसेसर दिया जाएगा, इसकी पहले ही पुष्टि हो चुकी है। यह भी कंफर्म हो चुका है कि यह दुनिया का पहला स्मार्टफोन है जो तियांगोंग कूलिंग सिस्टम से लैस है, जिसे 9140 मिमी एरिया के साथ सबसे पावरफुल वेपर चैंबर कहा जा रहा है।

OnePlus Ace 2 Pro की गीकबेंच लिस्टिंग से 16GB RAM मिलने की जानकारी मिली है। AnTuTu पर स्मार्टफोन मॉडल नंबर ढखअ110 के साथ नजर आया है। इसमें 24GB LPDDR5X RAM और 1TB UFS 4.0 स्टोरेज दी जाएगी। पिछली लीक में भी समान जानकारी सामने आई थी कि स्मार्टफोन में ज्यादा रैम और स्टोरेज कैपेसिटी होगी। हाल ही में आई बेंचमार्क लिस्टिंग में साफ किया गया है कि Ace 2 Pro में एड्रेनो 740 जीपीयू है। वनप्लस का आगामी स्मार्टफोन 120Hz रिफ्रेश रेट वाली डिस्प्ले और एंड्रॉयड 13 ओएस पर काम करेगा।

**OnePlus Ace 2 Pro को AnTuTu**

बेंचमार्क टेस्ट में 1,733,703 प्वाइंट प्राप्त हुए। यह कुल चार टेस्टिंग को मिलाकर स्कोर है। सीपीयू टेस्टिंग में स्मार्टफोन का स्कोर 456,555 और जीपीयू टेस्टिंग में स्मार्टफोन का स्कोर 613,916 है। एमईएम में स्मार्टफोन के 363,631 प्वाइंट और यूएक्स में 299,601 प्वाइंट हैं।

**साइबर दुनिया**

## टॉप ट्वीट



" भाजपा 'जातिगत सर्वेक्षण' को क़ानूनी तर्कों में उलझाकर बंद करवाना चाहती थी, लेकिन पटना उच्च न्यायालय ने इस पर लगी रोक को हटाकर हर वंचित, शोषित के लिए 'सामाजिक न्याय' ही नहीं बल्कि आने वाले समय में 'आर्थिक न्याय' का भी रास्ता खोल दिया है।"

**कमलनाथ**
कांग्रेस नेता



" मेरी पहली रिलीज प्यार इश्क और मोहब्बत को आज 22 साल हो गए हैं और आप सभी को आज और हर दिन ढेर सारा प्यार इश्क और मोहब्बत भेज रहा हूं।"

**अर्जुन रामपाल**
बॉलिवुड अभिनेता

## संपादक के नाम पत्र

### हिम्मत दिलाना होगी

सेना की कार्यवाही से कश्मीर के हालात तेजी से सामान्य की ओर बढ़ रहे हैं। आतंकवाद की कमर टूटने से हताशा जरूर नजर आती है जो इक्का-दुक्का घटनाओं को अंजाम देकर अपनी उपस्थिति का एहसास कराते रहते हैं लेकिन जो भी घटना होती है वह दु:खद और चिंता पैदा करती है।
हाल ही में लेह में तैनात एक सैन्य कर्मी का अपहरण आतंकवादियों ने कर लिया। ड्यूटी से छुट्टी लेकर त्योहार मनाने घर आए जावेद नाम के जवान का उस समय अपहरण हुआ जब वह किराने का सामान लेने गए थे। बाद में जवान के कार और जूते मिले हैं जिससे अनहोनी की आशंका जताई जा रही है?। बेटे के गायब होने की घटना से व्यथित सैनिक की मां का बयान बड़ा ही मर्मस्पर्शी साथ ही डरावना भी है। जवान की माँ ने गिड़गिड़ाते हुए अपील की कि मेरे बेटे से कोई गलती हुई हो तो मैं हाथ जोड़कर माफी मांगती हूं उसे लौटा दो वह नौकरी भी छोड़ देगा। एक मां की गुजारिश अपनी लाल के लिए ठीक है लेकिन डर के मारे नौकरी छोड़ देने की बात आतंकवादियों के हौसले बुलंद करने वाली है। अगर ऐसे ही सैनिक नौकरी छोड़ते रहेंगे तो घाटी में आतंकवाद को पनपने का फिर मौका मिलेगा। सरकार सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद तो करे ही सैन्य कर्मियों के परिवारों को हिम्मत भी बंधाती रहे ताकि देश सेवा का जुनून उनके मन में बना रहे।

**अमृतलाल मारू 'रवि'**
इन्दौर मप्र

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

प्रदेश >> अपडेट

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**हरिहरगंज** : शहरी क्षेत्र के अररुआ खुर्द जामा मस्जिद के निकट रहने वाल 25 वर्षीय फिरोज आलम की बुधवार की देर शाम औरंगाबाद में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस घटना में मुहल्ले के ही अशरफ अली नामक युवक घायल हो गया है। इसका सदर अस्पताल औरंगाबाद में इलाज चल रहा है। मालूम हो कि मृतक औरंगाबाद में कपड़ा का व्यवसाय करता था।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

## बीडीओ ने लिया कार्यपालक पदाधिकारी का पदभार

**पलामू** : छतरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार ने कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत छतरपुर का पदभार ग्रहण किया मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष चन्दन प्रकाश सिन्हा ने बुके देकर स्वागत किया मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि मेरी प्राथमिकता सड़कों पर बनी हुई जाम से मुक्ति एवं साफ-सफाई के साथ ही आम नागरिकों को सुलभता पूर्वक सरकारी सुविधा देना प्राथमिकता होगा नगर पंचायत को बेहतर बनाया जाएगा जिसके लिए समाज के हर एक तबके के लोगों का सहयोग लिया जाएगा श्री सिन्हा ने कहा कि छतरपुर को नगर पंचायत बने हुए पांच वर्ष से अधिक हो गया है लेकिन अभी तक इसका लाभ जहां के जनता को नहीं मिला है वर्तमान कार्यपालक पदाधिकारी से इस पर उचित कार्रवाई की उम्मीद है सरकार एवं पदाधिकारी एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं जिसका असर छतरपुर नगर पंचायत के लोगों को देखने के लिए मिलेगा मौके पर सिटी मैनेजर जितेश कुमार इंजीनियर पंकज कुमार पूर्व अध्यक्ष मोहन जायसवाल रजनीश कुमार सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार फिरदौस आलम सहित नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

## बीईईओ के साथ विद्यालय प्रधान शिक्षकों की मासिक गुरु गोष्ठी आयोजित

**महेशपुर (पाकुड़)** : प्रखंड संसाधन केंद्र गढ़बाड़ी के सभागार में गुरुवार को बीईईओ एक तरुण कुमार घांटी की अध्यक्षता में शैक्षिक अंचल एक के विद्यालयों के प्रधान शिक्षक शिक्षिकाओं की मासी गुरु गोष्ठी आयोजित की गई। मासिक गुरु गोष्ठी में मुख्य रूप से बच्चों का डाकघर में पासबुक खोलने, जाति प्रमाण पत्र बनवाने, पुस्तक वितरण करने तथा विद्या वाहिनी के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही मासिक गुरु गोष्ठी में प्रयास, यूडायस करेक्शन, एसडीएमआईएस फ्रिज, सात अगस्त से 22 अगस्त तक चलने वाले सामाजिक अंकेक्षण के बारे में चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही मध्यान्ह भोजन योजना की रिपोर्ट, एसएमएस, चावल, राशि, बोरा, रसोईया भुगतान के बारे में भी समीक्षा कर निर्देश दिया गया। गोष्ठी में नामांकन रिपोर्ट, ईकल्याण छात्रवृत्ति, खेलो झारखंड, सावित्रीबाई फुले योजना, एफएलएन किट, कैलेंडर, एफएलएन बुक, शत-प्रतिशत नामांकन, साक्षरता समिति का विद्यालय स्तर पर गठन, किचन गार्डन का रिव्यू, आइएफए की गोली खिलाने, शिक्षक एवं छात्र उपस्थिति तथा 50% से कम उपस्थिति वाले विद्यालयों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया।

## ग्रामीण विकास विभाग के दो सदस्यीय दल ने किया योजना स्थल का निरीक्षण

**पाकुड़** :ग्रामीण विकास विभाग, रांची के दो सदस्यीय दल जिसमें एक राज्य समन्वयक, राजीव रंजन तथा दूसरा दीपक कुमार के द्वारा हाथकाठी पंचायत में संझली हांसदा, इनोसेंट सोरेन, इलू सोरेन का एक-एक एकड़ में स्वीकृत बिरसा हरित ग्राम योजना का स्थल निरीक्षण किया गया।

बैठक

### सारठ प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक

# लोकसभा चुनाव में सांगठनिक ताकतों को मजबूत बनायें: कांग्रेस



राष्ट्रीय खबर

**देवघर:** सारठ प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप नटराज की अध्यक्षता में तेंतरिया मोड़ स्थित पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक मुख्य रूप से पूरे देश में चल रहे भारत जोड़ो की बात,आमजनों के साथ अभियान कार्यक्रम की समीक्षा तथा सांगठनिक एवं अन्य कार्यक्रमों को लेकर किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने बैठक की समीक्षा करते हुए अभियान का सफल संचालन के लिए आगे की रणनीति बनाई गई। वहीं आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सांगठनिक कार्यों को ओर अधिक सशक्त बनाने तथा हर बुथ स्तर पर एक सप्ताह के अन्दर कमिटी बना ली जाए। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने कहा कि आज की बैठक खासकर भारत जोड़ो की बात आमजनों के साथ अभियान का सफल संचालन के लिए अभियान तहत कांग्रेस के हर कार्यकर्ता गांव और टोलों में हर प्रकार के परिवार, कामगारों, किसानों, नौजवानों, छोटे छोटे व्यवसाईयों,दुकानदारों के बीच जाकर देश के नेता राहुल गांधी के मोहब्बत का पैगाम पहूंचाने का काम करेंगें।

यह अभियान पांच सितंबर तक चलेगी। भाजपा शासित नरेंद्र मोदी की सरकार में आज देश की हालात बद से बद्तर हो चुका है। पहले पेट्रोलियम पदार्थ,रसोई गैस में बेतहाशा मूल्य वृद्धि करने के पश्चात अनाज एवं खाद्य पदार्थ पर जीएसटी लगाकर महंगाई चरम पर बढ़ा दिया है। भारतीय जनता पार्टी के शासन में खाद्य सामग्री के बाद, महिला श्रृंगार, पढ़न पाठन के समानों किताब,कॉपी, कलम पर जीएसटी लगाने के साथ अब हॉस्टलों पर भी 12 % का गब्बर टैक्स लगाकर गरीब बच्चों को पढ़ने से वंचित करने पर मजबूर कर दिया है। नरेंद्र मोदी न खुद पढ़े हैं और न ही दूसरों को पढ़ने देंगें। अपनी हार को देखते हुए देश के प्रधानमंत्री बने रहने के लिए पूरे देश में सांप्रदायिक हमले कराने प्रारंभ कर दिए हैं। धर्म और जाति,वर्ण को देखकर टारगेट किया जा रहा है। देश को हिंसा के आग में झोंकने का काम किया जा रहा है। मिडिया प्रभारी दिनेश कुमार मंडल ने कहा कि अनेकताओं और विवधताओं के इस देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए राहुल गांधी के भारत जोड़ो के संदेश को जन-जन तक पहूंचाना है।

## 20 सूत्री की बैठक में एमओ पर कार्रवाई का निर्णय



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** छत्तरपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को बीस सूत्री की बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह के द्वारा की गई बैठक में क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों को लेकर गहमागहमी रहा । वहीं छतरपुर एमओ निर्मल सिंह के खिलाफ कार्रवाई हेतु विभाग एवं सरकार को लिखने का निर्णय लिया गया । ज्ञात हो कि पहले बैठक में निर्मल सिंह के द्वारा आम जनता को अनपढ़ गवार एवं दूसरे बैठक में सरकार द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ाने का वक्तव्य दिया गया था ।साथ ही तीसरे बैठक में बिना कारण बताए अनुपस्थित रहने एवं सही रिपोर्टिंग नहीं लेने के कारण ऐसा निर्णय लिया गया ।खेती बारी के समय रहने के कारण प्रखंड कृषि पदाधिकारी को यह निर्देश दिया गया के किसी भी हालत में किसानों को सरकारी मूल्य से अधिक मूल्य पर यूरिया नहीं मिलना चाहिए इसके लिए कृषि मित्रों को हरेक खाद बीज दुकानों पर नियुक्त करने का आदेश दिया गया है । मनरेगा के तहत वर्ष 2021 से लेकर अब तक के सभी कुओं की जांच कर वस्तु स्थिति बीस दिनों के अंदर अवगत कराने का आदेश दिया गया। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्ध योजना के तहत कुछ ऐसे आवेदक थे जिनका उम्र आवेदन करते समय 19 वर्ष से कम था लेकिन सरकार को रिपोर्ट भेजते वक्त 19 वर्ष से अधिक हो गया जिससे संबंधित कार्रवाई हेतु सीडीपीओ को आदेश देते हुए भुगतान सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया ।

## बिजली व्यवस्था में होगी सुधार : एनसीपी विधायक कमलेश कुमार सिंह



राष्ट्रीय खबर

**हरिहरगंज** : हरिहरगंज में बिजली की व्यवस्था में सुधार को लेकर एनसीपी विधायक कमलेश कुमार सिंह समेत पार्टी के पदाधिकारी सक्रियता के साथ जुटे हैं। एक ओर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने झारखंड राज्य ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (संचरण) के प्रबंध निदेशक के के वर्मा व अविनाश कुमार प्रबंध निदेशक झारखंड राज्य ऊर्जा निगम लिमिटेड (वितरण) से मिलकर स्थिति से अवगत कराते हुए अविलंब हरिहरगंज की बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि अधिकारियों के अनुसार बेलचम्पा,रेहला के पास ट्रांसमिशन लाइन के दो टावर गिर जाने की वजह यह समस्या उत्पन्न हुई है। उन्होंने एक सप्ताह के अंदर टावर के ठीक होने पर बिजली व्यवस्था में सुधार हो जाने का आश्वासन दिया है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि वह क्षेत्र की एक एक समस्या के समाधान को लेकर लगातार प्रयासरत रहते हैं। यही वजह है की उनके कार्यकाल में धरातल पर विकास नजर आता है। जो लोग डुग्गी ड्रामा कर रहे हैं, वह जनता के हितैषी नहीं हैं। जनता को छलने का काम कर रहे हैं। उनकी चाल से जनता वाकिफ है। कुछ लोग विधायक बनने की आतुरता में भी हैं। मैदान में आएं जनता सबक सिखा देगी। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की जनता जात पात की राजनीति को नकार चुकी है। अब क्षेत्र में विकास की राजनीति चल पड़ी है। विधायक ने हरिहरगंज व पिपरा के ग्रामीणों व नागरिकों को भरोसा दिलाया है की उनके रहते उन्हे परेशान होने की जरूरत नहीं है। उनका भाई समस्याओं का समाधान कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

विधायक ने बताया कि उन्होंने हरिहरगंज के पार्टी पदाधिकारियों को झारखंड बिजली वितरण निगम के महाप्रबंधक से मेदिनीनगर में मिलने का निर्देश दिया था। पदाधिकारियों ने भी महाप्रबंधक से मिलकर हरिहरगंज व पिपरा की बिजली से संबंधित स्थिति से उन्हे अवगत कराया है। महाप्रबंधक ने एनसीपी के पदाधिकारियों को जानकारी दी है की 29 मई को बेलचम्बा और मेढना (रेहला के पास) ट्रांसमिशन लाइन के दो टावर गिर गए थे।

## शहर में धड़ल्ले से हो रहा डीप बोरिंग



राष्ट्रीय खबर

**मेदनीनगरः** नगरनिगम के क्षेत्र में डीप बोरिंग का कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है। पिछले रात रेड़मा सुरेश सिंह चौक के निकट(स्व.भीम तिवारी के गली में)गाड़ी संख्या 15अउ 3319 से पप्पन सिंह पिता अमरेश्वर सिंह के द्वारा बोरिंग कराया जा रहा था ।बोरिंग गाड़ी दिन में ही लगी हुई थी जिसे देखकर मुहल्ले के लोगों के द्वारा नगर आयुक्त,निर्वतमान मेयर, डिप्टी मेयर व वार्ड आयुक्त गोल्डी शुक्ला व विवेकानंद त्रिपाठी को सूचना दी गई। मुहल्ले के लोगों द्वारा किए गए आपत्ति पर निगम ने संज्ञान लिया और नगर आयुक्त,निर्वतमान मेयर व डिप्टी मेयर व वार्ड आयुक्त के द्वारा मुहल्ले के लोगों को आश्वसत किया गया की डीप बोरिंग नहीं किया जाएगा ।लेकिन इसके बाद भी बोरिंग गाड़ी जब देर रात तक बोरिंग करते रही तो मुहल्ले के लोगों के द्वारा हंगामा कर बोरिंग बंद करा दिया गया अहले सुबह निगम के जमादार विष्णू राम के निगरानी में बोरिंग से 372 फीट पाईप निकाला गया जो डीप बोरिंग को प्रमाणित कर रहा था ।यहाँ गौरतलब है कि निर्वतमान मेयर अरुणा शंकर से तीन अप्रैल को बोरिंग गाड़ी एसोसिएशन ने घरेलू बोरिंग में तीन सौ फीट तक की क्षमता वाले बोरिंग गाड़ी को निगम क्षेत्र में बोरिंग करने का रजिस्ट्रेशन करने का मांग किया था उक्त मांगपत्र पर मेयर अरुणा शंकर के द्वारा ही नगर आयुक्त को तीन सौ फीट से ऊपर बोरिंग करने वाले बोरिंग गाड़ी पर दंडात्मक कारवाई करने का निर्देश दिया था ।और तीन सौ से ऊपर के बोरिंग कराने की अनुमति नहीं प्रदान करने की बात कही थी ।इस संबंध में मुहल्ले के लोगों का कहना था कि निगम के पदाधिकारियों व निर्वाचित निर्वतमान जनप्रतिनिधियों को जानकारी देने के बाद भी डीप बोरिंग किया जाना कहीं न कहीं निगम की अकर्मणयता दशार्ती है।

## नये सिविल सर्जन का किया स्वागत



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगरः** निवर्तमान सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार सिंह के दूसरे जगह पर स्थानांतरण होने पर गुरुवार को सदर अस्पताल स्थित सिविल सर्जन कार्यालय में विदाई शह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग व जिला स्वास्थ्य समिति के सौजन्य से किया गया। सबसे पहले निवर्तमान सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार सिंह को अंगवस्त्र देकर विदाई किया गया। वहीं नए सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह को बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए डीपीएम दीपक कुमार ने सदर अस्पताल के निवर्तमान सिविल सर्जन अशोक कुमार सिंह के कार्यकाल की चर्चा करते हुए कहा कि इनके कार्यकाल में गरीब और असहाय लोगों का काफी मदद हुआ है और लोग इनके कार्यकाल से काफी खुश थे। सदर अस्पताल के नए सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने निवर्तमान सिविल सर्जन अशोक कुमार सिंह के किए गए कार्यों की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं कई वक्ताओं ने कहा की दिन के बाद रात और रात के बाद दिन जैसे प्रकृति का विधान है। वैसे ही जिस सेवा में कोई आदमी अपना योगदान देता है तो सेवानिवृति की तिथि उसी दिन तय हो जाती है।

चेतावनी

### निर्देश को पूर्ण करने के लिए स्कूल को दिया गया एक माह का समय

# ईसीआई मिशन स्कूल लब्दाघाटी की जांच में घोर अनियमितता



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** ईसीआई मिशन स्कूल, लब्दाघाटी में एक छात्रा की मृत्यु होने एवं दो छात्राओं की तबियत खराब होने से संबंधित मामले को लेकर उपायुक्त श्री मृत्युंजय कुमार वर्णवाल के निर्देश पर एसडीओ के नेतृत्व में गठित जांच टीम ने स्कूल में घोर अनियमितता पाई है। जिसको लेकर एसडीओ हरिवंश पंडित द्वारा विद्यालय प्रबंधन को विद्यालय की व्यवस्था में सुधार लाने का निर्देश दिया गया है। जांच टीम ने द्वारा बताया गया है कि विद्यालय में क्षमता से अधिक बच्चे नामांकित है। इसके अलावा विद्यालय में छात्रों के लिए मौलिक सुविधा का अभाव के साथ साथ सुरक्षा का भी अभाव है। जंगल झाड़ियों की बहुतायत व बरसात को देखते हुए घटना की पूर्ण आवृत्ति की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

ऐसे में बच्चों के भविष्य व सुरक्षा को देखते हुए विद्यालय की व्यवस्था में सुधार की अति आवश्यकता है। एसडीओ ने विद्यालय प्रबंधन को बालिकाओं विद्यालय में निर्मित बालिकाओं के छात्रावास में खिड़की दरवाजा को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है, ताकि किसी प्रकार के विषैले जीव जंतु प्रवेश ना कर पाए। साथ ही छात्रावास में उतने ही बच्चों को रखा जाए जितने बेड की व्यवस्था हो। इसके अलावा विद्यालय स्थित विभिन्न संरचनाओं तक आने जाने के लिए चिकने पारगमन पथ का निर्माण कराने का निर्देश दिया है। वहीं विद्यालय में जगह-जगह प्रकाश की व्यवस्था करने, भोजन की सफाई एवं स्वच्छता के संबंध में सतर्कतापूर्ण व्यवस्था करने एवं सुरक्षा गार्ड वन नाइट गार्ड की व्यवस्था करने के साथ-साथ चहारदीवारी का भी निर्माण करने का निर्देश दिया है।

एसडीओ ने विद्यालय प्रबंधन को कहा है कि प्रखंड मुख्यालय से 7-8 किलोमीटर दूर दुर्गम क्षेत्र में विद्यालय के होने, लिट्टीपाड़ा क्षेत्र में प्राय वज्रपात की घटना घटित होने तथा छात्रावास में दूर-दराज के बच्चों के रहने के कारण आपातकालीन सुविधा आवश्यक है। जिसमें अग्निशमन यंत्र के साथ तड़ित चालक एवं सीसीटीवी कैमरा की भी व्यवस्था कराई जाए। इसके अलावा प्राथमिक मेडिकल किट की भी व्यवस्था जरूरी है। यदि संभव हो तो एंबुलेंस के रूप में प्रयुक्त किए जाने वाले वाहन की भी व्यवस्था की जाए अथवा बरसात के समय में भाड़ा पर या नजदीकी किसी प्राइवेट व्यक्ति से भाड़े पर तुरंत वाहन उपलब्ध कराने के लिए संपर्क स्थापित कर रखा जाए। इसके अलवा विद्यालय प्रबंधन को नजदीकी पुलिस थाने व अस्पताल से सुरक्षा, चिकित्सा एवं एंबुलेंस आदि के लिए नियमित संपर्क एवम समन्वय बनाए रखने का निर्देश दिया है।

न्यूज फटाफट

## पत्रकार संगठन ने एसपी का किया स्वागत



**मेदिनीनगर** : झारखंड पत्रकार संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अवधेश शुक्ला और जिला अध्यक्ष अश्विनी कुमार घई के नेतृत्व में गुरुवार को पलामू के नए एसपी रिशमा रमेशन को झारखंड पत्रकार संगठन के सदस्यों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए पलामू एसपी रिशमा रमेशन ने कहा कि पलामू में नशे के अवैध कारोबार पर कार्रवाई जारी रहेगी। एसपी ने कहा कि शांति-व्यवस्था कायम रखने और अपराधों पर नियंत्रण के लिए पत्रकार और पुलिस साथ मिलकर काम करेंगे। जिले में उनकी पहली प्राथमिकता पुलिस के लिए आमजन में जो धारणा है, उसे बेहतर किया जाना है। मौके पर झारखंड पत्रकार संगठन के सदस्य नीलकमल शुक्ला उपेंद्र कुमार,अमितेश रंजन तिवारी, चंद्रदेव कुमार प्रजापति, रामाकांत प्रसाद, विनोद सिंह सहित अन्य पत्रकार साथी मौजूद थे।

## जेएमएम ने पूर्व मेयर की निंदा

**मेदिनीनगर** : पूर्व मेयर अरुणा शंकर के द्वारा प्रेस के माध्यम से बुधवार को कुछ लोगों द्वारा गांधी उद्यान बेलवाटिकर में जाकर हंगामा करने की मामले का निंदा किया गया है। इस संबंध में गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की नगर कमेटी व झारखंड युवा मोर्चा की जिला कमेटी ने संवाददाता सम्मेलन कर निर्वतमान मेयर की निंदा की है तो झामुमो नगर कमेटी और युवा कमेटी ने कहा की वहां कुछ लोग नहीं गए थे बल्कि गांधी उद्यान में हम लोग पूरा झामुमो युवा मोर्चा और नगर कमेटी पहुंचे थे और उनके इस बयानन का निंदा करते हैं सम्मेलन में कहा गया की पूर्व मेयर पति के द्वारा अपने निजी लोगों को गांधी उद्यान में लूटने का छूट दिया गया है जिसे हम लोग कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे ।संवाददाता सम्मेलन में कहा गया की पूर्व मेयर द्वारा कहा गया की मिक्की माउस और बैटरी कार का शुल्क मात्र 20 है जो बिल्कुल झूठ है हम लोगों के पास प्रमाण है की मिकी माउस और बैटरी कार वाले बच्चों के माता-पिता से 50 रुपया शुल्क के तौर पर वसूल रहे थे आर 50 शुल्क जो ले रहा है तो उसका कोई रसीद भी नहीं दे रहे थे जिससे प्रतीत होता है कि पूर्व मेयर के चहेते लोग मनमानी तरीके से आम जनता से पैसा लूटने का काम कर रहे हैं ।सम्मेलन में कहा गया की मॉर्निंग वॉक करने वाले नागरिकों से शुल्क वसूला जा रहा है जो सरकारी पार्क में आम जनता से कहीं भी नहीं लिया जाता है हम लोग उपायुक्त के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी को भी आवेदन दे चुके हैं इस पर जल्द ही कार्रवाई होगी प्रेस कॉन्फ्रेंस में झामुमो महानगर कमेटी के अध्यक्ष रंजीत जायसवाल सचिव छोटू त्रिपाठी उपाध्यक्ष विशाल सिन्हा(मोनू),युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला सचिव आशुतोष विनायक कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज जिला कमेटी से संगठन सचिव अनुराग सिंह और झामुमो वरिष्ठ नेता प्रदीप सिंह उपस्थित थे।

## भाजपा युवा मोर्चा ने किया प्रदर्शन



**मेदिनीनगर** : भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू के द्वारा गुरुवार को जिला परिषद कार्यालय के सामने राज्य की हेमंत सोरेन की ढग बंधन सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना का आयोजन जिला अध्यक्ष ज्योति पांडे जी के नेतृत्व में किया गया। धरना को संबोधित करते हुए श्री पांडे ने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन सरकार को सत्ता में आए हुए 4 वर्ष के लगभग हो गया नियोजन एवं स्थानीय नीति के अभाव में लाखों युवा बेरोजगार हैं टेट की परीक्षा नहीं हो रही है सरकार सीटेट की परीक्षाको आधार नहीं मान रही है बीएड करने वाले हजारों छात्र छात्राएँ परीक्षा से वंचित है चुनाव के पहले किया गया सारे वादे चुनावी जुमला बन कर रह गए यहां के युवा सरकार के क्रियाकलापों से आक्रोशित दिखाई दे रहे हैं राज्य भ्रष्टाचार और अपराध का चारागाह बनते जा रहा है राज्य सरकार के नेतृत्व में सरकारी पदाधिकारी रोज भ्रष्टाचार का नया कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष बिज्यानंद पाठक ने कहा कि इस सरकार के क्रिया कलापों से ये साफ जाहिर होता है सरकार का कार्य इस राज्य का विकास करना नहीं बल्कि अपना विकास करना है भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी पूरे राज्य में इस सरकार के खिलाफ आक्रोश का माहौल है चारों भय,भूख भ्रष्टाचार ,उग्रवाद ,अपराध ,हत्या, बलात्कार की घटनाएँ इस राज्य में घटित हो रही है जिला प्रभारी मुन्ना तिवारी ,दुर्गा जोहरी, बिजय ओझा, रीना किशोर, अरविंद गुप्ता ,रूपसिंह ,लवली गुप्ता ,विपुल गुप्ता, राजीव रंजन मेहता ,संजय सिंह , विकास तिवारी ,उज्जवल पांडे ने भी अपने विचार रखे इस कार्यक्रम में अभिषेक सिंह,नवनीत प्रजापति ,चंदन दुबे ,पप्पू सिंह, अनिल प्रजापति ,आशीष सिन्हा ,प्रशांत तिवारी ,अमरेंद्र चौरसिया , प्रधान, राहुल पांडेय ,सौरभ पाण्डेय आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना: विनोद

**मेदिनीनगर** : बसपा के जिला अध्यक्ष, अजय कुमार भारती एवं बसपा पलामू लोकसभा प्रभारी, पूर्व प्रत्याशी डालटेनगंज विधानसभा क्षेत्र विनोद कुमार सोनी ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है,कि मेदिनीनगर निगम क्षेत्रों में जानलेवा विद्युत पोल,टेलीफोन पोल एवं सड़क पर पेड़ होने के वजह से लगातार दुर्घटना हो रही है और भविष्य में बड़ी दुर्घटना का कारण बना हुआ है। परन्तु संबंधित विभाग के लोग चैन की नींद सो रहे हैं दो दिन पूर्व थाना से सटे हुए बड़ा पेड़ सड़क पर गिर गया संजोग कहिए की रोड पर उस वक्त पेड़ के चपेट में लोग नहीं आए नहीं तो दर्जनों लोग काल के गाल में समा जाते और संबंधित विभाग पल्ला झाड़ते नजर आती है ।संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से आग्रह है कि रोड से सटे एवं बीच में आए पेड़,विद्युत पोल, एवं टेलीफोन पोल को अतिशीघ्र घटाने का दवाई किया जाए। आज तारीख के बाद किसी तरह के घटना या दुर्घटना होगी इसकी सारी जिम्मेदारी संबंधित विभाग का होगा एवं शहर में डिवाइडर लगने से यातायात सुगम हो गई है। लेकिन रोड साइड में अतिक्रमण किया गया है। उसे भी जिला प्रशासन को अतिशीघ्र हटाने चाहिए।

## किसानों ने किया पुल निर्माण को लेकर प्रदर्शन

**हरिहरगंज** : सिंचाई सुविधा से वंचित प्रभावित किसानों ने किसान एकता मंच के बैनर तले बटाने मुख्य नहर एनएच 98 सुलतानी के पास सड़क में पुल निर्माण की मांग को लेकर गुरूवार को शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी के मुख्य गेट पर अक्रोशपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने फोर लेन निर्माण कार्य करा रहीं कंपनी के अधिकारियों पर किसानों की उपेक्षा और मनमानी का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। धरना प्रदर्शन में झारखंड के हरिहरगंज ,पिपरा और सीमावर्ती बिहार के कुटुंबा ,नबीनगर प्रखंड क्षेत्र से काफी संख्या में किसानों ने हिस्सा लिया। किसानों का कहना है कि उक्त नहर में फिलहाल ह्यूम पाइप डालकर कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा रोड का निर्माण कर दिया गया है। जिससे पानी का बहाव रुका हुआ है। इससे हजारों एकड़ जमीन में कृषि कार्य प्रभावित है।

## शहर >> अपडेट

### आत्महत्या का प्रयास

बालूमाथ : एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बारीबाद ग्राम में गुरुवार को जहर खाकर एक महिला ने आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उर्मिला देवी 24 वर्ष पति नरेश उरांव ग्राम बारीबाद थाना बारियातू निवासी का अपने पति के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हुआ था। जिसके बाद आवेश में आकर महिला ने घर में रखा कीटनाशक दवा खा लिया । घटना के बाद परिजनों के सहयोग से महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## सिटी अपडेट्स >>

### बाइक की हुई चोरी

कुडू : कुडू बाजार टांड स्थित साप्ताहिक हाट से चोर ने फिर एक बाइक पर हाथ साफ कर दिया। मामले में पीड़ित ने पुलिस को आवेदन देकर बाइक की बरामदगी की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र के कोलसिमरी गांव निवासी सोमनाथ भगत ने थाना में दिए गए अपने आवेदन में बताया है। कि वह अपनी बाइक हीरो पैसन प्रो निबंधन संख्या जेए08 डी-6497 से कुडू बाजार सब्जी खरीदने गया था। अपनी बाइक को अजय लोहा दुकान और गंगा साव के दुकान के सामने खड़ा कर सब्जी खरीदने गया। सब्जी लेकर वापस लौटने पर जिस जगह बाइक खड़ा किया था वहां बाइक नहीं थी। काफी खोजबीन करने के बाद जब बाइक का कुछ पता नही चला तो लिखित शिकायत दर्ज कराई है। ज्ञात हो कि प्रत्येक साप्ताहिक हाट से बाइक चोरी की घटना होती रहती है। जिससे बाजार आने वाले दुकानदार और खरीदार सहमे हुए हैं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### टाटी उप मुखिया को मिला मुखिया का प्रभार

कुडू : कुडू बीडीओ मनोरंजन कुमार की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत टाटी में अस्थायी मुखिया चयन हेतु सभी वार्ड सदस्यों के साथ विशेष बैठक में सरसम्मति कुडू प्रखंड के टाटी पंचायत की उप मुखिया राजमणि देवी को मुखिया का कार्यभार सौंपा गया। उल्लेखनीय है। कि टाटी पंचायत के मुखिया बन्दे उरांव का पिछले 7 मई को अकस्मात देहांत हो जाने के कारण मुखिया पद रिक्त हो गया था। बीडीओ श्री कुमार ने बताया कि उपायुक्त द्वारा जारी आदेश पत्र के आलोक में ग्राम पंचायत टाटी के मुखिया की शक्तियों का सभी कार्यों का निष्पादन निर्वहन करने के लिए उप मुखिया राजमणि देवी को मुखिया के लिए प्राधिकृत किया गया है।

**नुक्कड़ नाटक** नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार की योजनाओं का किया गया प्रचार प्रसार

# कल्याणकारी योजनाओं से अवगत हुए लोग

- बरसाती मौसम में वज्रपात जैसे प्राकृतिक आपदा से बचाव
- हाथीपांव जैसे बीमारी से बचाव के महत्त्व को समझाया गया

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग :** हजारीबाग जनसंपर्क विभाग हजारीबाग के निबंधित कलादलों के द्वारा नुक्कड़ नाटकों का मंचन कर आम लोगों के बीच सरकार की लोककल्याणकारी एवं फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी गई। गुरुवार को दारू प्रखण्ड के ईरगा एवं दिगवार, चुरचू प्रखण्ड के लारा एवं इंदरा, बड़कागांव प्रखंड के बड़कागांव पश्चिमी एवं चेपाकला, केरेडारी प्रखण्ड के सलगा एवं बुंडू बरही प्रखंड के बसरिया एवं नगर बरसोत में लोगों के बीच सरकार द्वारा संचालित फाइलेरिया - मलेरिया विलोपन कार्यक्रम के तहत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान के तहत अल्बेंडाजोल की खुराख को लेकर स्वास्थ्य कार्यकताओं के समक्ष सेवन कर हाथीपांव जैसे बीमारी से बचाव के महत्त्व को समझाया गया।

साथ ही मलेरिया,फाईलेरिया के पनपने, फैलने वाले कारक,मच्छर से बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करने सहित आवासीय परिसर के आसपास पानी के जमाव से बचने के सन्दर्भ में जानकारी दी गई। 14 जुलाई से 14 अगस्त तक संचालित जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के निबंधन अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि अभियान के तहत जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र से वंचित लोग स्थानीय निकायों के रजिस्टार यथा पंचायत सेवक, सरकारी अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी,अस्पताल अधीक्षक, प्रखंड विकास पदाधिकारी से संपर्क कर प्रमाण पत्र बनवाने की जानकारी दी गई।

साथ ही बरसाती मौसम में वज्रपात जैसे प्राकृतिक आपदा से बचाव, सावधानी की जानकारी, नशापान जैसे सामाजिक कुरीति के बारे में स्थानीय भाषा में नाटक का मंचन कर सरल, रोचक और आसान तरीके लोगों को समझाया गया। इसके अलावा केसीसी, सर्वजन पेंशन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि, फूलो झानो आशीर्वाद, मुख्यमंत्री पशुधन आदि सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में जानकारी पोस्टर बैनर और पंपलेट्स आदि प्रचार सामग्रियों का वितरण किया गया।

## बाइक से गिरी महिला

राष्ट्रीय खबर



**कुडू:** कुडू चंदवा मुख्य पथ एनएच 75 पर एक महिला चलती बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए कुडू अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज कर रही डॉक्टर निरुपमा ने महिला की स्थिति गंभीर देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया। फिलहाल महिला की स्थिति गम्भीर बताई जा रही है। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुई महिला की पहचान चंदवा थाना क्षेत्र के दूधिमाटी निवासी निर्मल गंझू की पत्नी आशा देवी के रूप में हुई है।वहीं एक बार फिर जाको राखे साइयां मार सके न कोय वाली कहावत चरितार्थ हुई महिला की गोद मे बैठी उसकी 5 माह की बेटी को खरोच तक नही आई। महिला के पति निर्मल ने बताया कि उसकी पत्नी अपने भाई के साथ बाइक से अपने मायके बालूमाथ जा रही थी।

## टीबी को लेकर चलाया अभियान

राष्ट्रीय खबर



**कुडू:** कुडू प्रखंड अंतर्गत आने वाले गांव एवं वस्तियों में टीबी बिमारी को लेकर पीरामल स्वास्थ्य के द्वारा लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत गुरुवार को बड़की चापी पंचायत के कुम्हार टोली में ग्रामीणों को टीबी बिमारी की पहचान, जांच एवं उपचार के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान पीरामल स्वास्थ्य के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुधीर कुमार राय ने बताया कि टीबी एक संक्रामक बिमारी है जो माईकोबैकटेरियम ट्यूबरकुलोसिस से होता है। इसलिए इसे छुपाने की नहीं बल्कि जांच कराने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि घर में छिपे संदिग्ध टीबी मरीजों को भी खोजकर बाहर निकालने की जरूरत है, ताकि संक्रमण फैलाने से रोका जा सके।इसके लिए समाज के प्रभावशाली व्यक्ति जैसे अलग अलग धर्मों के धर्म गुरु, ग्राम प्रधान, मुखिया की जिम्मेदारी समाज के बीच जागरूकता पैदा करने में काफी अहम हो जाता है। उन्होंने बताया कि शुरूआत में लक्षणों का पता चलने पर टीबी बिमारी से होने वाली मौतें और संक्रमण के फैलाव को रोका जा सकता है। एक सप्ताह से ज्यादा खांसी होना, शाम में बुखार आना, भूख नहीं लगना आदि ऐसी कोई भी लक्षण किसी इंसान में है। तो उसे जल्द से जल्द इसका इलाज करवाना चाहिए।

## न्याय से वंचित न रहें कोई : अरूण



राष्ट्रीय खबर

**चंदवारा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा चंदवारा प्रखंड स्थित पूर्वी पंचायत भवन में चलंत लोक अदालत सह विद्युत जागरूकता शिविर का आयोजन गुरुवार को किया गया। इसमें मुख्य रूप से उपस्थित एलडीसीएस के अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा ने कहा कि कानून की जानकारी हर व्यक्ति के लिए आवश्यक है। लोग जागरूक होकर ही अपने अधिकारों को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि साधन के अभाव में कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं रह सकता है। इसके लिए प्राधिकार कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि लोग अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और शिक्षित होकर देश के नवनिर्माण में अपनी अहम भागीदारी सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि जागरूकता शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है ताकि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक न्याय की किरण पहुंच सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही व्यक्ति अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास कर सकता है। उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह, बाल तस्करी, बाल मजदूरी, डायन बिसाही, सहित कई कानूनों की विस्तृत रूप से जानकारी दी।

वही अश्विनी शरण ने झालसा द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों एवं कानूनों की विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने सरकार के द्वारा चलाया जा रहे हैं विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। मौके पर चंदवारा पूर्वी की मुखिया अनीता देवी, बाल गोविंद स्वर्णकार,( पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि) द्वारिका कुमार यादव (उप मुखिया प्रतिनिधि) पंचायत सचिव मुकेश कुमार दास, पीएलबी सुमन रानी, सोनिया देवी भक्ति देवी पार्वती देवी कयूम अंसारी, मूर्ति खातून, सोनी देवी, सीता देवी, नराधम सोनकर, साइना प्रवीण, नाजिश खातून सहित दर्जनों महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

## बिरहोरों की समस्याओं से डीसी को कराया अवगत



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमाः** झुमरीतिलैया नगर परिषद इलाके के वार्ड नं० 2 स्थित झरना कुंड में रहने वाले बिरहोर परिवारों के जर्जर आवास , शौचालय समेत दूसरी समस्याओं के निदान को लेकर जिला कांग्रेस के ओबीसी प्रकोष्ठ के साथ ही कांग्रेस पार्टी के नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल आज उपायुक्त मेघा भारद्वाज से मिलकर उनसे समुचित कदम उठाने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में जिला ओ बी सी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संतोष यादव,वरीय कांग्रेस नेता गणेश प्रसाद स्वर्णकार ,अरविंद सेठ,कांग्रेस ओ बी सी प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष सुभाष प्रसाद सिंह महिला प्रतिनिधि सुमन जी शामिल थे ।नेताओं ने उपायुक से मांग की कि झरणाकुण्ड में रहने वाले बिरहोरों के लिए 50 नए आवास का निर्माण कराया जाए और दूसरी जरूरी सुविधा बहाल की जाए ।प्रतिनिधि मंडल में शामिल लोगों ने बात चीत के दौरान बताया कि उपायुक्त महोदया ने इस पर सकारात्मक कदम उठाने की बात कही है।

## न्यूज फटाफट

### सदन में उठाया एसटी-एससी का मामला

**पेटरवार :** पेटरवार विधानसभा सभा में चल रहे मानसून सत्र के शून्यकाल के दौरान गुरुवार को गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति का मामला उठाया। विधायक लंबोदर महतो ने उक्त मामला सदन में रखते हुए कहा कि 23 नवंबर 2004 को झारखंड सरकार के मंत्री परिषद की हुई बैठक के प्रस्ताव संख्या एक में छोटानागपुर के कुरमी/कुड़मी (महतो) तथा उत्तरी छोटानागपुर व संथाल परगना के घटवार ( घटवाली), राज्य के तेली ( कोल्हू) को अनुसूचित जनजाति में तथा चंद्रवंशी (कहार) को अनुसूचित जाति या जनजाति की सूची में शामिल करने के निर्णय के बावजूद अबतक जनजाति की सूची में शामिल नही किया गया है। विधायक ने सदन के माध्यम से सरकार से छोटानागपुर के कुरमी/कुड़मी, उत्तरी छोटानागपुर व संथाल परगना के घटवार तथा तेली ( कोल्हू) व चंद्रवंशी ( कहार) को अनुसूचित जाति व जनजाति की सूची में शामिल करने की मांग की।

### रवि नंदन की मनायी गयी जयंती



**कोडरमा :**अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व रवि नंदन सहाय को उनकी जन्म जयंती पर कोडरमा के कायस्थ जनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कोडरमा जिला के चित्रगुप्त नगर स्थित चित्रांश बिसुनदेव प्रसाद के निवास स्थान पर आयोजित जयंती सभा की अध्यक्षता चित्रांश शशिकांत सिन्हा ने किया जबकि मुख्य रूप से अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री मनोज सहाय पिंकू उपस्थित हुए। जयंती सभा को संबोधित करते हुए सहाय ने बताया कि प्रखर स्वतंत्रता सेनानी श्याम नंदन सहाय के कुल में जन्मे, पटना के पूर्व मेयर स्व कृष्ण नंदन सहाय के पुत्र रवि नंदन सहाय जी का जन्म आज ही के दिन सन 1942 में हुआ था। विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक पदों पर शोभायमान रविनंदन सहाय उर्फ अमर बाबू को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तात्कालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश नारायण सारंग ने 18 मार्च 2018 को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया था। जबकि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर सेवा करते हुए इनका आकस्मिक निधन हुआ। आज हम अपने कायस्थ कुल गौरव को नमन कर गौरवान्वित महसूस करते हैं। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से अखिल भारतीय कायस्थ महासभा कोडरमा जिला प्रवक्ता शैलेश कुमार शोलू, वरिष्ठ चित्रांश विनोद कुमार सिन्हा, अजय कुमार सिन्हा ,अभय प्रसाद सिन्हा, संदीप सिन्हा सहित जिले के चित्रांश बंधु शामिल हैं।

### टाटी उप मुखिया को मिला प्रभार



**कुडू :** कुडू बीडीओ मनोरंजन कुमार की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत टाटी में अस्थायी मुखिया चयन हेतु सभी वार्ड सदस्यों के साथ विशेष बैठक में सरसम्मति कुडू प्रखंड के टाटी पंचायत की उप मुखिया राजमणि देवी को मुखिया का कार्यभार सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि टाटी पंचायत के मुखिया बन्दे उरांव का पिछले 7 मइ को अकस्मात देहांत हो जाने के कारण मुखिया पद रिक्त हो गया था। बीडीओ श्री कुमार ने बताया कि उपायुक्त द्वारा जारी आदेश पत्र के आलोक में ग्राम पंचायत टाटी के मुखिया की शक्तियों का सभी कार्यों का निष्पादन निर्वहन करने के लिए उप मुखिया राजमणि देवी को मुखिया के लिए प्राधिकृत किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### शराब के विरूद्ध छारेमारी



**कुडू :** कुडू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में आज कुडू बाजार टांड़ एवं जामडी गांव में में महुआ शराब(दारु) के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी के द्वारा महुआ शराब को नष्ट किया गया। थाना प्रभारी के यह कार्रवाई देखकर महुआ शराब बेच रहे लोग इधर-उधर शराब छोड़कर भाग गए ,महुआ शराब एवं हड़िया को थाना प्रभारी एवं पुलिस बल के द्वारा नष्ट किया गया। इस करवाई से अवैध महुआ शराब बेचने वाले लोगो मे हड़कंप है। इस मौके पर कुडू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह, सहित पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

**कार्यशाला** विश्व स्तनपान सप्ताह पर यूनिसेफ ने किया कार्यशाला का आयोजन

# महिलाओं के लिए कार्यस्थल पर हो अनुकूल वातावरण

▶▶जन्म के एक घंटे के अंदर बच्चे को पिलाया जाना वाला मां का गाढ़ा-पीला दूध

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** विश्व स्तनपान सप्ताह पर, यूनिसेफ ने आज विशेष स्तनपान के महत्व पर एक मीडिया ब्रीफिंग का आयोजन किया, जिसमें चिकित्सा क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ-साथ स्वास्थ्य अधिकारियों, भागीदारों और समुदाय के सदस्यों के अलावा मीडियाकर्मियों ने हिस्सा लिया। इस वर्ष के विश्व स्तनपान सप्ताह का थीम माताओं के लिए एक सक्षम और अनुकूल वातावरण बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है, ताकि वे अपने बच्चों को अस्पताल, घर व कार्यस्थलों पर बिना किसी समस्या के स्तनपान करा सकें। जिन नवजात शिशुओं को जीवन के पहले घंटे में स्तनपान कराया जाता है, उनकेजीवित रहने की संभावना काफी अधिक होती है। जन्म के एक घंटे केअंदर बच्चे को पिलाया जाना वाला मां का गाढ़ा-पीला दूध, जिसे कोलेस्टंम भी कहा जाता है, पोषक तत्वों और एंटीबॉडी से भरपूर होता है और वह बच्चे के लिए पहला टीका के तौर पर काम करता है। इस अवसर पर, डॉ. राघवेंद्र नारायण शर्मा, उप निदेशक, नोडल अधिकारी, बाल स्वास्थ्य झारखंड; डॉ.आशा किरण, पीएसएम रिम्स; आस्था अलंग, कम्यूनिकेशन, एडवोकेसी एवं पार्टनरशिप विशेषज्ञ, यूनिसेफ प्रीतीश नायक, पोषण विशेषज्ञ, यूनिसेफ; डॉ वनेश माथुर, स्वास्थ्य अधिकारी, यूनिसेफ; अकाई मिंज, राज्य कार्यक्रम समन्वयक एवं एसपीएम, एनएचएम, झारखंड; श्रीमती सुधादेवी एम., प्रिंसिपल, कॉन,रिम्स, रांची; डॉ. किरण त्रिवेदी, स्त्री रोग विभाग, रिम्स; तथा अन्य स्वास्थ्य अधिकारी भी उपस्थित थे। स्तनपान अभ्यासों में सुधार तथा शिशु दूध के विकल्प, फीडिंग बॉटल्स एवं शिशु आहार उत्पादनआपूर्ति एवं वितरण विनियमन अधिनियम, 1992 और 2003 में संशोधित आईएमएस अधिनियम12 के कार्यान्वयन को मजबूत करने के लिए राज्य में सर्वोत्तम प्रथाओं और पहलों के बारे में बताते हुए डॉ.राघवेंद्र नारायण शर्मा, उप निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं सह नोडल अधिकारी, बाल स्वास्थ्य, झारखंड ने कहा, अस्वास्थ्य सुविधाओं को अस्पतालों में स्तनपान नीति पर सख्ती से ध्यान केंद्रित करना चाहिए और नर्सों को इसके बारे में जागरूक किया जाना चाहिए।

यह भी महत्वपूर्ण है कि स्वास्थ्य कार्यकताओं के साथ-साथ विज्ञापन कंपनियां, समुदाय के सदस्य तथा मीडिया इसे कार्यान्वित करने में अपनी भूमिकाअदा करें। हमें सामान्य परिस्थितियों में शिशु दूध के विकल्प, फीडिंग बॉटल्स तथा शिशु दूध के उत्पादों को कभी भी बढ़ावा नहीं देना चाहिए। संबंधित कर्मचारियों को इस पर लगातार प्रशिक्षित किया जाता हैऔर इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से स्तनपान के शीघ्र शुरूआत 14प्रसव के 1 घंटे के भीतर विशेषस्तनपान और कम से कम 2 साल तक स्तनपान जारी रखने के लाभो के बारे में जागरूकता फैलाने में मदद मिलेगी। यूनिसेफ की कम्यूनिकेशन, एडवोकेसी एवं पार्टनरशिप स्पेशलिस्ट, आस्था अलंग ने बैठक के उद्देश्य एवं लक्ष्य के बारे में बताते हुए कहा, विश्व स्तनपान सप्ताह, दुनिया भर में मनाया जाने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है, जो कि सामूहिक प्रयासों के माध्यम से स्तनपान के प्रति जागरूकता, इसकेप्रचार-प्रसार एवं प्रोत्साहन देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

### अल्पसंख्यकों के खिलाफ जुल्म पर जताई चिंता



**रांची:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने देश में हो रहे अल्पसंख्यकों के खिलाफ जुल्म पर गहरी चिंता व्यक्त किया और उन्होंने कहा की मणिपुर में जिस तरह ईसाई समुदाय पलायन कर रहे और ट्रेन में जीआरपीएफ कांस्टेबल, चेतन सिंह द्वारा मोदी योगी के समर्थन में नारा लगा कर मुस्लिमो को गोली मारी गई और मेवात में प्री प्लान दंगा कराना और चार दिन पहले से वांछित अपराधी मोनू मानेसर द्वारा दंगा करने की वीडियो पोस्ट कर ललकारना और बीजेपी सरकार ये सब देख कर आंखे बंद रखना ये साबित करता है की बीजेपी 2024 का चुनाव पूरे देश में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ कर एक समुदाय को गोलबंद कर चुनाव जीतना चाहती है ।इसे बेनकाब करने के लिए अल्पसंख्यक कांग्रेस पूरे झारखंड प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से विरोध प्रदर्शन करेगी । इसी कड़ी में आज रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष अख्तर अली के अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के कार्यालय में एक बैठक रखी गई जिसमे देश में हो रही अल्पसंख्यकों पर जुल्म के खिलाफ राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन कमिश्नर के द्वारा शनिवार को देगी इसके बाद रांची महानगर अल्पसंख्यक कांग्रेस चरणबद्ध तरीके से आंदोलन जारी रखेगी ।

## न्यूज फटाफट

### क्लिफोर्ड मिरांडा बने भारतीय अंडर-23 टीम के कोच



**नयी दिल्ली:** पूर्व भारतीय फुटबॉलर क्लिफोर्ड मिरांडा को अंडर-23 पुरुष टीम का कोच नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एआईएफएफ ने गुरुवार को आईएम विजयन की अध्यक्षता में हुई तकनीकी समिति की बैठक के बाद यह निर्णय लिया। इस बैठक में पिंकी बोमपाल मगर, हरजिंदर सिंह, अरुण मल्होत्रा, क्लाइमैक्स लॉरेंस, यूजेनिसन लिंगडोह और एआईएफएफ के तकनीकी निदेशक सैयद शब्बीर पाशा उपस्थित रहे। इस समिति ने मुख्य कोच के पद के लिये क्लिफोर्ड मिरांडा की सिफारिश करने के अलावा नलप्पन मोहनराज को सहायक कोच, रघुवीर खानवलकर को गोलकीपिंग कोच और गैविन एलियास अराउजो को अंडर-23 पुरुष टीम का फिटनेस कोच बनाने की सिफारिश की। मिरांडा 2005 से 2014 के बीच भारतीय टीम के लिये खेल चुके हैं। उन्होंने अपने नौ साल के अंतरराष्ट्रीय करियर में दो सैफ चैंपियनशिप, दो नेहरू कप और एक एएफसी चैलेंज कप जीता। एआईएफएफ महासचिव डॉ. शाजी प्रभाकरन ने मिरांडा की नियुक्ति का स्वागत करते हुए कहा, ''क्लिफोर्ड को भारतीय पुरुष अंडर-23 राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के रूप में चुने जाने पर बधाई। क्लिफोर्ड ने ओडिशा एफसी के लिये सुपर कप जीतने के लिये अच्छा प्रदर्शन किया और मुझे यकीन है कि हम भारतीय टीम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर सकते हैं। मिरांडा का पहला प्रमुख टूर्नामेंट छह सितंबर से चीन के डालियान में होने वाला एएफसी अंडर-23 एशियाई कप 2024 क्वालीफायर होगा, जिसके लिये संभावित 28 खिलाड़ियों की घोषणा गुरुवार को हुई। ये खिलाड़ी 12 अगस्त को भुवनेश्वर में अपना तैयारी शिविर शुरू करेंगे। भारत को क्वालीफायर के ग्रुप जी में मालदीव, संयुक्त अरब अमीरात और मेजबान चीन के खिलाफ रखा गया है।

### क्वार्टरफाइनल में भिड़ेंगे किदांबी, प्रियांशु



**सिडनी:** भारत के अनुभवी शटलर किदांबी श्रीकांत और युवा प्रतिभा प्रियांशु राजावत ने ऑस्ट्रेलिया ओपन 2023 में गुरुवार को अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी। प्रियांशु ने 59 मिनट चले पुरुष प्री-क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के वांग जू वेई को 21-8, 13-21, 21-19 से मात दी। किदांबी ने ताइपे के सू ली यांग को 21-10, 21-17 से हराने में सिर्फ 39 मिनट का समय लिया। क्वार्टरफाइनल में किदांबी और प्रियांशु आमने-सामने होंगे। इस बीच, एचएस प्रणय और पीवी सिंधु ने भी अपने-अपने दूसरे चरण के मुकाबले जीते, जबकि मिथुन मंजूनाथ और किरण जॉर्ज हारकर सुपर 500 टूर्नामेंट से बाहर हो गये। खराब फॉर्म से जूझ रहीं सिंधु ने महिला एकल के प्री-क्वार्टरफाइनल में हमवतन आकर्षि कश्यप को 21-14, 21-10 से हराया। प्रणय ने चीनी ताइपे के ची यू जेन के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक घंटे 14 मिनट में 19-21, 21-19, 21-13 से जीत दर्ज की। पहले दौर में पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू को मात देने वाले मंजूनाथ मलेशिया के ली ज़ी जिया से 21-13, 12-21, 19-21 से हार गये। किरण को इंडोनेशिया के एंथनी गिनटिंग के हाथों 15-21, 18-21 की सीधे सेटों की हार का स्वाद चखना पड़ा। महिला युगल प्रतियोगिता में, त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी जापान की मायु मात्सुमोतो और वकाना नागाहारा के हाथों 10-21, 20-22 से हारी।

**संन्यास** भारतीय क्रिकेटर ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट को कहा अलविदा

# धोनी के साथ खेल चुका है दिग्गज

- ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध ब्रिसबेन वनडे में अंततः भारतीय जर्सी पहनी
- मनोज ने भारत के लिये 12 एकदिवसीय मैचों में 287 रन बनाये

**एजेंसियां**



**कोलकाता:** भारत और पश्चिम बंगाल के अनुभवी बल्लेबाज मनोज तिवारी ने गुरुवार को क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। तिवारी ने सोशल मीडिया पर साझा किये गये संदेश में लिखा, क्रिकेट के खेल को अलविदा। इस खेल ने मुझे सब कुछ दिया है। वे सब जिसका मैंने सपना भी नहीं देखा था, उस समय से जब मेरे जीवन में कई तरह की कठिनाइयां थीं। हमेशा इस खेल का और परमेश्वर का शुक्रगुज़ार रहूंगा, जो हमेशा मेरे साथ रहे।

पश्चिम बंगाल के हावड़ा में जन्मे तिवारी ने रणजी ट्रॉफी के 2006-07 सीज़न में 99.50 की औसत से 796 रन बनाकर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। चोट के कारण उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर उतरने के लिये लंबा इंतजार करना पड़ा। तिवारी ने तीन फरवरी 2008 को ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध ब्रिसबेन वनडे में अंततः भारतीय जर्सी पहनी।

मनोज ने भारत के लिये 12 एकदिवसीय मैचों में 287 रन बनाये जहां उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 104 रन रहा। टी20 प्रारूप में वह सिर्फ तीन बार ही भारत का प्रतिनिधित्व कर सके। पश्चिम बंगाल के पूर्व कप्तान तिवारी ने अपना प्रथम श्रेणी करियर 2004 में ईडन गार्डन में शुरू करने के बाद 2023 में कोलकाता के उसी मैदान पर समाप्त किया।

प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका आखिरी मैच सौराष्ट्र के विरुद्ध खेला गया रणजी ट्रॉफी फाइनल था जहां दूसरी पारी में अपनी टीम के लिये सर्वाधिक रन बनाने के बावजूद उन्हें हार का सामना करना पड़ा। तिवारी ने कहा, मेरे बचपन से लेकर पिछले साल तक मेरे सभी कोचों को धन्यवाद, जिन्होंने मेरी क्रिकेट उपलब्धियों में भूमिका निभाई है। मनबेंद्र घोष, मेरे पिता समान कोच इस क्रिकेट यात्रा में स्तंभ की तरह रहे हैं। अगर वह नहीं होते तो मैं क्रिकेट जगत में कहीं भी नहीं पहुंच पाता। धन्यवाद सर और आपके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। तिवारी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ 2012 में खिताब जीतने के अलावा राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स, दिल्ली डेयरडेविल्स और पंजाब किंग्स का भी प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने कुल मिलाकर 183 टी20 मैचों में 3436 रन बनाये, जिसमें 15 अर्द्धशतक शामिल रहे।

बंगाल के खेलमंत्री मनोज ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट कर अपने रिटायमेंट का ऐलान किया। इस दौरान उन्होंने लिखा, क्रिकेट को अलविदा। इस खेल ने मुझे सब कुछ दिया है। मेरा मतलब है कि हर चीज जिसके बारे में मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। मैं इस खेल और भगवान का हमेशा आभारी रहूंगा, जो हमेशा मेरे पक्ष में रहे। इस मौके पर मैं उन सभी लोगों के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं जिन्होंने मेरी क्रिकेट की जर्नी में भूमिका निभाई है। मेरे बचपन से लेकर पिछले साल तक मेरे सभी कोचों को धन्यवाद।

## खेल जगत अपडेट्स

### चार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ियों ने विश्व चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया



**नयी दिल्ली:** भारत के चार पुरुष भाला फेंक खिलाड़ियों ने इस महीने के अंत में हंगरी के बुडापेस्ट में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है जो देश के एथलेटिक्स में बहुत कम देखने को मिला है लेकिन एक खिलाड़ी चोटिल है। ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने पहले ही 19 से 27 अगस्त तक होने वाली चैम्पियनशिप के लिए डायमंड लीग चैम्पियन होने के नाते वाइल्डकार्ड से क्वालीफाई कर लिया है। किशोर जेना ने भी विश्व रैंकिंग कोटा हासिल कर लिया है।रोहित यादव और डीपी मनु ने भी विश्व चैम्पियनशिप में 36 भाला फेंक एथलीट की सूची में जगह बनायी। लेकिन रोहित की हाल में उनकी ह्यथ्रोइंगह्न बांह में सर्जरी हुई है और वह विश्व चैम्पियनशिप में नहीं खेल पायेंगे। एक देश प्रत्येक स्पर्धा में तीन एथलीट उतार सकता है लेकिन इनकी संख्या में इजाफा हो सकता है बशर्ते कोई वाइल्ड कार्ड के जरिये जगह बना ले।

### शर्मा ने लगाई डब्ल्यूपीएफजी में स्वर्ण की हैट्रिक

**चंडीगढ़:** पंजाब के सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) एसएम शर्मा ने कनाडा के विनिपेग में आयोजित विश्व पुलिस और फायर खेलों (डब्ल्यूपीएफजी) की टेनिस प्रतियोगिता में दो स्वर्ण जीते हैं। शर्मा ने पुरुष एकल (60+) के सेमीफाइनल में हंगरी के जोसेफ जुहाज़ को 6-1, 6-1 से हराया। फाइनल में वह अपने हमवतन शास्त्री कृष्णमूर्ति से 3-0 से आगे चल रहे थे, जब कृष्णमूर्ति ने मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मुकाबले से हटने का फैसला लिया। पुरुष युगल फाइनल में शर्मा और श्रीनिवास रेड्डी की भारतीय जोड़ी ने रॉबर्ट शेफ़नर और विक्टर बियर्ड की अमेरिकी जोड़ी को सीधे सेटों में 6-1, 6-2 से हराया। यह डब्ल्यूपीएफजी आयोजन की एकल प्रतियोगिता में शर्मा का तीसरा स्वर्ण पदक है।

विराट कोहली की कलाई पर दिखी बेशकीमती घड़ी

# कीमत जानकर रह जाएंगे हैरान

**एजेंसियां**



**नई दिल्ली:** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज विराट कहोली इन दिनों एक घड़ी के कारण चचाओं में हैं। दरअसल, वेस्टइंडीज दौरे पर कोहली की कलाई पर एक घड़ी जो की बेशकीमती है। बता दें कि, कोहली की इस घड़ी की कीमत एक या दो लाख नहीं बल्कि 85 लाख रुपये है। तीसरे वनडे मैच के बाद वे शुबमन गिल के साथ बात करते नजर आए। इस दौरान उन्होंने जो घड़ी पहनी रखी थी, उस पर हर किसी की निगाह गई और फिर क्या था सोशल मीडिया ये तस्वीर तेजी से वायरल होने लगी। विराट कोहली की ये घड़ी Patek Philippe Aquanut की है। इस कंपनी की घड़ियां इससे भी महंगी होती है। लेकिन जो घड़ी कोहली की कलाई पर है, उसकी कीमत करीब 85 लाख है। हालांकि, इतनी महंगी या फिर इससे भी महंगी घड़ी पहनना कोहली के लिए बड़ी बात नहीं होगी क्योंकि वे एक-एक ब्रांड एंडोर्समेंट के लिए करोड़ रुपये चार्ज करते हैं। कोहली के पास लग्जरी घड़ियों का कलेक्शन इस घड़ी के अलावा कोहली के पास कई घड़ियों का कलेक्शन हैं। जिनमें 35 लाख रुपये की Rolex Sky Dweller 18k Rose Gold भी शामिल है। इसके अलावा उनके पास Audemars Piguet Royal Oak और Rolex DayDate 49 18' भी है। जिनकी कीमत 17 लाख और 27 लाख रुपए है। वहीं उनकी सबसे महंगी घड़ी की बात करें तो अब तक 4.6 करोड़ रुपये की Rolex Daytona 116595RBOW है।

## 'आप धोनी नहीं हैं...' आकाश चोपड़ा के इस बयान पर ईशान किशन ने दिया मजेदार जवाब

**एजेंसियां**



**नई दिल्ली:** भारतीय युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन किया। जिस कारण ये कहना गलत नहीं होगा कि अब तक का वेस्टइंडीज दौरान उनका सफल रहा है। उन्होंने तीनों वनडे मुकाबलों में फिफ्टी जड़ी। जिसके बाद वो एमएस धोनी के एक विशिष्ट क्लब में भी शामिल हो गए हैं। वहीं इन दिनों पूर्व भारतीय खिलाड़ी और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा और युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन का एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है। दरअसल, तीसरे वनडे के दौरान आकाश चोपड़ा ने स्टंपिंग की एक अपील के दौरान ऑन-एयर कहा कि, ये बहुत दुर्लभ है कि आप स्टंपिंग और रन आउट के लिए रिव्यू करते हैं। अब तक मैं बैटर का पैर जमीन पर देख रहा हूं। आप रांची से जरूर हैं, लेकिन आपका नाम एमएस धोनी नहीं है। तभी स्टंप माइक ने ईशान की आवाज रिकॉर्ड कर ली। जिसमें संयोग कहें या कुछ और स्टंप माइक पर ईशान की आवाज आई और वह 'हां फिर ठीक है' कहते सुनाई दिए। दोनों की आवाज की टाइमिंग इतनी परफेक्ट थी कि लगा वो आकाश को जवाब दे रहे हैं।

वहीं इसके बाद आकाश चोपड़ा के साथ कमेंट्री कर रहे निखिल और आरपी सिंह भी हंस पड़े। वहीं आकाश भी अपनी मुस्कान नहीं रोक पाए।

## इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में शिरकत करेंगी रानी मुखर्जी, लेंगी मास्टरक्लास



**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) के 14वें संस्करण में एक मास्टरक्लास की मेजबानी करेंगी। इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न का हिस्सा बनने की खुशी को साझा करते हुए रानी मुखर्जी ने कहा, ''मेलबर्न के 14वें भारतीय फिल्म महोत्सव में आमंत्रित होने पर मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं । एक कलाकार के रूप में, मैं ऑस्ट्रेलिया में लोगों से अविश्वसनीय प्यार पाने के लिए काफी भाग्यशाली रही हूं और मैं एक मास्टर क्लास के माध्यम से भारतीय सिनेमा में अपनी यात्रा को साझा करने के लिए उत्सुक हूं, जिसे आयोजित करने के लिए मुझे आमंत्रित किया गया है ।'' इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न समारोह 11 से 20 अगस्त के बीच में ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न के आर्ट्स सेंटर के हैमर हॉल में होंगे। इस प्रतिष्ठित फिल्म अवॉर्ड में 20 अलग-अलग भाषाओं में करीब 100 फिल्मों की स्क्रीनिंग भी की जाएगी।

## अर्जुन रामपाल की पहली फिल्म, प्यार इश्क और मोहब्बत के प्रदर्शन के 22 साल पूरे



**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल की पहली फिल्म, प्यार इश्क और मोहब्बत के प्रदर्शन के 22 साल पूरे हो गये हैं। अर्जुन रामपाल ने फिल्म प्यार इश्क और मोहब्बत के प्रदर्शन के 22 साल पूरे होने पर सोशल मीडिया पर एक दिल को छू जानेवाला नोट लिखा है। अर्जुन रामपाल ने लिखा, मेरी पहली रिलीज # प्यार इश्क और मोहब्बत को आज 22 साल हो गए हैं और आप सभी को आज और हर दिन ढेर सारा प्यार इश्क और मोहब्बत भेज रहा हूं।

## भोजपुरी की पांच फिल्मों में नजर आएंगे पवन सिंह

**मुंबई:** भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह जल्द ही सारेगामा हम भोजपुरी की पांच फिल्मों में काम करते नजर आयेंगे। सारेगामा म्यूजिक कंपनी के सीएमडी विक्रम मेहरा ने बताया कि पवन सिंह की पांचो फिल्मों का निर्माण सारेगामा यूडली फिल्म्स के साथ मिलकर होगी।इन सभी फिल्मों की प्रस्तुति सारेगामा हम भोजपुरी के बैनर से होने वाली है। इन फिल्मों में हिदायत खान, योगी, रूद्र, सनक और बिहार शामिल है। पवन सिंह ने सारेगामा हम भोजपुरी के साथ-साथ सारेगामा के सीएमडी विक्रम मेहरा और बद्रीनाथ झा का आभार व्यक्त किया है। पवन सिंह ने कहा है कि इस फिल्म के लिए उत्साहित हैं।



## 95 वर्षीय भगवानी देवी के उत्साह से आश्चर्यचकित हुयी शिल्पा शेट्टी

**एजेंसियां**



**मुंबई:** इंडियाज़ गॉट टैलेंट सीज़न 10 में गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करते हुए 95 साल की भगवानी देवी ने साबित कर दिया है कि उम्र तो बस एक नंबर है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का बहुचर्चित रियलिटी शो, इंडियाज़ गॉट टैलेंट, एक ऐसा मंच है जो हमारे देश की विविध प्रतिभाओं के लिए नए अवसरों के रास्ते खोलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 'विजयी विश्व हुनर हमारा' के मूलमंत्र के साथ, इस इंटरनेशनल फॉर्मेट ने पहले हफ्ते में ही अपने शानदार प्रदर्शन और प्रतिभागियों के बेमिसाल हुनर पर ढेर सारी तारीफें बटोर ली हैं। इस वीकेंड, दर्शक इतिहास रचते हुए देखेंगे जहां 6 प्रतिभागी गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ने का प्रयास करेंगे। हरियाणा की 95 वर्षीय शॉट पुटर भगवानी देवी यह साबित कर दिया है कि जब किसी के सपनों को पूरा करने की बात आती है तो उम्र महज एक नंबर है। भगवानी देवी के जुनून पर हैरानी जताते हुए जज शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने कहा, 95 साल की उम्र में, आपने शतक पूरा कर लिया है। मैं ज़िंदगी को लेकर आपके उत्साह से आश्चर्यचकित हूं। मैं चाहती हूं कि उस उम्र में हम भी ऐसे ही हों। भगवानी देवी के पोते और उनके कोच विकास डागर ने कहा, 95 साल की उम्र में इंडियाज़ गॉट टैलेंट में दादी की भागीदारी उन लाखों भारतीय महिलाओं के सपनों का सबूत है जो अपने सपनों को सच करने की हिम्मत रखती हैं। सक्रिय जीवनशैली बनाए रखने और शारीरिक रूप से फिट रहने की उनकी लगन ने उन्हें सबसे उम्रदराज शॉट थ्रोअर के लिए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के इस बेमिसाल चैलेंज को स्वीकार करने के काबिल बनाया है। इंडियाज़ गॉट टैलेंट के मंच पर होना एक अविश्वसनीय अनुभव था। मेरी दादी दूसरों को अपने सपनों को अपनाने और असाधारण हासिल करने के लिए प्रेरित करती हैं।

**बर्थ-डे** जन्मदिवस 04 अगस्त पर विशेष

## बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे किशोर कुमार

**एजेंसियां**



**मुंबई:** बॉलीवुड में किशोर कुमार को ऐसी शख्सियत के तौर पर याद किया जाता हैं जिन्होंने ने सिर्फ अपनी आवाज के जादू से बल्कि फिल्म निर्माण और निर्देशन से भी सिने प्रेमियो का भरपूर मनोरंजन किया। मध्यप्रदेश के खंडवा में 04 अगस्त 1929 को मध्यवर्गीय बंगाली परिवार में अधिवक्ता कुंजी लाल गांगुली के घर जब सबसे छोटे बालक ने जन्म लिया तो कौन जानता था कि आगे चलकर यह बालक अपने देश और परिवार का नाम रौशन करेगा। भाई बहनों में सबसे छोटे नाटखट आभास कुमार गांगुली उर्फ किशोर कुमार का रूझान बचपन से ही पिता के पेशे वकालत की तरफ न होकर संगीत की ओर था। महान अभिनेता एवं गायक के.एल.सहगल के गानों से प्रभावित किशोर कुमार उनकी ही तरह गायक बनना चाहते थे। सहगल से मिलने की चाह लिये किशोर कुमार 18 वर्ष की उम्र मे मुंबई पहुंचे लेकिन उनकी इच्छा पूरी नहीं हो पायी। उस समय तक उनके बड़े भाई अशोक कुमार बतौर अभिनेता अपनी पहचान बना चुके थे। अशोक कुमार चाहते थे कि किशोर नायक के रूप मे अपनी पहचान बनाये लेकिन खुद किशोर कुमार को अदाकारी की बजाय पार्श्व गायक बनने की चाह थी। उन्होंने संगीत की प्रारंभिक शिक्षा हालांकि कभी किसी से नहीं ली थी।

## प्रदेश >> अपडेट

### बालिका से बलात्कार, किशोर पर मामला दर्ज

**होशियारपुर :** पंजाब में होशियारपुर जिले के दसुआ थानांतर्गत इलाके में एक किशोर छात्र के एक आठ साल की बालिका के साथ ब्लात्कार करने का मामला सामने आया है। दसुआ के पुलिस उपाधीक्षक बलबीर सिंह ने गुरुवार को यहां बताया कि यह घटना बुधवार को हुई, जब बालिका घर में अकेली थी और इस दौरान 16 वर्षीय एक किशोर छात्र ने उसके घर में घुस कर कथित तौर पर दुष्कर्म किया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, पुलिसकर्मी समेत दो घायल

**इंफाल :** मणिपुर में इम्फाल पश्चिम के सेनजम चिरांग में हथियारबंद कुकी बदमाशों के हमले में गुरुवार को मणिपुर पुलिस के एक जवान समेत दो लोग घायल हो गये। मणिपुर में हिंसा फिर से उस समय भड़क उठी, जब कुछ संगठनों ने एक अन्य जातीय समूह के इलाके में शवों को दफनाने की कोशिश की। इसी दौरान सेनजम चिरांग में हथियारबंद कुकी बदमाशों के हमले में एक पुलिसकर्मी समेत दो लोग घायल हो गये। इस बीच मणिपुर सरकार ने इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम में कर्फ्यू रद्द करने की घोषणा की।

### कांग्रेस का विशाल जनसभा 7 अगस्त को झाबुआ में

**झाबुआ :** मध्यप्रदेश के झाबुआ में कांग्रेस द्वारा आगामी 7 अगस्त को एक विशाल जनसभा आयोजित की जायेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश राका ने आज बताया कि यहाँ उत्कृष्ट हाई स्कूल के खेल मैदान में आगामी 7 अगस्त को कांग्रेस पार्टी का एक विशाल जनसभा आयोजित की जायेगी। इस जनसभा में आदिवासी नेता व झाबुआ से विधायक कांतिलाल भूरिया शामिल होंगे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### नाबालिग लड़की को कोयले की भट्ठी में जला देना सरकार के माथे पर कलंक-राठौड़

**जयपुर :** राजस्थान में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने भीलवाड़ा जिले में कोटडी थाना क्षेत्र के नृसिंहपुरा गांव में नाबालिग लड़की को कोयले की भट्ठी में जलाने की घटना को राज्य सरकार के माथे पर कलंक बताया है। राठौड़ ने इस घटना को लेकर सोशल मीडिया पर कहा कि नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के बाद कोयले की भट्ठी में उसका शव जलाने की लोमहर्षक घटना सरकार के माथे पर कलंक है। राठौड़ ने कहा गहलोत के जंगलराज की दास्तां देखिये, जब बच्ची का पिता एफआईआर दर्ज कराने थाने पहुंचता है तो गहलोत सरकार की पुलिस कई घंटों तक एफआईआर नहीं लिखती। मैंने स्थानीय भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ति परिजनों को न्याय दिलाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में हर दिन निर्भया कांड आकार ले रहा है लेकिन दुर्भाग्य है कि जिम्मेदार गृह विभाग के मुखिया अशोक गहलोत जो राजस्थान के मुख्यमंत्री भी है वो हर बार बहन बेटियों को सुरक्षित परिवेश मुहैया कराने की बजाय अन्य प्रदेशों की घटनाओं को लेकर बयानवीर बने रहते हैं।

### मणिपुर हिंसा शर्मनाक, दुष्कर्म के लिए होनी चाहिए मौत की सजा: शांता

**शिमला :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित मणिपुर की हिंसा को शर्मनाक बताते हुए भाजपा के दिग्गज नेता शांता कुमार ने कहा है कि पूर्वोत्तर राज्य तथा देश के अन्य हिस्सों में महिलाओं से दुष्कर्म की घटनाओं को मृत्यदंड की सजा के जरिए रोका जाना चाहिए। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री कुमार ने अपने फेसबुक पेज पर पोस्ट में कहा है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में मणिपुर तथा अन्य राज्यों में घटित होने वाली इस तरह की घटनाएं बेहद शर्मनाक हैं।

---

सरकारी समर्थन

पुलिस से लूटे गये हथियारों के साथ अब सरकारी संरक्षण

# मणिपुर में निजी बंकरों में हथियारबंद लोग

- अपने गांव को कुकियों से बचाने के लिए वहां खड़े हैं
- गांव की सुरक्षा के प्रयासों में बंकर का बहुत महत्व है

**राष्ट्रीय खबर**



**नईदिल्ली:** मणिपुर के बारे में काफी देर से ही सही पर सही सूचनाएं इस बात का संकेत देती है कि वहां की हिंसा को सरकार का समर्थन प्राप्त है। इसी वजह से अत्याधुनिक हथियारों की लूट के बाद भी वहां इन हथियारों को बरामद करने की दिशा में मणिपुर पुलिस ने कदम रोक रखा है। भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के बंकरों को ध्वस्त करने के दावों के बावजूद, मैतेई और कुकी दोनों क्षेत्रों के ग्रामीणों का कहना है कि वे दूसरे पक्ष के हमले से खुद को बचाने के लिए अस्थायी बंकरों का उपयोग कर रहे हैं। मणिपुर सरकार द्वारा राज्य भर में कुकी-प्रभुत्व वाली पहाड़ियों और मैतेई-प्रभुत्व वाली घाटी दोनों में सभी बंकरों को हटाने की समय सीमा के दो सप्ताह बाद, पाया गया कि हालांकि बफर जोन में कई बंकर नष्ट हो गए थे, कई अन्य मौजूद हैं और दोनों में लोग हथियार लेकर तैनात हैं। इम्फाल से चुराचांदपुर की ओर जाने वाली सड़क पर बिष्णुपुर का मैतेई-प्रभुत्व वाला जिला स्थित है। मुख्य सड़क से लगभग 100 मीटर दूर, एक 17 वर्षीय मैतेई स्वयंसेवक सामान्‍ शिकारी बंदूक के साथ एक बंकर, टिन और बांस की संरचना की रखवाली करता है। उसके नेतृत्व में दो और किशोर लड़के हैं, सभी के पास आग्नेयास्त्र हैं। वे कहते हैं, वे अपने गांव को कुकियों से बचाने के लिए वहां खड़े हैं। किशोर नेता ने कहा, अस्थायी बंकर जून की शुरूआत में गांव के स्वयंसेवकों द्वारा बनाया गया था। उन्होंने बताया, हम बारी-बारी से कुकी की ओर से किसी भी तरह के हमले - फायरिंग या मोर्टार - से अपने गांव की रक्षा करते हैं और उनके ऐसा करने के बाद ही फायरिंग करते हैं। अपने गांव की रक्षा के लिए अपनी बंदूक का उपयोग करने के अलावा, युवा गार्ड सड़क पर जाने वाले वाहनों की जांच करते समय भी इसे हर समय अपने साथ रखता है। इसका मकसद यह जांचना है कि क्या कोई कुकी आतंकवादी हैं या क्या मौजूद लोग चूड़ाचांदपुर में बड़ी मात्रा में खाद्य आपूर्ति कर रहे हैं। उनका कहना है कि जिले भर में ऐसे कई बंकर हैं, जिनमें स्वयंसेवक अपने गांवों की सुरक्षा करते हैं। लगभग 50 किलोमीटर दूर, चूड़ाचांदपुर जिले के कुकी-बहुल गांव में, एक 40 वर्षीय ग्राम प्रधान ईंट-गारे से बने आवासीय घर में बंकर में खड़ा है। उनका कहना है कि उनके गांव की सुरक्षा के प्रयासों में बंकर का बहुत महत्व है। गांव के मुखिया कहते हैं, मैतेई लोगों की पहुंच राज्य के शस्त्रागार तक है और उनके उग्रवादी अक्सर मणिपुर पुलिस की वेशभूषा में होते हैं और हमारे गांवों में घुसने की कोशिश करते हैं।

## खट्टर हरियाणा में हिंसा रोकने में नाकाम-गहलोत



**एजेंसियां**

**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर पर हरियाणा में हो रही हिंसा को रोकने में नाकाम रहने का आरोप लगाते हुए कहा है कि इस कारण वह अब सिर्फ लोगों का ध्यान भटकाने के लिए बयानबाजी कर रहे हैं। गहलोत ने आज सोशल मीडिया पर कहा कि खट्टर मीडिया में बयान देते हैं कि राजस्थान पुलिस की हरसंभव मदद करेंगे परन्तु जब हमारी पुलिस नासिर-जुनैद हत्याकांड के आरोपियों को गिरफ्तार करने गई तो हरियाणा पुलिस ने कोई सहयोग नहीं किया बल्कि राजस्थान पुलिस पर एफआईआर तक दर्ज कर ली। उन्होंने कहा कि जो आरोपी फरार हैं उन्हें तलाशने में हरियाणा पुलिस राजस्थान पुलिस का सहयोग नहीं कर रही। खट्टर हरियाणा में हो रही हिंसा को रोकने में नाकाम रहे और अब सिर्फ लोगों का ध्यान भटकाने के लिए इस तरह के बयान दे रहे हैं जो उचित नहीं है।

अधिग्रहण के लिए सांघी इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 5000 करोड़ रुपए आंका गया है

## अंबुजा सीमेंट ने सांघी इंडस्ट्रीज का किया अधिग्रहण




**एजेंसियां**

**अहमदाबाद :** अरबपति गौतम अदानी के नेतृत्व वाले अदानी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट ने गुरुवार को बताया कि उसने सांघी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के वर्तमान प्रबंधकों से कंपनी की 56.74 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का करार किया है। अंबुजा सीमेंट के बयान में कहा गया है कि यह करार सांघी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के रवि सांघी और उनके परिवार के लोगों के साथ किया गया। इस अधिग्रहण के लिए सांघी इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 5000 करोड़ रुपए आंका गया है। इस अधिग्रहण के बाद अंबुजा सीमेंट की सीमेंट उत्पादन क्षमता वर्तमान 6.75 करोड़ से बढ़कर 7.30 करोड़ टन वार्षिकी हो जाएगी। अदानी ने एक बयान में कहा कि यह ऐतिहासिक अधिग्रहण अंबुजा सीमेंट के कारोबार के विस्तार की यात्रा की गति तेज करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि अदानी समूह 2028 तक सीमेंट उत्पादन की अपनी क्षमता को 14 करोड़ टन वार्षिक करने की दिशा में बढ़ रहा है। समूह विनिर्माण सामग्री बाजार में एक बड़ी ताकत बन चुका है। उन्होंने कहा है कि अंबुजा सीमेंट लिमिटेड सांघी पुरम (कच्छ ) में वर्तमान सीमेंट कारखाने की क्षमता बढ़ाकर वार्षिक 1.5 करोड़ टन करेगी और वहां से लगे कैपटिव बंदरगाह के विस्तार के लिए धन लगाएगी ताकि वहां बड़े जहाज भी पहुंचे। अदानी ने यह भी कहा कि उनका लक्ष्य सांगी इंडस्ट्रीज को भारत में सबसे मुनासिब दर पर क्लिकर का उत्पादन करने वाली कंपनी बनाने का है।

## नाइजर से 350 फ्रांसीसी नागरिकों को निकाला गया

**एजेंसियां**

**पेरिस:** फ्रांस ने नाइजर में सैन्य द्वारा किए तख्तापलट के कारण 350 से अधिक फ्रांसीसी नागरिकों को को अब तक वहां निकाला है। यह जानकारी फ्रांस के यूरोप एवं विदेश मामलों के मंत्रालय ने बुधवार को दी। मंत्रालय ने बताया कि नाइजर के नियामी से दो उड़ानें पहले ही रवाना हो चुकी हैं, जिनमें फ्रांसीसी नागरिकों के साथ-साथ यूरोपीय संघ के अन्य देशों के नागरिक भी सवार हैं। मंत्रालय ने कहा कि निकासी उड़ानों में 510 से अधिक लोग सवार हैं। निकासी अभियान के तहत तीसरी उड़ान भी निर्धारित है। मंत्रालय के अनुसार फ्रांस के नाइजर में लगभग 1,200 पंजीकृत नागरिक रहते हैं। इनमें से लगभग 600 नागरिकों ने निकाले जाने की इच्छा व्यक्त की है। फ्रांस के बीएफएमटीवी से बात करते हुए फ्रांस की विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना ने मंगलवार को पुष्टि की कि फ्रांस नाइजर में सैन्य हस्तक्षेप नहीं करेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले बुधवार को नाइजर के रक्षा एवं सुरक्षा बलों ने कहा कि देश में सैनिकों ने कथित तौर पर बंधक बनाए जाने के कुछ ही घंटों बाद राष्ट्रपति मोहम्मद बज़ौम को सत्ता से बेदखल कर दिया। इसके दो दिन बाद नाइजर के राष्ट्रपति गार्ड के पूर्व नेता जनरल अब्दौराहमाने त्चियानी को 'होमलैंड की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय परिषद का अध्यक्ष' नामित किया गया। बाद में उन्होंने संविधान को निलंबित करने और सरकार को भंग करने के आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिससे परिषद को सभी विधायी और कार्यकारी प्राधिकरणों का प्रयोग करने का अधिकार मिल गया। बज़ौम ने 2021 में चुनाव जीतने के बाद पदभार ग्रहण किया। साल 1960 में फ्रांस से स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद से नाइजर में चार तख्तापलट हो चुका है।

## पचास साल बाद 11 अगस्त को चंद्रमा के लिए उड़ान भरेगा रूस का यान

**एजेंसियां**

**व्लादिवोस्तोक:** लगभग 50 वर्षों बाद 11 अगस्त की सुबह रूस का पहला चंद्रयान लूना-25 चंद्रमा के लिए उड़ान भरेगा। रूस की सरकारी न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में लॉन्च की तारीख 11 अगस्त तय की गई है। एजेंसी के मुताबिक सोयुज-2.1बी रॉकेट फ्रेगेट ऊपरी चरण और स्वचालित स्टेशन के साथ अमूर ओब्लास्ट में स्थित वोस्तोचन कोस्मोड्रोम से मास्कों के समय के अनुसार सुबह 2:10 बजे (अंतरराष्ट्रीय समय के अनुसार 10 अगस्त को रात 23.10 बजे) उड़ान भरेगा। इससे पहले रूस का पिछला चंद्रयान यान लूना-24 साल 1976 में लॉन्च किया गया था। इसका रिटर्न कैप्सूल लगभग 170 ग्राम चंद्र मिट्टी को पृथ्वी पर वापस लाया था। लूना-25 में रिटर्न कैप्सूल नहीं है। उम्मीद है कि यह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला इतिहास का पहला स्टेशन बन जाएगा। मिशन का मुख्य कार्य सॉफ्ट लैंडिग की प्रौद्योगिकियों का परीक्षण और आंतरिक संरचना का अध्ययन तथा पानी सहित संसाधनों का पता लगाना है। प्रक्षेपण और रॉकेट से अलग होने के बाद ऊपरी चरण स्वचालित स्टेशन को चंद्रमा की उड़ान के प्रक्षेप पथ पर भेजेगा। साढ़े चार दिनों के बाद स्टेशन चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश करेगा और दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में उतरने से पहले कई बार अपनी कक्षा बदलेगा।

संरक्षण

हर भाषा को संभाल कर रखना लेखक का कर्तव्य

# अनुवाद से और समृद्ध होगा साहित्य : मुर्मू

- संथाली भाषा की पुस्तकों का कई अन्य भाषाओं में अनुवाद हुआ है
- एक भाषा की पुस्तकों का दूसरी भाषा में अनुवाद होने से साहित्य समृद्ध होता है

**राष्ट्रीय खबर**



**भोपाल:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज देश में भाषाओं के संरक्षण की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि हर भाषा को संभाल कर रखना लेखकों का कर्तव्य है और एक भाषा की पुस्तकों का दूसरी भाषाओं में अनुवाद से साहित्य और ज्यादा समृद्ध होगा। श्रीमती मुर्मू यहां केंद्रीय संस्कृति विभाग के अधीन संगीत नाटक अकादमी और साहित्य अकादमी की ओर से राज्य के संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित समारोह 'उत्कर्ष' एवं 'उन्मेष' के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहीं थीं। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत साहित्य के क्षेत्र में इस बात का विचार किया जाना चाहिए कि इस क्षेत्र में पाठकों की भागीदारी कितनी है। उन्होंने कहा कि उनकी जानकारी में उड़िया भाषा की एक पुस्तक ऐसी है, जिसके 100 से ज्यादा रीप्रिंट हो चुके हैं। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि संप्रेषणीय होना साहित्य की प्रमुख कसौटी है। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि उनका संथाली और उड़िया भाषा से सबसे ज्यादा परिचय है। संथाली भाषा की पुस्तकों का कई अन्य भाषाओं में अनुवाद हुआ है। उन्होंने कहा कि एक भाषा की पुस्तकों का दूसरी भाषा में अनुवाद होने से साहित्य समृद्ध होता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत में 700 से ज्यादा आदिवासी समुदाय है, लेकिन उनकी भाषाएं और बोली इससे लगभग दो गुनी हैं।

देश भर की भाषाओं को संभाल कर रखना लेखकों का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि भारत की सबसे ज्यादा जनजातीय आबादी मध्यप्रदेश में रहती है, इसलिए ये आयोजन यहां किया जाना तर्कसंगत और भावसंगत दोनों है। राष्ट्रपति ने कहा कि हाल के वर्षों में जनजातीय समुदाय के कई कलाकारों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। इसी क्रम में उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनजातीय कलाकार तीजन बाई का विशेष उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि तीजन बाई को पद्म विभूषण से सम्मानित किया जाना इस वर्ग की सभी बहनों का सम्मान है। उन्होंने कहा कि जनजातीय वर्ग भी दूसरे वर्गों की तरह जीवन की अपनी आकांक्षाएं पूरी करना चाहते हैं। हमारा सामूहिक प्रयास होना चाहिए कि अपनी संस्कृति और प्राकृतिक परिवेश को सुरक्षित रखते हुए इस वर्ग के युवा आधुनिक विकास में भागीदार बनें।

---

## न्यूज फटाफट

### अमेरिकी सीनेट सक्रिय शूटर अलर्ट पर बंद

**वाशिंगटन :** अमेरिका में कैपिटल पुलिस कार्यालय भवन में एक सक्रिय शूटर की मौजूदगी की रिपोर्टों के बीच अमेरिकी सीनेट को बुधवार दोपहर को बंद कर दिया गया। यूएस कैपिटल पुलिस ने दोपहर करीब तीन बजे ट्वीट किया, हमारे अधिकारी कॉल के जवाब में सीनेट कार्यालय भवनों में और उसके आसपास तलाशी ले रहे हैं। कृपया क्षेत्र से दूर रहें क्योंकि हम अभी भी जांच कर रहे हैं। सीनेट की इमारतों के अंदर मौजूद लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने के लिए कहा गया है। शाम चार बजे यूएस कैपिटल पुलिस ने कहा कि वह सीनेट कार्यालय भवनों को फिर से खोलने के लिए तैयार है। अमेरिकी कैपिटल पुलिस प्रमुख थॉमस मैंगर ने संवाददाताओं से कहा कि सक्रिय शूटर के बारे में 911 कॉल फर्जी हो सकती है और उसकी कोई पुष्टि नहीं हुई है। सीनेट में इस समय ग्रीष्मकालीन अवकाश है और अधिकांश सांसद वाशिंगटन डी.सी. से बाहर हैं।

### तुर्की में दो संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

**अंकारा :** तुर्की में सीमा सुरक्षा बलों ने उत्तर-पश्चिमी प्रांत एडिरने में कथित तौर पर फेतुल्लाह आतंकवादी संगठन (एफईटीओ) से संबंधित दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। अर्ध-सरकारी अनादोलु समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक तुर्की सीमा सुरक्षा बलों ने इप्साला शहर के पास प्रथम-डिग्री सैन्य प्रतिबंधित क्षेत्र में दो संदिग्धों को उस समय हिरासत में ले लिया, जब वे अवैध रूप से यूनान भागने का प्रयास कर रहे थे। तुर्की अधिकारियों का मानना है कि दोनों संदिग्ध एफईटीओ से जुड़े हैं। उल्लेखनीय है कि तुर्की सरकार जुलाई 2016 में असफल तख्तापलट के प्रयास के लिए अमेरिका में रहने वाले तुर्की मौलवी फेतुल्ला गुलेन और उसके नेटवर्क को दोषी ठहराती है। उस दौरान, 249 लोग मारे गए और लगभग 2,200 अन्य घायल हो गए थे। तुर्की सरकार ने मौलवी के नेटवर्क को फेतुल्लाह आतंकी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया है।

### चीन में बाढ़ से निपटने में मदद करेगा एप्पल

**बीजिंग :** अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल चीन के बीजिंग और हेबेई प्रांत में बाढ़ की स्थिति से निपटने में मदद करेगी। कंपनी के प्रमुख टिम कुक ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, बीजिंग और आसपास के हेबेई प्रांत में भयानक बाढ़ से प्रभावित लोगों के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं। एप्पल इस बाढ़ में राहत प्रयासों के लिए दान देगा। मीडिया ने बीजिंग बाढ़ रोकथाम प्राधिकरण का हवाला देते हुए बताया कि शहर में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या 11 तक पहुंच गई, जबकि हेबेई प्रांत में नौ और लोगों की मौत हो गई। वहीं भारी बारिश से राजधानी के 13 जिलों में कुल 44,673 लोग प्रभावित हुए हैं। बीजिंग में विभिन्न इलाकों में फंसे लगभग 127,000 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। अधिकारियों ने कहा कि बाढ़ का खतरा अभी भी बना हुआ है। आपदा से हुई आर्थिक क्षति का आकलन अभी भी किया जा रहा है।

### कैमरून में बंदूकधारियों ने की आठ मछुआरों की हत्या

**याउंडे :** कैमरून के सुदूर उत्तर क्षेत्र में लेक चाड के एक द्वीप में अज्ञात बंदूकधारियों ने कम से कम आठ मछुआरों की गोली मारकर हत्या कर दी है। स्थानीय निवासियों और सैन्य सूत्रों ने कहा कि इस्लामिक स्टेट वेस्ट अफ्रीका प्रोविंस (आईएसडब्ल्यूएपी) के संदिग्ध सदस्य बुधवार तड़के हुए 'निंदनीय कृत्य' के लिए जिम्मेदार हैं। स्थानीय मीडिया ने बताया कि आतंकवादी मछली पकड़ने की गतिविधि पर कर लगाने के लिए इलाके में आए है, लेकिन उन्हें मछुआरों के प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। इन हत्याओं पर दुख व्यक्त करते हुए क्षेत्र के एक सैन्य अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि सेना झील को सुरक्षित करने के लिए और अधिक कर्मियों को तैनात करेगी। उल्लेखनीय है कि आईएसडब्ल्यूएपी ने पूर्वोत्तर नाइजीरिया में एक इस्लामी राज्य स्थापित करने के उद्देश्य से बोको हराम समूह के साथ समझौता किया है। दोनों समूहों ने अपने हमलों की पहुंच लेक चाड बेसिन के अन्य देशों तक भी बढ़ा दी है।

### पनामा में भूकंप के जोरदार झटके

**पनामा सिटी :** पनामा के दक्षिणी हिस्से में गुरुवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। अंतरराष्ट्रीय समय के तड़के 01.25 बजे महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.0 मापी गयी। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने बताया कि भूकंप का केंद्र धरती की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में 5.65 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 82.70 डिग्री पश्चिम देशांतर में था।

### ब्राजील के फेवेला में पुलिस और अपराधियों के बीच गोलीबारी, 10 की मौत, कई घायल

**रियो डी जनेरियो :** ब्राजील के रियो डी जनेरियो में पुलिस कार्रवाई में कम से कम 10 लोग मारे गये और कई अन्य घायल हो गये। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी है। पुलिस के मुताबिक इलाके में दबदबा रखने वाले आपराधिक समूह के कई नेताओं को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने बुधवार सुबह अभियान शुरू किया। पुलिस अधिकारी जब महानगर के उत्तरी भाग में पेन्हा फ़ेवेला पहुंचे, तो उन पर गोलियों की बौछार कर दी गई।

### दक्षिण पश्चिम पाकिस्तान में गोलीबारी में चार लोगों की मौत

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में दो समूहों के बीच गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना प्रांतीय राजधानी क्वेटा में हुई जहां बुधवार रात दो समूहों के सदस्यों के बीच भूमि विवाद को बहस छिड़ गयी जिसके बाद उन्होंने एक-दूसरे पर गोलियां चला दीं।

### आज का इतिहास

- 1666 : नीदरलैंड और इंग्लैंड के बीच समुद्री लड़ाई हुई।
- 1886 : कोलंबिया ने संविधान अंगीकार किया।
- 1870 : ब्रिटिश रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना हुई।
- 1914 : जर्मनी के पहले विश्वयुद्ध में शामिल होने के बाद ब्रिटेन ने भी युद्ध में उतरने की घोषणा की।
- 1929 : अभिनेता, गायक, निर्देशक किशोर कुमार का जन्म।
- 1935 : गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट 1935 को ब्रिटिश राजशाही की मंजूरी मिली।
- 1954 : पाकिस्तान सरकार ने हाफिज जलंधरी द्वारा लिखे गीत को राष्ट्रगान के रूप में अपनाने पर सहमति दी।
- 1956 : देश का पहला परमाणु अनुसंधान रिएक्टर अप्सरा शुरू हुआ।
- 1961 : अमेरिका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति बराक ओबामा का जन्म हुआ था।
- 1967 : विश्व के सबसे लंबे चिनाई बांध नागार्जुनसागर का निर्माण।
- 1997 : मो. ख़ातमी ने ईरान के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।
- 2000 : ब्रिटेन की महारानी राजमाता एलिजाबेथ ने अपना सौवां जन्मदिन मनाया।
- 2001 : रूस और उत्तरी कोरिया के बीच सामरिक समझौता हुआ।
- 2004 : नासा ने एल्टिक्स सुपर कम्प्यूटर केसी को कल्पना चावना नाम दिया।
- 2006 : उड़ीसा की महिला मुख्यमंत्री तथा लेखिका नंदिनी सत्पथी का निधन।
- 2007 : अमेरिका ने स्पेस प्रोब फीनिक्स को लॉन्च किया। इसी मिशन ने मंगल की सतह के नीचे पानी और बर्फ होने का पता लगाया था।
- 2008 : सरकार ने भारतीय जहाजरानी निगम को नवरत्न का दर्जा दिया।
- 2018 : वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर एक लाइव टीवी इवेंट के दौरान ड्रोन से हमला किया गया। हालांकि मादुरो इस हमले में बच निकले।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची शुक्रवार
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
4:08:2023


## सीआईडी के डीजी करेंगे बैठक

रांचीः संगठित और शातिर अपराध कर्मियों के खिलाफ विशेष अभियान चलेगा। इसको लेकर सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता गुरुवार को सभी रेंज के डीआईजी के साथ बैठक करेंगे। बैठक के दौरान डीजी अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उनकी गिरफ्तारी समेत कई दिशानिर्देश देंगे।गौरतलब है कि झारखंड पुलिस ने पिछले कुछ सालों में नक्सलियों के खिलाफ कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की है।

आगजनी

### इस अगलगी में बच्चों और शिक्षकों को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं

# पांच घंटे की मशक्कत के बाद जिला स्कूल की आग पर पाया गया काबू, हुआ भारी नुकसान



- 200 से अधिक बच्चे बैठ कर पढ़ाई करते थे वे चार कमरे पूरी तरह से जलकर राख हो गए
- आग लगने की वजह से एक तरफ भगदड़ मची हुई थी
- अगलगी में जिला स्कूल को भारी नुकसान उठाना पड़ा है

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** जिला स्कूल में लगे आग पर अग्निशमन विभाग ने काबू पा लिया है। कोतवाली पुलिस और दमकल कर्मियों ने कठिन परिस्थितियों में रास्ता बना कर स्कूल में लगी आग पर काबू पाया। इस अगलगी में जिला स्कूल को भारी नुकसान हुआ है। स्कूल के चार कमरे जिसमें 200 से अधिक बच्चे बैठ कर पढ़ाई करते थे वे पूरी तरह से जलकर राख हो गए। राहत की बात है कि इस अगलगी में बच्चों और शिक्षकों को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ। रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित जिला स्कूल में गुरुवार की सुबह भीषण आग लग गई। इस अगलगी में स्कूल के चार कमरे पूरी तरह से जलकर राख हो गए। स्कूल का सीढ़ी घर भी आग में स्वाहा हो गया। जिला स्कूल की बिल्डिंग आजादी के पहले की बनी हुई है। जिसमें इमारती लकड़ियों का बहुत ज्यादा प्रयोग किया गया है, इस वजह से आग की लपटें बेहद तेज गति से फैली और देखते ही देखते स्कूल के चार कमरे को अपने चपेट में ले लिया।आग लगने की वजह से एक तरफ भगदड़ मची हुई थी। वहीं दूसरी तरफ कोतवाली पुलिस और दमकल के कर्मी आग पर काबू पाने की भरपूर कोशिश करने में लगे रहे। किसी तरह 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल के पांच वाहनों ने आग पर काबू पाया। आग पर काबू पाने के लिए दमकल के वाहनों को बहुत ज्यादा मशक्कत करनी पड़ी। क्योंकि जिला स्कूल का गेट छोटा होने की वजह से दमकल के वाहन अंदर नहीं जा पा रहे थे। दमकल के वाहनों को बड़ी मुश्किल के साथ गेट के अंदर लाया गया और फिर आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की गई। गनीमत थी कि आग लगते ही स्कूल के सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। इस अगलगी में जिला स्कूल को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। स्कूल का सीढ़ी घर और कक्षा 6 के चार कमरे पूरी तरह से आग की चपेट में आ गए। जिसकी वजह से कमरों में मौजूद प्रोजेक्टर, कुर्सी और डेस्क पूरी तरह से जल गए।जैसे ही सुबह स्कूल में कक्षाएं शुरू हुई, वैसे ही बच्चों ने क्लास की खिड़की से धुआं निकलते हुए देखा। जिसके बाद उन्होंने तुरंत मामले की जानकारी शिक्षकों को दी। शिक्षकों ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी बच्चों को स्कूल से सुरक्षित बाहर निकाल लिया और मामले की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गई। इस अगलगी में बच्चों को थोड़ा सा भी नुकसान नहीं पहुंचा है।वहीं दूसरी तरफ जिला स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि स्कूल बंद होने के बाद साइकिल स्टैंड की तरफ नशेड़ी किस्म के युवकों के द्वारा अड्डेबाजी की जाती है। वह सीढ़ी वाले स्थान पर ही बैठकर गांजा सिगरेट पीते हैं। स्कूल के शिक्षकों ने आशंका जताई है कि आग लगने की वजह भी गांजा और सिगरेट ही है।पुलिस प्रशासन और दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाकर राहत की सांस ली है। हालांकि शिक्षकों के द्वारा जिस तरह के आरोप अड्डे बाजी को लेकर लगाया गया है। उस पर पुलिस प्रशासन को संज्ञान लेकर नकेल कसना होगा। जिला स्कूल राजधानी रांची में धरोहर के रूप में है। जो जाना तो जाता है जिला स्कूल के नाम से ही लेकिन इसका वास्तविक नाम शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव उच्च विद्यालय है।





## झारखंड एटीएस की दबिश, आर्म्स डीलर प्रभाकर गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड एटीएस ने पीएलएफआई और अपराधियों को हथियार सप्लाई करने वाले आर्म्स डीलर प्रभाकर उर्फ लालू पांडे को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभाकर की गिरफ्तारी बिहार के पावापुरी इलाके से की गई है। प्रभाकर झारखंड-बिहार में अवैध आर्म्स डीलिंग में एक बड़ा नाम था। प्रभाकर के द्वारा न सिर्फ अपराधियों को आर्म्स सप्लाई की जाती थी, बल्कि कई उग्रवादी संगठन भी उसी से हथियार लेते थे।संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ एटीएस कारवाई तो कर ही रही है, अब उन्हें हथियार सप्लाई करने वाले आर्म्स डीलरों पर भी एटीएस की टेढ़ी नजर है। हथियार तस्करों के खिलाफ भी अब झारखंड एटीएस ने जंग छेड़ दिया है। इस कड़ी में झारखंड-बिहार में आर्म्स सप्लाई करने वाले गिरोह से जुड़े प्रभाकर उर्फ लालू पांडे को एटीएस ने बिहार से गिरफ्तार कर लिया है। लालू पांडे के बारे में झारखंड एटीएस को सूचना मिली थी कि वह नवादा-पावापुरी के इलाके में रहकर झारखंड के अपराधियों और उग्रवादियों को हथियार सप्लाई कर रहा है।पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद भी प्रभाकर का नाम आर्म्स डीलर के रूप में उभरकर सामने आया था। वहीं, झारखंड के संगठित आपराधिक गिरोह जिसमें अमन साव गैंग प्रमुख है। उसे भी प्रभाकर ग्रुप के द्वारा ही हथियारों की सप्लाई की जा रही थी। सूचना मिलने के बाद से ही झारखंड एटीएस प्रभाकर की तलाश में जुट गई थी।झारखंड एटीएस के अधिकारियों ने प्रभाकर की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। पावापुरी से गिरफ्तार करने के बाद एटीएस की टीम वैसे संभावित जगहों पर प्रभाकर के साथ छापेमारी कर रही है जहां हथियार छिपाए गए हों। हालांकि अभी तक किसी भी तरह के हथियार बरामदगी की सूचना नहीं है।मुख्यमंत्री के आदेश के बाद झारखंड एटीएस की टीम संगठित अपराधिक गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई में पूरी तरह से रेस हो चुकी है। संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ नकेल कसने के दिशा में एटीएस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पहली बार झारखंड के सभी संगठित अपराधीक गिरोह के सदस्यों को चिन्हित करने का काम भी किया है। एक सप्ताह में भीतर एटीएस के द्वारा विभिन्न गिरोह के 80 लोगों का सत्यापन, 45 संदिग्धों से पूछताछ और 36 लोगों को बांड डाउन कराया गया है। जबकि 12 से अधिक गिरफ्तार किए गए हैं। अब एटीएस आर्म्स डीलरों के खिलाफ भी रेस है प्रभाकर की गिरफ्तारी भी उसी कड़ी में शामिल है।

### होटवार में सुसाइड करने वाले कैदी के तीन बच्चों को मिलेगा मुआवजा, आदेश जारी

रांचीः बिरसा मुंडा जेल में आत्महत्या करने वाले छोटू तिवारी के तीन छोटे बच्चों को मुआवजा मिलेगा। इसे लेकर गृह सचिव अभिनाश कुमार ने रांची डीसी राहुल सिन्हा को आदेश दिया है। गृह सचिव द्वारा डीसी को दिए आदेश में कहा गया है कि मृत विचाराधीन बंदी छोटू तिवारी के तीन बच्चे पलक कुमारी को 1.66 लाख, अदिति कुमारी 1.66 लाख और दिपांसी कुमारी 1.66 लाख आर्थिक सहायता राशि का भुगतान किया जाए।दरअसल होटवार जेल में बंद छोटू तिवारी ने आठ अप्रैल 2020 की दोपहर अपने सेल में ही गमछा के सहारे फांसी लगाकर ली थी।

## संजीवनी बिल्डकॉन फर्जीवाड़ा मामले में नगड़ी के तत्कालीन दो सीओ की याचिका खारिज

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** संजीवनी बिल्डकॉन फर्जीवाड़ा मामले में आरोपी रांची के नगड़ी अंचल के तत्कालीन दो सर्किल ऑफिसर (सीओ) ओम प्रकाश यादव एवं कृष्ण कुमार की क्रिमिनल रिवीजन झारखंड हाई कोर्ट ने गुरुवार को अपना फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने रांची के नगड़ी अंचल के तत्कालीन सीओ ओम प्रकाश यादव एवं कृष्ण कुमार की अलग-अलग दायर तीन याचिकाओ को खारिज कर दिया।कोर्ट ने पूर्व में सभी पक्षों को सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल , इन दोनों तत्कालीन सर्किल ऑफिसर पर आरोप था कि इन्होंने अपने सीईओ पद का दुरुपयोग करते हुए रकबा से ज्यादा जमीन का म्यूटेशन किया। साथ ही संजीवनी बिल्डकॉन को फायदा पहुंचाया। सीबीआई ने इनके खिलाफ एक ही मामले में तीन-तीन प्राथमिकी दर्ज किए थे। इन दोनों तत्कालीन सीओ की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपने खिलाफ दर्ज तीनों केस को निरस्त करने का आग्रह हाईकोर्ट से किया गया था। कृष्ण कुमार और ओम प्रकाश यादव के तीन-तीन केस पर बहस हुई थी। सीबीआई की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की थी। वहीं कृष्ण कुमार की ओर से अधिवक्ता राजेंद्र कृष्ण, कृष्ण कुमार एवं जयशंकर तिवारी ने पैरवी की थी।

## स्कूल में बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास, सीडब्ल्यूसी के संज्ञान पर मामला दर्ज

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** राजधानी के अनगड़ा थाना क्षेत्र में एक पांच वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार अनगड़ा थाना क्षेत्र स्थित एक निजी स्कूल में बच्ची के साथ दुष्कर्म की कोशिश की गई। बच्ची की हालत देखने के बाद परिजनों के द्वारा अनगड़ा थाना में पास्को एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराया गया है।परिजनों ने आरोप लगाया है कि बच्ची के प्राइवेट पार्ट्स पर चोट के निशान हैं। परिजनों ने यह भी बताया है कि स्कूल में क्लास चलने के दौरान विद्यालय के ही किसी कर्मचारी के द्वारा छेड़खानी का प्रयास किया गया है। वहीं पूरे मामले पर चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के अध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि जैसे उन्हें जानकारी मिली कि उन्होंने पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज करवा दिया है। एफआईआर दर्ज कराने के बाद बच्ची का मेडिकल टेस्ट कराया गया है। जिसमें डॉक्टरों द्वारा यह पुष्टि की गई है कि बच्ची के प्राइवेट पार्ट्स पर चोट के निशान हैं।वहीं सीडब्ल्यूसी की तरफ से बच्ची को कानूनी रूप से मदद देने के लिए एक लीगल सपोर्ट भी मुहैया करा दिया गया है। जो आगे की कार्रवाई में बच्ची और बच्ची के परिजनों को कानूनन रूप से जानकारी देंगे और उन्हें कानूनी मदद भी पहुंचाएंगे। फिलहाल बच्ची को परिजन के पास रखा गया है और पूरे मामले पर पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।बता दें पिछले दिनों राजधानी रांची में राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो खुद निरीक्षण पर आए थे। उन्होंने यहां कई कमियों-खामियों को दूर करने के लिए यहां के पदाधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिया था।

### अरगोड़ा में रेलवे ट्रैक से बरामद युवक-युवती के शव की हुई पहचान

रांचीः अरगोड़ा स्टेशन से सटे रेलवे ट्रैक के पास से बुधवार को युवक और युवती का शव बरामद हुआ था। दोनों की मौत ट्रेन से कटने की वजह से हुई थी। दोनों की पहचान गुरुवार को हुई। दोनों आपस में पति-पत्नी थे। दोनों की पहचान सुरेश महली और उसकी पत्नी काजल के रूप में हुई। दोनों लोहरदगा के रहने वाले थे। दोनों की पहचान होने के बाद लोहरदगा से परिजन रिम्स पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिये जाएंगे। जानकारी के अनुसार, दोनों ने पारिवारिक समस्या के कारण आत्महत्या कर ली।

स्पीड लिमिट

### सड़कों पर गति सीमा यानी स्पीड लिमिट को नियंत्रित करने के लिए

# झारखंड पुलिस खरीदेगी 10 इंटरसेप्टर वाहन

- स्पीड लिमिट को तोड़ने वाले वाहनों के फोटो उपकरणों में कैद किया जाता है

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** सड़कों पर गति सीमा यानी स्पीड लिमिट को नियंत्रित करने के लिए झारखंड पुलिस 10 इंटरसेप्टर वाहन खरीदेगी। इसे लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी किया है। इससे पहले साल 2018 में झारखंड पुलिस की ओर से छह इंटरसेप्टर गाड़ियां खरीदी गयी थी। इनमें दो गाड़ियां रांची के लिए, एक-एक गाड़ियां जमशेदपुर, धनबाद, हजारीबाग व बोकारो को दी गयी हैं।इंटरसेप्टर वाहन के जरिए स्पीड लिमिट को तोड़ने वाले वाहनों के फोटो उपकरणों में कैद किया जाता है। फिर उन्हें ई-चालान भेजा जाता है। लेकिन सड़क पर वाहनों की अधिकतम स्पीड क्या होगी, इसका निर्धारण अब तक नहीं किया जा सका है। ऐसे में पुलिसकर्मी इसका इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। इसका सही तरीके से इस्तेमाल नहीं होने से करोड़ों के इंटरसेप्टर वाहन बेकार पड़े हैं। रांची की बात की जाए, तो वर्तमान में दो इंटरसेप्टर वाहन हैं। दोनों में स्पीड मापने वाले यंत्र भी लगे हैं। लेकिन यह किसी काम के नहीं हैं। सड़कों पर इंटरसेप्टर वाहन सिर्फ घूमती हुई नजर आती है।इंटरसेप्टर वाहन पर स्पीड गन कैमरा लगा रहता है। जो अपने आसपास में तेज गति से गुजरने वाले वाहनों की स्पीड को कैच कर लेता है। यदि स्पीड से ज्यादा वाहन की गति हुई, तो वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। इसमें ऑटोमेटिक चालान कट जाता है। इसके अलावा तेज गति से वाहन चलाने वालों के खिलाफ उनके रजिस्टर्ड मोबाइल पर यह मैसेज भी भेज दे दिया जाता है। जिसमें लिखा होता है कि आपने वाहन को काफी तेज गति से चलाया है। इसलिए फाइन भरना होगा। अगर यह गलती तीन बार हो जाती है, तो उनका ड्राइविंग लाइसेंस भी कैंसल किया जा सकता है।

